हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • रविवार • 23.03.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 238 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### 113 साल का हुआ बिहार, राष्ट्रपति एवं पीएम ने दीं शुभकामनाएं

**पटना :** बिहार का आज यानि शनिवार को स्थापना दिवस है। बिहार आज 113 साल का हो गया। बिहार दिवस को लेकर केन्द्र से लेकर राज्य ने मंत्रियों ने शुभकामनाएं दी हैं। पटना के गांधी मैदान में बिहार दिवस को लेकर भव्य आयोजन भी किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित तमाम नेताओं ने शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बिहार के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि वे अपनी प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के बल पर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देते रहेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा कि बिहार दिवस पर राज्य के सभी निवासियों को मैं हार्दिक बधाई देती हूं। बिहार की धरती प्राचीन काल से ही ज्ञान और विकास का केंद्र रही है। मेरा विश्वास है कि बिहार के निवासी अपनी प्रतिभा, दृढ़ संकल्प तथा परिश्रम के बल पर विकसित बिहार और विकसित भारत के निर्माण में अपना भरपूर योगदान देते रहेंगे।

### डीजीजीआई ने 357 अवैध ऑनलाइन गेमिंग वेबसाइट को ब्लॉक किया

**नई दिल्ली :** सरकार ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शुरूआत से पहले अवैध ऑफशोर ऑनलाइन मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म पर सख्त कार्रवाई की है। वस्तु एवं सेवा कर खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने 357 वेबसाइट और यूआरएल को ब्लॉक कर दिया है, जबकि 700 से अधिक संस्थाओं को जांच के दायरे में रखा है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि जीएसटी खुफिया अधिकारियों ने विदेश से संचालित अवैध ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों की 357 वेबसाइटों को ब्लॉक कर दिया है, जबकि 700 से अधिक संस्थाओं को जांच के दायरे में रखा है। इसके साथ ही करीब 2,400 बैंक खाते जब्त किए हैं। मंत्रालय ने जनता को विदेशी गेमिंग मंचों से जुड़ने के खिलाफ आगाह भी किया है।

### दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे 18 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** राजधानी में दक्षिण दिल्ली जिला पुलिस ने यहां अवैध रूप से रह रहे 18 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 23 मतदाता पहचान पत्र, 19 पैन कार्ड , 17 आधार कार्ड, 1 सीपीयू, 11 जन्म प्रमाण पत्र और 6 खाली मतदाता पहचान पत्र बरामद हुए हैं। यहां पुलिस मुख्यालय में आज एक प्रेस वार्ता में डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि पकड़े गए इन 18 बांग्लादेशियों में 6 को एफआरआरओ के माध्यम से बांग्लादेश भेज दिया गया है। आठ बांग्लादेशी पुलिस की गिरफ्त में हैं जबकि चार से पूछताछ चल रही है। उनसे पूछताछ में कुछ अन्य खुलासे संभव हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मोहम्मद ज्वेल इस्लाम, मोहम्मद आलमगीर, मोहम्मद लतीफ खान, मोहम्मद नदीम शेख, मोहम्मद मिजानुर रहमान, रबीउल पुत्र जहांगीर हुसैन, मोहम्मद रेजाउल और कमरुज्जमां के रूप में हुई है।

## आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी का संरक्षण बेहद जरूरी : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विश्व जल दिवस पर कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी का संरक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि जल सभ्यताओं की जीवनरेखा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर जल संरक्षण का आह्वान करते हुए लिखा, विश्व जल दिवस पर हम जल संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। जल सभ्यताओं की जीवनरेखा रहा है और इसलिए भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे संरक्षित करना अधिक महत्वपूर्ण है।



**इस वर्ष विश्व जल दिवस की थीम- ग्लेशियर संरक्षण**

उल्लेखनीय है कि इस बार 2025के विश्व जल दिवस की थीम-ग्लेशियर संरक्षण है। यह स्थापित अवधारणा है कि ग्लेशियर (बर्फ के पहाड़) दुनिया भर में साफ पानी को बनाए रखने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। इसलिए इनका संरक्षण जरूरी है। ग्लेशियर हमें पीने का पानी, खेती और नदियों के लिए पानी देते हैं। दुर्भाग्य से जलवायु परिवर्तन की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। अगर इन्हें बचाया नहीं गया तो आने वाले दिनों में पानी की बड़ी समस्या हो सकती है।

**रियो डी जनेरियो पृथ्वी सम्मेलन में हो चुकी हैं गूंज**

विश्व जल दिवस मनाने का विचार 1992 में संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में आयोजित रियो डी जनेरियो पृथ्वी सम्मेलन में सामने आया था। सम्मेलन में जल संरक्षण के प्रति वैश्विक जागरुकता बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की गई। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसी साल 22 दिसंबर को एक प्रस्ताव पारित किया। इसमें हर वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। अगले साल पहली बार विश्व जल दिवस मनाया गया था।

**धरती पर सिर्फ 2.5 फीसद साफ पानी**

धरती का करीब 71 फीसदा हिस्सा पानी से ढका हुआ है। मगर इसका 97.5 प्रतिशत हिस्सा खारा पानी है। यह पानी समुद्रों में है। इसका पीने या रोजमर्रा के काम के लिए इस्तेमाल नहीं हो सकता। तथ्य यह है कि इनसान के उपयोग के लिए सिर्फ करीब 2.5 फीसदी साफ पानी ही बचता है। अफसोस यह है कि मानवजनित गलतियों (प्रदूषण, जल की बबार्दी और जलवायु परिवर्तन) के कारण यह लगातार घट रहा है।

## आदिवासी संगठनों का 'रांची बंद' असरदार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सिरमटोली के पास बन रहे फ्लाईओवर के रैंप निर्माण के विरोध में आदिवासी संगठनों ने शनिवार को रांची बंद का आह्वान किया। सुबह से ही प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए और विभिन्न स्थानों पर सड़क जाम कर दिया। रांची के अरगोड़ा, लोवाडीह, रातू के तिलता, पंडरा महावीर मंदिर सहित कई जगहों पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। रातू के तिलता में सड़क जाम के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिसमें एक एंबुलेंस भी फंस गई। पुलिस ने हस्तक्षेप कर एंबुलेंस को बाहर निकाला। आन्दोलन करने वालों का कहना है कि सिरमटोली सरना स्थल के पास रैंप का निर्माण कर सरना स्थल को छोटा कर दिया गया है। यहां पर सरहुल जुलूस में हजारों लोग शामिल होते है।



वहीं, रांची बंद की वजह से राजधानी की सड़कों पर कम वाहन दिख रहे हैं। शहर में ऑटो का परिचालन बंद है। कहीं-कहीं इक्के दुक्के ऑटो नजर आ रहे हैं। कार और मोटरसाइकिल भी कम चल रहे हैं। मेन रोड, सर्कुलर रोड, कांके रोड, हरमू रोड, कोकर रोड, बूटी मोड़ से सुजाता चौक रोड, डोरंडा, हिनू सहित अन्य इलाकों में कुछ दुकानें भी नहीं खुली हैं। दूसरी ओर उपद्रवियों से निपटने के लिए शहर के सभी चौक-चौराहों पर दंडाधिकारी के साथ अतिरिक्त पुलिस बल के जवान तैनात हैं। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं। साथ ही चौक-चौराहे पर तैनात जवान को ब्रीफ भी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आदिवासी संगठन ने फ्लाईओवर के रैंप के विरोध में 22 मार्च को रांची बंद की घोंषणा कर दी थी। इसको लेकर शुक्रवार शाम में संयुक्त आदिवासी संगठनों ने जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अलबर्ट एक्का चौक तक मशाल जुलूस निकाला था। संयुक्त रूप से कहा गया था कि शनिवार का रांची बंद ऐतिहासिक होगा।

## परिसीमन का आधार सिर्फ जनसंख्या नहीं : हेमन्त सोरेन

### स्टालिन की बैठक का किया समर्थन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने तमिलनाडु सीएम स्टालिन की परिसीमन पर बैठक का समर्थन किया है। साथ ही कहा है कि परिसीमन के माध्यम से सिर्फ जनसंख्या के आधार पर विधानसभा या लोकसभा सीटों को सीमित करना निष्पक्ष और न्यायसंगत नहीं हो सकता है। सोशल मीडिया एक्स पर एक ट्विट में हेमन्त सोरेन ने कहा, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थिरु एमके स्टालिन द्वारा आज परिसीमन से संबंधित मुद्दे को लेकर बुलायी गयी बैठक का मैं स्वागत करता हूं। परिसीमन सिर्फ जनसंख्या के आधार पर सीमित करना निष्पक्ष और न्यायसंगत नहीं हो सकता है। बता दें कि झारखंड में जारी बजट सत्र के दौरान भी विधानसभा में परिसीमन का मुद्दा उठाया गया है।

## एक माह के अंदर बनेगी अनुसूचित जाति आयोग की नियमावली : चमरा लिंडा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने सदन को आश्वस्त किया है कि एक महीने के भीतर अनुसूचित जाति आयोग का गठन कर लिया जाएगा। इसकी नियमावली भी तैयार कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि पूर्व की नियमावली में विसंगतियां थी। इस कारण उसे फिर से बनाया जा रहा है। संविधान की विभिन्न धाराओं के मद्देनजर नियमावली बनाने में थोड़ा वक्त लग रहा है। उन्होंने अनुसूचित जाति के विधायकों से नियमावली को लेकर सुझाव देने का भी आग्रह किया। इससे पूर्व भाजपा विधायक मंजू देवी ने आयोग का गठन नहीं होने का सवाल खड़ा किया था। उनका कहना था कि 2020 के बाद से आयोग का गठन नहीं हुआ है। पांच साल से आयोग का गठन क्यों नहीं हो रहा है।

**झारखंड में होल्डिंग टैक्स की विसंगतियां दूर की जाएंगी**

सरकार ने शनिवार को विधानसभा में आश्वासन दिया कि राज्य में होल्डिंग टैक्स व फ्लैट के निबंधन की दर संबंधी विसंगतियों को दूर किया जाएगा। खासकर कोडरमा जिले के प्रभारी मंत्री रामदास सोरेन ने सदन को बताया कि एक अगस्त से पहले बैठक बुलाकर कोडरमा जिले की होल्डिंग टैक्स और फ्लैट निबंधन संबंधी विसगतियों को अवश्य दूर कर लिया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने भी विसंगतियों को दूर करने पर गंभीरता से प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया। इससे पहले भाजपा विधायक नीरा यादव अपने ध्यानाकर्षण के माध्यम से, खासकर कोडरमा जिले में फ्लैट और जमीन के होल्डिंग टैक्स एवं निबंधन दर में अत्यधिक वृद्धि किए जाने का सवाल उठाया। उनका कहना था कि हजारीबाग, धनबाद सहित अन्य जिलों में सर्किल रेट पर निर्धारित होल्डिंग टैक्स कोडरमा की अपेक्षा बहुत कम है। इसको लेकर कोडरमा में आंदोलन भी हो रहे हैं। उनका यह भी कहना था कि पिछले 5 वर्षों से वह सदन में कई बार इस विषय को उठा चुकी है। हर बार सरकार डीसी की अध्यक्षता में बैठक बुलाकर निदान कर लेने का आश्वासन देती है। लेकिन यह आश्वासन कभी पूरा नहीं हो रहा है। इसके जवाब में प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस बार एक अगस्त से पूर्व बैठक होगी और निदान निकालने का प्रयास कर लिया जाएगा।

## भ्रष्टाचार नहीं भ्रष्टाचारियों को बचाने को लड़ रहे हैं मोदी : कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बात भ्रष्टाचार मिटाने की करते हैं लेकिन गोवा में हुए सैकड़ों करोड़ रुपए के घोटाले से साफ हो गया है कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ नहीं बल्कि भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए लड़ रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि श्री मोदी कहते हैं कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं लेकिन सच यह है कि उनकी लड़ाई भ्रष्टाचारियों के लिए है और गोवा में हुआ भारी भ्रष्टाचार उनकी इस खोखली बात का एक प्रमुख उदाहरण है। गोवा में जनता के पैसे में 304.24 करोड़ रुपये का बड़ा घोटाला हुआ है जिसमें चहते निजी क्षेत्र के लोगों को बोली लगाए बिना 20 से अधिक परियोजनाओं का काम दिया गया। उन्होंने कहा, गोवा को लूट लिया गया है। 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा' एक मृगतृष्णा मात्र है।

### 'मेक इन इंडिया' बना केवल प्रचार का माध्यम : खरगे



**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया को महज प्रचार का एक बेहतर माध्यम बताते हुए कहा है कि एक दशक पहले सत्ता में आने के लिए मोदी ने जो लुभावने वादे किए थे उनमें से कोई भी पूरा नहीं हुआ है। खरगे ने कहा,मोदी सरकार का 'मेक इन इंडिया' डिलीवरी देने के बजाय प्रचार को महत्व देने का एक बेहतरीन उदाहरण है। वर्ष 2014 के अपने घोषणापत्र में, भाजपा ने भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए 10 वादे किए थे, जिनमें से कोई भी पूरा नहीं हुआ। विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार और जीडीपी में विनिर्माण की हिस्सेदारी में भारी गिरावट के साथ स्थिति और भी खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र-पीएसयू बेचे जा रहे हैं। एमएसएमई पीड़ित हैं। नौकरशाही की बाधाएं दिन-प्रतिदिन की दिनचर्या बन गई हैं।

भाजपा ने गोवा में 'मिनी-अदानियों' का एक गिरोह बनाया है, जो बड़े और अच्छे ठेके देने में हेराफेरी कर नियमों का उल्लंघन करते हैं। केंद्रीय सतर्कता आयोग-सीवीसी के हर नियम को तोड़ रहे हैं। गोवा में सत्ता हथियाने के लिए भाजपा ने पैसे का इस्तेमाल किया है और अब पिछले दरवाजे से नियमों को तोड़कर गोवा के लोगों की मेहनत की कमाई लूटी जा रही है। वहां कोई ईडी, सीबी, आईटी, सीवीसी नहीं है-जो इन ठेकों कीजांच करेगा क्योंकि ये 'मिनी-अडानी राज्य के प्राकृतिक संसाधनों को तबाह कर भाजपा को सत्ता सौंपने की कीमत वसूल रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा गोवा सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत एक विक्रेता को 47.18 करोड़ रुपए की स्मार्ट वाटर सप्लाई परियोजना प्रदान की है। लोक निर्माण विभाग ने बिना किसी पूर्व वित्तीय मंजूरी के प्रमुख सड़क सुधार परियोजनाओं को अंजाम दिया। गोवा मंत्रिमंडल से पारित प्रस्ताव के अनुसार पीडब्ल्यूडी के कुल 148.66 करोड़ रुपए का काम है जबकि क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक करने में लगभग 32.16 करोड़ की लागत आई है। जब ईडी एक दशक के दौरान देशभर में राजनेताओं के खिलाफ 193 मामले दर्ज कर सकता है तो सरकार बताए कि गोवा में भ्रष्टाचार को लेकर कितने मामले दर्ज हुए हैं। उन्होंने कहा कि पॉडकास्ट के माध्यम से पीआर-होड़ में लगे मोदी, भ्रष्टाचार और लीकेज के खिलाफ लड़ाई की बात पर जोर दे रहे हैं और दूसरी तरफ भाजपा के नेतृत्व वाली प्रमोद सावंत सरकार की नाक के नीचे बड़े पैमाने पर हो रहे भ्रष्टाचार को अनदेखा किया गया है।

## भाजपा नेता ने अपने तीन बच्चों की गोली मारकर की हत्या, पत्नी की हालत नाजुक

एजेंसी

**सहारनपुर :** सहारनपुर के कस्बा गंगोह में एक भाजपा नेता ने अपनी पत्नी और तीन बच्चों को अपनी लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार दी। इससे एक बेटी और एक बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पत्नी और एक बेटे को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान दूसरे बेटे की भी मौत हो गई, जबकि पत्नी अभी भी जीवन मौत से संघर्ष कर रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित भाजपा नेता को हिरासत में लेकर शवों को कब्जे में लेते



हुए पोस्टमार्टम भेजकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। घटना कस्बा गंगोह के गांव सांगाठेड़ा की है। यहां के रहने वाले भाजपा नेता योगेश रोहिला ने शनिवार को घर के अंदर ही 31 वर्षीय पत्नी नेहा, 11 साल की बेटी श्रद्धा, चार वर्षीय शिवांश उर्फ शिवा और छह वर्षीय देवांश को अपनी लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार दी। सभी के सिर पर गोली मारी गई और श्रद्धा व शिवांश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद हत्यारोपित भाजपा नेता योगेश ने खुद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इस हृदय विदारक घटना को देख दंग रह गई और फौरन गंभीर रुप से घायल पत्नी नेहा और देवांश को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां इलाज के दौरान दूसरे बेटे देवांश ने भी दम तोड़ दिया। पत्नी की हालत नाजुक बनी हुई है। गांव में घटी इस हृदय विदारक घटना से लोगों में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। वहीं हत्यारोपित भाजपा नेता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और शवों को पोस्टमार्टम भेजते हुए विधिक कार्रवाई में जुट गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह साजवान ने बताया हत्यारोपित योगेश ने घटना के बाद खुद पुलिस को जानकारी दी। उसने इस वारदात को घर के अंदर ही अंजाम दिया है। पुलिस ने वह हथियार बरामद कर लिया है, जिससे गोली मारी गई है। हत्या के कारणों की जांच की जा रही है और साक्ष्य एकत्र कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल प्रथम दृष्टया ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार हत्यारोपित मानसिक तनाव में चल रहा था और पत्नी पर अवैध संबंध को लेकर शक कर रहा था। बताया जाता है कि उसकी दो शादियां हुई थीं।

## राज्य के विकास कार्यों में नहीं होगी धन की कमी : सुदिव्य सोनू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में वित्तीय मुद्दों पर चर्चा के दौरान मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि केंद्र और निजी उपक्रमों की बकाया राशि की गणना कर रिर्पोट सार्जनिक की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह बकाया राशि 1.36 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। इस बकाया को प्राप्त करने के लिए सदन से, वित्त मंत्री और मुख्यमंत्री के माध्यम से भी प्रसास किया गया। केंद्र का सहयोग नहीं मिलेगा तो परेशानी होगी। मंत्री सदन में विधायक कल्पना सोरेन के सवाल का जवाब दे रहे थे। कल्पना ने पूछा था कि 2009 से 2014, 2014-2019 और 2019-20 के दौरान कितनी ऋण की प्राप्ति हुई। इस पर मंत्री ने कहा कि जीएसडीपी का 3.5 से भी नीचे हैं। 2.27 ऋण लिया है। कल्याणकारी योजनाओं के लिए पैसे की कमी नहीं है। अभी और 20 हजार करोड़ का ऋण ले सकते हैं। मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2008-09 से 2013-14 तक 20,825.63 करोड़, वित्तीय वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक 42,956.46 करोड़ तथा वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान 9593.12 करोड़ ऋण प्राप्त हुआ है। वर्त्तमान वित्तीय वर्ष में महालेखाकार के मासिक लेखा के अनुसार जनवरी, 2025 तक 2082.78 करोड़ रुपये ऋण प्राप्त है। वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के शेष दिनों में एवं आगामी वित्तीय वर्षों में राज्य सरकार एफआरबीएम एक्ट के अधीन रहते हुए आवश्यकतानुसार ऋण प्राप्त करेगी।

## एक नजर

### बस स्टैंड व सार्वजनिक शौचालय बनाने की मांग विस सत्र के दौरान गूंजा

**सरिया (गिरिडीह) :** शनिवार को बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर सरिया जैसे बड़े व्यावसायिक मंडी में कहीं पर भी बस स्टैंड नहीं होने के कारण आम लोगों को होने वाली समस्या से अवगत कराया। साथ ही कहा कि सरिया अनुमंडल मुख्यालय होने के साथ-साथ नगर पंचायत अंतर्गत शहरी क्षेत्र में आता है। लेकिन अभी तक बस स्टैंड के अलावा सार्वजनिक शौचालय की भी व्यवस्था नहीं की गई है । जिसके कारण आम लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बस स्टैंड नहीं रहने के कारण सरिया के व्यस्ततम सड़कों पर ही बड़े-बड़े गाड़ियों, बसों को खड़ा कर यात्री अपनी यात्रा करने के लिए विवश है। वही सार्वजनिक शौचालय नहीं होने के कारण खरीदारी करने या विभिन्न कामों से सरिया पहुंचने वाले महिला यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । अतः सरिया झंडा चौक के समीप पथ निर्माण विभाग के खाली पड़े स्थान पर सार्वजनिक शौचालय के साथ-साथ बस स्टैंड निर्माण करने की मांग बगोदर विधायक ने किया है।

### शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग लाखों का नुकसान

**चौपारण :** चौपारण पेट्रोल पंप के समीप स्थित पप्पू सिंह के घर में बीती रात शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पूरे घर का सामान जलकर राख हो गया। इस भयावह घटना में परिवार की सारी संपत्ति नष्ट हो गई, लेकिन राहत की बात यह रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। आग लगने की सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि बिनोद कुमार सिंह और स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का भरपूर प्रयास किया गया, लेकिन तब तक आग से घर पूरी तरह जल चुका था। आग इतनी भयंकर थी कि किसी भी सामान को बचाया नहीं जा सका। भुक्तभोगी पप्पू सिंह ने बताया कि आग लगने से उनका पूरा परिवार सड़क पर आ गया है। इस हादसे में बहुमूल्य सामान जलकर नष्ट हो गया, जिसमें सोने की बालियां (4 नग), सोने की नथनी (4 नग), मंगलसूत्र (2 नग), चांदी की पायल (2 नग, 14 भर) परिवार के सभी कपड़े, लगभग एक क्विंटल चावल, आटा, दाल, सब्जियां, बच्चों के विद्यालय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जमीन के दस्तावेज, केवाला, फर्नीचर—गोदरेज, पलंग, कुर्सी, गद्दे, तोषक आदि। इस हादसे के बाद पीड़ित परिवार पूरी तरह से बेसहारा हो गया है।

### मुखिया लीलावती देवी ने स्कूली बच्चों के बीच किया साइकिल वितरण



**बड़कागांव :** बड़कागांव झारखंड सरकार कल्याण विभाग द्वारा संचालित उन्नति का पहिया कार्यक्रम योजना के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिश्रामपुर में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के 26 छात्र-छात्राओं के बीच प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि मुखिया लीलावती देवी के हाथों साइकिल का वितरण किया गया। मुखिया लीलावती देवी ने कहा कि सरकार की यह काफी अच्छी योजना है। बच्चे साइकिल मिलने पर बहुत खुश है। बच्चे साइकिल से आगे की पढ़ाई के लिए स समय विद्यालय पहुंचेगे।मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से मुखिया लीलावती देवी , मुखिया प्रतिनिधि अजीत कुमार , प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ममता कुमारी, सचिव दिनेश कुमार, उपाध्यक्ष देवकी प्रजापति, संयोजिका बबीता देवी, पूर्व उप मुखिया नागेश्वर यादव, सदस्य नारायण महतो उपस्थित थे।

# एकसूत्र में पिरोकर ही समाज में सशक्त हो सकेंगे कलचूरी समाज के लोग : रविन्द्र जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** भारतीय कलचुरी जायसवाल संवर्गिये महासभा की महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 22 और 23 मार्च 2025 को हजारीबाग के इमलीकोठी स्थित रिबन और बेल्स बैंक्वेट हॉल सभागार में आयोजित की गई है। इस बैठक में देशभर के विभिन्न राज्यों से समाज के कार्यकारिणी सदस्य महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, दिल्ली सहित 14 से अधिक राज्यों से प्रतिनिधिमंडल शामिल हुए। बैठक की मेजवानी झारखंड कलवार कलचुरी जायसवाल संवर्गिये महासभा के हजारीबाग जयसवाल समाज संरक्षक ब्रजकिशोर जायसवाल के नेतृत्व में हुई बैठक का उद्देश्य समाज के उत्थान, एकजुटता, शिक्षा, रोजगार और अन्य सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नेताओं, बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ बैठक के दौरान विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं, शिक्षा को बढ़ावा देने की पहल, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, महिला सशक्तिकरण तथा समाज की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को मजबूत करने के लिए नीतियों पर चर्चा की गई भारतीय कलचुरी जायसवाल संवर्गिये महासभा समाज की एकता एवं विकास के प्रति समर्पित है और इस बैठक के माध्यम से समाज के सभी वर्ग सुडी, व्याहुत, जायसवाल, खरदाहा, जैसार, सदस्यों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जाएगा। शनिवार की सभा में उत्तर प्रदेश के राजस्व मंत्री रवीन्द्र जायसवाल के साथ, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल, हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, गोड्डा के पूर्व विधायक अमित कुमार मंडल, दिल्ली से आनंद साहू, बद्री भगत, पंजाब से हरविंदर अहलूवालिया, रमेश अहलूवालिया, शीशपाल अहलूवालिया, चांद प्रकाश शिवहरे, शंभु जयसवाल, सुबोध जयसवाल, सूरज जयसवाल, बादल बाबू, बीरेंद्र राय, विद्या जयसवाल, सीता जयसवाल, रीना जयसवाल, हजारीबाग जायसवाल समाज के दिलीप जयसवाल, राजेश जयसवाल, सिकंदर चौधरी, ओमप्रकाश चौधरी, अजय जायसवाल दिल्ली, हुकुम जायसवाल, इंदौर से अर्चना जायसवाल, सुषमा जायसवाल, पर्मिला राय, आशा राय, राकेश जयसवाल, मुन्ना जायसवाल रीवा, ब्रजकिशोर जायसवाल की धर्मपत्नी विद्या जायसवाल, युवा करण जायसवाल सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए । मौके पर समाज के बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के राजस्व मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि हमारे समाज में विभिन्न पदनाम के लोगों को एकसूत्र में पिरोकर ही अपने को स्थापित कर सकेंगे । सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए जरूरी है कि हम सनातनी बंटे नहीं अन्यथा जब सनातन ही नहीं रहेगा तो कलचुरी समाज कैसे रहेगा। हमें अपनी राजनीतिक, सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक राजनीतिक चेतना मंच का गठन कर राष्ट्रीय स्तर में बंटे हुए लोगों को एकजुट करना होगा, उच्चस्तरीय शिक्षा के साथ प्रतियोगिता परीक्षा के क्षेत्र में अपने बच्चों को आगे लाना होगा तभी हमारा सर्वांगीण विकास संभव होगा।

## लेखक मयंक मुरारी ने सीएम हेमंत सोरेन से की मुलाकात



प्रत्युष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा/रांची :** झारखंड के लेखक और चिंतक डॉ मयंक मुरारी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की है। इस मुलाकात के दौरान डॉ मयंक ने देश के आदिवासी शूरवीरों पर लिखी अंग्रेजी में किताब दी ट्राइब्ल ब्रेभहार्ट की कॉपी सौंपी। यह किताब डॉ मयंक मुरारी के साथ अचल प्रियदर्शी ने लिखी है। इसमें देश के 90 उन शूरवीरों के अदम्य साहस एवं वीरता का उल्लेख है, जिन्होंने देश की आजादी में योगदान दिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के विकास में यहां के लोगों की सहभागिता से ही सह अस्तित्व का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि ऐसा और भी कार्य होना चाहिए, जिससे देश में आदिवासी समाज के अमूल्य योगदान को समाज के समक्ष लाया जा सके। यह किताब हिंदी और अंग्रेजी दो भाषा में लिखी गयी है जिसे प्रभात प्रकाशन ने छापा है। दोनों लेखक के एक दर्जन से अधिक किताबें प्रकाशित हो चुकी है। डॉ मयंक मुरारी देश के विभिन्न अखबारों में सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर साप्ताहिक लेखन का कार्य भी करते है। इस मुलाकात के अवसर पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप भी उपस्थित थे।

## सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए सभी पक्षों के साथ समन्वय : मुन्ना सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग में ऐतिहासिक संत स्टीफन चर्च की बाउंड्री और वहां बने निर्माण को लेकर उत्पन्न विवाद के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल शुरू हो गई है। झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष प्रनय जी, ज्योति सिंह मथारू और बरकत अली ने चर्च का दौरा कर मामले का संज्ञान लिया और समुदाय के लोगों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। शनिवार को हुई इस महत्वपूर्ण यात्रा में आयोग के प्रतिनिधियों ने चर्च परिसर का निरीक्षण किया और स्थानीय नागरिकों से चर्च की स्थिति और प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है और सभी संबंधित पक्षों के साथ समन्वय स्थापित कर न्यायसंगत समाधान निकालने के लिए प्रयासरत है। इस मुद्दे को लेकर हजारीबाग परिसदन भवन में चर्च कमेटी, जिला प्रशासन और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी पक्षों ने चर्च की ऐतिहासिकता और समुदाय की भावनाओं का सम्मान करते हुए सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने पर चर्चा की। कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने भी चर्च पहुंचकर स्थानीय लोगों को समर्थन दिया और आश्वासन दिया कि उनके अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी हरसंभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा, हम एकता और न्याय में विश्वास रखते हैं, और इस मामले को सभी उचित मंचों पर उठाया जाएगा ताकि समाधान निकले और किसी भी समुदाय के अधिकारों का हनन न हो। अल्पसंख्यक आयोग ने मामले को सरकार के समक्ष रखने का आश्वासन दिया है, जिससे चर्च से जुड़े लोगों को न्याय मिलने की उम्मीद बढ़ी है। इस पहल से हजारीबाग में सामुदायिक सौहार्द को बनाए रखने में मदद मिलेगी और न्याय की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## पुलिस को मिली कामयाबी, दो मामलों में आठ अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस के लिए शनिवार का दिन खास रहा हजारीबाग पुलिस में आठ संदिग्ध अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जिसमें पांच उरीमारी थाना और तीन की गिरफ्तारी बड़कागांव थाना क्षेत्र से हुई है। हजारीबाग के उरीमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत कार्तिक माइनिंग कंपनी में 4 मार्च की रात हाईवा और दो राउंड एयर फायरिंग मामले में पांच अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। अपराधियों ने वहां पर्चा फेक कर यह भी लिखा था कि राहुल दुबे के बिना मैनेज किए हुए काम नहीं चलेगा। राहुल दुबे कभी अमन साहू गिरोह का सदस्य रह चुका है। इस मामले को लेकर हजारीबाग पुलिस ने तहकीकात करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हजारीबाग एसपी को गुप्त सूचना मिली थी न्यू बिरसा प्रोजेक्ट कांटा घर के पास अज्ञात अपराधी सक्रिय है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए लाल रंग की मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन व्यक्ति को देखा गया। पुलिस को देखकर वे भागने लगे। इसी क्रम में मोहम्मद वारिस और मोहम्मद एजाज को गिरफ्तार किया गया। तीसरा राहुल रविदास भागने में सफल रहा। इसी मामले में तीन अन्य आरोपी मोहम्मद जियारत,मोहम्मद सलामत और सुबोध कुमार को गिरफ्तार किया गया है। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने प्रेसवार्ता को जानकारी देते हुए कहा कि वारिस अंसारी की तलाशी लेने के क्रम में एक लोडेड देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस एक मोबाइल बरामद किया गया। तीन आरोपियों की गिरफ्तारी बड़कागांव थाना क्षेत्र से हुई है हजारीबाग पुलिस सूचना मिली थी कि बड़कागांव के भगवान बागी स्थित कर्बला के पास कुछ लोग अवैध रूप से ब्राउन शुगर की खरीदारी कर रहे हैं। इस सूचना के आलोक में टीम गठित कर लाल मोहम्मद उर्फ पप्पू उम्र लगभग 56 वर्ष बड़कागांव निवासी और युगल महतो उम्र लगभग 55 वर्ष बड़कागांव निवासी को ब्राउन शुगर के पास साथ गिरफ्तार किया गया।

## अवैध बालू के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली :** उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजन्त्री अवैध बालू उठाव की लगातार मिल रही शिकायतों पर खनन टास्क फोर्स के सदस्यों के द्वारा अवैध खनन परिवहन को रोकने के लिए श्याम नगर, झाबरी पेट्रोल टंकी के पास खनिज लदे वाहनों का परिवहन चालान का जाँच किया गया। जिसमें जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा अवैध बालू खनन परिवहन की प्राप्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची उत्कर्ष कुमार को स्पष्ट निर्देश देते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया जिसपर उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी रांची अबु हुसैन ने अपनी दल बल के साथ रात्रि को निरीक्षण शुरू कर दिया जिसमें गुरुवार की रात्री लगभग 9:50 बजे जिला खनन टास्क फोर्स के सदस्यों के द्वारा अवैध खनन परिवहन को रोकने के लिए श्याम नगर, झाबरी पेट्रोल टंकी के पास खनिज लदे वाहनों का परिवहन चालान का जाँच किया जा रहा था जाँच करने के क्रम में बालू लदा हाईवा सं० जेएच01डीएन/0894 जो कि सिल्ली से सोनाहातु की ओर जा रहा था परिवहन चालान का जाँच करने के लिए रोकने के लिए ईशारा किया गया तो वाहन चालक वाहन को नहीं रोका और जान बुझकर हाईवा वाहन चालक हाईवा को लेकर आगे सोनाहातु की ओर भाग गया। जिसको लेकर वाहन सं० जेएच01डीएन/0894 में अवैध बालू लदा था। वाहन चालक के द्वारा सरकारी काम में बाधा उत्पन्न किया गया बालू एक लघु खनिज एवं बिना परिवहन चालान के बालू (खनिज) का परिवहन करना झारखण्ड लघु खनिज समानुदान नियमावली 2004 (यथासंशोधित) के नियम 54 एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 4 (1) अ एवं 21 एवं झारखंड प्रोविजन का इलीगल मीनिंग ट्रांसपोर्टेशन स्टोरेज अधिनियम 2017 के नियम 9 एवं 13 का उल्लंघन एवं दण्डनीय अपराध है।

## खाद्य सुरक्षा से संबंधित एक दिवसीय ट्रेनिंग एवं सर्टिफिकेशन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** स्वास्थ्य चिकित्सा-शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड राँची के निदेशानुसार उपायुक्त नैन्सी सहाय एवं अभिहित अधिकारी-सह- अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी हजारीबाग के मार्गदर्शन में समाहरणालय सभाकक्ष में खाद्य सुरक्षा से संबंधित एक दिवसीय ट्रेनिंग एवं सर्टिफिकेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ज्ञानसीटी एडुकेशनल ट्रस्ट के मास्टर ट्रेनर श्री अनुप कुमार तिवारी के द्वारा रेस्टोरेंट, कैट्सर्स, आँगनबाडी की सेविका, मध्याह्न भोजन प्रभारी/आवासीय विद्यालय के वार्डन को खाद्य सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। ट्रेनिंग के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा मौजुद थीं। इस अवसर पर उन्होने कहा कि आँगनबाड़ी केन्द्रो एवं मध्याह्न भोजन/आवासीय विद्यालयों में ट्रेनिंग के द्वारा फूड प्वाइजनिंग की संभावना को समाप्त किया जा सकता है। ट्रेनिंग में प्रतिमा कुमारी, सीडीपीओ, हजारीबाग ग्रामीण, सवित्री देवी, सीडीपीओ, कटकमसांडी, नीलू रानी, सीडीपीओ, ईचाक एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग, प्रकाश चन्द्र गुग्गी मौजुद थे। ट्रेनिंग के दौरान लोगो को फोर्टिफाईड फूड एवं FSSAI की महत्वकांक्षी योजनाएँ यथा ईट राइट इंडिया एवं आज से थोडी कम, तेल, चीनी एवं नमक के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान 150 से ज्यादा लोगों को खाद्य सुरक्षा से संबंधित ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम में संतोष पाठक, जिला प्रबंधक ज्ञानसीटी एडुकेशनल ट्रस्ट विकाश शर्मा एवं सुरज कुमार, डाटा इण्ट्री ऑपरेटर, खाद्य सुरक्षा विभाग हजारीबाग का सहयोग प्रदान किया गया।


## संक्षिप्त खबरें

### चलंत कंप्यूटर वाहन के माध्यम से सिखाए जाएंगे कंप्यूटर



**सरिया (गिरिडीह):** कंप्यूटर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लायंस क्लब इंटरनेशन फाउण्डेशन के द्वारा सरिया प्रखंड में चलंत कंप्यूटर वाहन संचालित होने लगी है। जिसमें कई कंप्यूटर व लैपटॉप लगे हुए हैं । इसके माध्यम से निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा छात्र-छात्राओं को दिलाया जाता है। वहां में सुसज्जित कंप्यूटर व लैपटॉप से कंप्यूटर से संबंधित फाउंडेशन कोर्स चलाए जा रहे हैं। इस संबंध में राजेश कुमार जैन ने कहा कि सरिया व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा से दक्ष करने के लिए प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा शिक्षा प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा की यह एजुकेशन ऑन व्हीकल संस्था के द्वारा गिरिडीह जिले के तीन प्रखंडों में तीन चलंत कंप्यूटर वाहन भेजें गए हैं। वही पंकज अग्रवाल ने कहा कि एजुकेशन ऑन व्हीकल संस्था के माध्यम से यह संचालित है। जो लाइंस क्लब इंटरनेशनल फाऊंडेशन के सहयोग से चल रहा है। उन्होंने कहा कि 18 विद्यार्थियों को एक साथ एक बैच में एजुकेशन दिया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत संस्था के द्वारा प्रमाण पत्र भी निर्गत किया जाएगा। शनिवार को उक्त वाहन सरिया महाविद्यालय में पहुंचने पर विद्यार्थियों ने जोरदार स्वागत किया तथा हर्ष व्यक्त की। कई विद्यार्थियों ने पहले दिन कंप्यूटर शिक्षा ग्रहण की। इस मौके पर राजेश कुमार जैन, पंकज अग्रवाल, प्राचार्य डॉ संतोष कुमार लाल, प्रो अरुण कुमार, प्रो कार्तिक प्रसाद यादव समेत काफी संख्या में शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### महिलौंग के किसान अघनु की सफलता बना मिसाल



**अनगड़ा :** व्यक्ति के लगातार प्रयास का परिणाम सफलता होती है। इसके लिए नियोजित कार्य करना होता है। महिलौंग के किसान अघनु महतो अपने लगातार प्रयास से टाटीसिलवे क्षेत्र में प्रगतिशील किसान का मिसाल बन गये हैं। वह सब्जी और पशुपालन से सालाना पांच लाख रुपये कमाते हैं। इस कामयाबी का परिणाम है कि वे अपने संतान को अच्छी शिक्षा दे पा रहे हैं, जबकि वे खुद नौ कक्षा तक ही पढ़ाई कर पाये हैं। इस सफलता में उषा मार्टिन फॉउंडेशन के सहयोग की बात को वह विशेष रूप से बताते है, जो पिछले पांच सालों से उनके विकास यात्रा में सहयोगी रहा है। अघनु महतो बताते है कि मेंरा कुल जमीन तीन एकड़ है। जिसमें हम एक एकड़ जमीन पर सब्जी की खेती करते है और एक एकड़ 50 डिसमिल पर धान की खेती करते है। सब्जी की खेती के लिए एक एकड़ में टपक सिंचाई की व्यवस्था की गयी है। वह बताते है कि वर्ष 2021 में उषा मार्टिन फॉउन्डेशन के सुपरवाईजर के द्वारा खेती और पशुपालन से आमदानी कैसे किया जाए ? इसका प्रशिक्षण मिला। जमीन का मृदा जांच करायी, टपक सिंचाई के अलावा उन्नत किस्म के बीजों का उपयोग किया। इससे खेती में परिवर्तन दिखने लगा। अघनु महतो पिछले दो खेती से ही कुल 1.31 लाख की कमाई कर चुके हैं। वह कहते है कि मैं सालों भर मिश्रित खेती करता हूॅ। और इसके साथ पशुपालन भी करते है, जिससे मेरी आय चार से पॉच लाख रूपया आसपास होता है।

### जेएलकेएम पार्टी मजबूती संगठन विस्तार की बैठक आज



**अनगड़ा/धनबाद :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक माननीय जयराम महतो के दिशा निदेर्शानुसार पार्टी के मजबुतीकरण एवं सांगठनिक विस्तार हेतु आगामी रविवार पार्टी के धनबाद जिला कार्यालय एक कार्यसमिति की बैठक रखी गई है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के धनबाद नगर जिलाध्यक्ष शक्तिनाथ महतो ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारियों के दिशा निदेर्शानुसार संगठन की मजबूती के लिए सतत रुप सदस्यता महा अभियान प्रभावी रुप चलाया जा रहा है आगामी बैठक में पार्टी की सदस्यता अभियान की समीक्षा, भविष्य की रणनीति पंचायत प्रखंड और जिला स्तर पर संगठन विस्तार की रुपरेखा, पार्टी के आगामी कार्यक्रमों एवं झारखंडी खतियानी आंदोलनों की तैयारी आदि विषयों पर विचार-विमर्श और आवश्यक दिशा-निर्देश रणनिती तैयार किया जाएगा। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो ने कहा इतने कम समय में हमारे झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के द्वारा अपने स्थानीय रैयतों खतियानधारियों के हक अधिकार के लिए मानव श्रृंखला हो या साठ चालीस नाय चलतो या स्थानीय मजदूरों के हक के मुआवजे का आंदोलन जैसे क्रांतिकारी खतियानी आंदोलनों बदौलत झारखंड के बड़े स्थापित राजनीतिक पार्टियों को कड़े टक्कर देने का काम किया है हमारे झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बदौलत झारखंड में एक नया क्रांति का शुरूआत हुआ है।

### खेलो इंडिया पारा गेम्स मे सिल्ली की सुकृति सिंह साधेगी कांस्य पर निशाना



**सिल्ली :** सिल्ली 23 मार्च तक आयोजित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में चल रहे खेलो इंडिया पैरा गेम्स में कल बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी सिल्ली की सुकृति सिंह और भावना से कांस्य पदक के भाग लेंगे। वही पिछले 2024 में पंजाब में सीनियर राष्ट्रीय पारा तीरंदाजी प्रतियोगिता में रजत पदक जीत चुकी 2025 में राजस्थान में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय पारा तीरंदाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीती थी दुसरी ओर 2015 में सुकृति ने रोड एक्सीडेंट में अपना एक पैर खो दी है फिर भी हिम्मत नहीं हारी मां मीरा देवी कहती हैं की मेरी बेटी के लिए एकेडमी वरदान साबित हो रहा है एकेडमी के संचालक सुदेश और नेहा महतो के साथ साथ प्रकाश राम शिशिर महतो का आभारी हूं जिसके चलते मेरी बेटी अपना झारखंड राज्य का नाम रोशन कर रही है झारखंड की रिकॉर्व की पहली तीरंदाज है 22 जुलाई 2023 से बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी सिल्ली में प्रकाश राम और शिशिर महतो से निरंतर प्रशिक्षण ले रही है इससे पूर्व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मांडू से प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रशिक्षक सुचिता ने इंडियन राउंड से शुरूआत की थी यहां तक का शफर को पूरा करने में बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी सिल्ली के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो अध्यक्ष नेहा महतो का ही सोच से आज कई पारा तीरंदाज उभर कर सामने आ रहे है अभी तक एकेडमी से कई पारा तीरंदाज ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं कल के मेडल मैच के लिए खिलाड़ी और कोच ने शुभकामनाएं दी।

# दो गुटों के बीच झड़प, फायरिंग में तीन घायल, कई हिरासत में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के बेलदार मोहल्ले में शुक्रवार देर रात दो गुटों के बीच झड़प के बाद फायरिंग की घटना सामने आई है। इस घटना में तीन लोगों को गोली लगी, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। घायलों में इमरान, तबरेज, नदीम शामिल हैं। गोलीबारी में घायल हुए इमरान नाम के युवक ने बताया कि जेल में बंद अपराधी अली के गुर्गों की ओर से फायरिंग की गई है। इमरान के अनुसार अली के गुर्गों ने एक युवक के साथ मारपीट की थी, मामला थाने तक भी पहुचा था, लेकिन विवाद नहीं थमा। इसी मामले के बाद दोनों गुट



शुक्रवार रात आपस मे भिड़ गए। इसमें अली के लोगों ने फायरिंग कर दी। रमजान की वजह से डोरंडा के बेलादर मोहल्ले में देर रात होने के बाद भी चहल पहल थी, लेकिन फायरिंग के बाद इलाके में भगदड़ मच गई। इसमें भी कुछ लोग घायल हुए हैं। मामले की जानकारी मिलते ही सिटी एसपी, हटिया डीएसपी, डोरंडा थानेदार, चुटिया थानेदार, लोअर बाजार थानेदार सहित भारी संख्या में पुलिस बल ने पूरे बेलादर मोहल्ले को घेर लिया। गोलीबारी में शामिल होने के शक में एक दर्जन से ज्यादा लोगों को पुलिस ने रात में ही हिरासत में ले लिया है। सबसे पूछताछ जारी है। पुलिस इलाके में कैम्प कर रही है। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि आपसी विवाद के बाद फायरिंग की गई है, जिसमें तीन लोगों को गोलियां लगी हैं, एक व्यक्ति के सीने में गोलियां लगी हैं। अब तक की जानकारी में तीनों ही सेफ हैं। सिटी एसपी ने कड़े लहजे में कहा कि फायरिंग करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नही जाएगा। उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### झारखंड में निकोटिन मुक्त गुटखा पर प्रतिबंध नहीं

**रांची :** झारखंड में गुटखा को लेकर फैली भ्रांति को स्वास्थ्य विभाग ने दूर कर लिया है। स्वास्थ्य विभाग के शीर्ष अधिकारियों के अनुसार लगभग एक महीने पहले विभाग द्वारा जारी आदेश बिल्कुल सही है। उस आदेश में सिर्फ उन गुटखों को प्रतिबंधित किया गया है जिसमें निकोटिन की मात्रा तय लेवल से अधिक है। सभी तरह के गुटखों की बिक्री पर कोई प्रतिबंध नहीं है। राज्य में निकोटीन मुक्त गुटखों की बिक्री जारी रहेगी। मालूम हो कि पिछले एक महीने से झारखंड में गुटखा की बिक्री प्रतिबंधित कर दिए जाने की बात कही जा रही थी। इसको लेकर पान दुकान और गुटखा दुकानों पर इसकी बिक्री रुक गई थी। छापेमारी के डर से पान दुकान और गुटखा दुकान इस खाद्य पदार्थ को नहीं रख रहे थे। हालांकि कालाबाजारी में गुटखा की खूब बिक्री हो रही थी।

### प्लेसमेंट एजेंसियों पर नकेल नहीं कस रही सरकार : राज

**रांची :** विधानसभा के बजट सत्र में शनिवार को श्रम विभाग के कटौती का प्रस्ताव रखते हुए भाजपा विधायक राज सिन्हा ने कहा कि राज्य में प्लेसमेंट एजेंसियां मजदूरों का शोषण कर रही हैं। सरकार प्लेसमेंट एजेंसियों पर नकेल नहीं कस रही है। आर्थिक सर्वे के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी अधिक बढ़ी है। ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन के कारण बेरोगारी दर कम है। विधायक ने कहा कि झारखंड में 11 लाख पंजीकृत बेरोजगार हैं जो चिंतनीय है। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या? रेशम उत्पादन का लक्ष्य 1500 मिलियन टन को पूरा किया जा सका। उन्होंने कहा कि राज्य में सिंगल विंडो सिस्?टम में पारदर्शिता नहीं है। सरकार के कार्यकाल में कोई भी निवेश नहीं आया। कंपनियां बाहरी लोगों को बुलाकर रोजगार दे रही है। स्मार्ट मीटर में आ रहा पांच गुणा बिल- विधायक ने कहा कि लोगों को स्मार्ट मीटर से पांच गुणा बिजली बिल आ रहा है। यह शिकायत पूरे राज्य भर से है। प्री-पेड मीटर लगाने का काम भी पूरा नहीं हो सका है। उन्होंने श्रम विभाग के बजट को शर्म विभाग का बजट करार दिया। विधायक मंजू कुमारी ने भी स्मार्ट मीटर से उनके क्षेत्र में दोगुना बिजली बिल आने की बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में लोग स्मार्ट मीटर को उखाड़ कर फेंक रहे हैं।

### संविदाकर्मियों को स्थायी करे सरकार : जयराम महतो

**रांची :** विधानसभा के बजट सत्र में शनिवार को भोजनावकाश के बाद झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के विधायक जयराम महतो ने सरकार से बिजली विभाग में पिछले 10 वर्षों से संविदा पर काम कर रहे कर्मियों को स्थायी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों के लिए स्मोर्ट मीटर का कोई औचित्य नहीं है। विधायक ने कहा कि बिल अधिक होने पर विभाग बिजली कनेक्शन काटता है और सीधा एफआईआर दर्ज करता है, जबकि विभाग को मुहलत देनी चाहिए। वहीं लोजपा विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि चतरा के गढ़ा गांव में 14 बिजली के पोल नहीं गाड़े जाने की वजह से पावर ग्रिड को शुरू नहीं किया जा रहा है। सरकार बिजली के पोल को जल्द गाड़ने की प्रक्रिया शुरू करे। झामुमो विधायक उमाकांत रजक ने कहा कि केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों में कोई नियुक्ति नहीं हो रही है। उन्होंने पूर्ववर्ती रघुवर सरकार पर जनजातियों की योजना के पैसे को मोमेंटम झारखंड के नाम पर उड़ाने का आरोप लगाया। विधायक ने कहा कि रघुवर शासन में 238 एमओयू हुए, लेकिन एक भी उद्योग को धरातल पर नहीं उतारा गया।

## सदन के अंदर फोन पर बात कर रहे मंत्री का मोबाइल जब्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में एक अनोखी घटना देखने को मिली। मंत्री हफीजुल हसन सदन में ही फोन पर बात कर रहे थे। इस दौरान अपनी बात रख रहे कांग्रेस विधायक ने प्रदीप यादव ने टोक दिया, जिसके बाद स्पीकर ने मंत्री का फोन जब्त कर लिया। झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव सरकार से सवाल पूछ रहे थे। मंत्री सुदिव्य सोनू प्रदीप यादव को जवाब दे रहे थे। इस दौरान मंत्री हफिजुल हसन फोन पर किसी से बात करने लगे। प्रदीप यादव बीच में रुके और कहा मंत्री हफिजुल आप फोन पर बात कर रहे हैं इससे मुझे दिक्कत हो रही है। तभी विधानसभा अध्यक्ष ने पूछा कि कौन मंत्री फोन पर बात कर रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि हेमलाल मुर्मू ने भी फोन से दिक्कत होने की बात कही थी और आज फिर ऐसा हुआ। इसलिए फोन को जमा कीजिए। साथ ही अध्यक्ष ने सभी मंत्री और विधायकों से कहा कि चलते सदन के दौरान वह फोन लेकर न आयें तो अच्छा होगा।

## ओलावृष्टि एवं वज्रपात से प्रभावितों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराएं अफसर : इरफान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** हाल ही में झारखंड राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में हुई अतिवृष्टि, ओलावृष्टि एवं वज्रपात के कारण फसलों और जन-धन को भारी नुकसान हुआ है। आपदा की इस घड़ी में प्रभावित लोगों को शीघ्र सहायता प्रदान करने के लिए आपदा प्रबंधन मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने सभी उपायुक्तों को राहत कार्यों में तेजी लाने का सख्त निर्देश दिया है। मंत्री जी ने राज्य के सभी उपायुक्तों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में हुई क्षति का भौतिक एवं आर्थिक आकलन शीघ्रता से पूरा करें। उपायुक्तों को दो दिनों के भीतर अधियाचना प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है, ताकि प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द अनुग्रह अनुदान उपलब्ध कराया जा सके। मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा, ₹राज्य सरकार आपदा प्रभावितों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राहत



कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग पूरी तत्परता से राहत एवं पुनर्वास कार्यों में जुटा हुआ है। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, सांसद सुखदेव भगत, पूर्व सांसद धीरज साहू, कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कौनगाड़ी, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया और रामगढ़ विधायक ममता देवी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में हुई क्षति की जानकारी माननीय मंत्री को दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए मंत्री जी ने कहा कि प्रभावितों को मुआवजा शीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा और इस दिशा में ठोस कार्रवाई की जाएगी। मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने बताया कि आपदा प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए उनकी बातचीत फेडरल एजेंसी फॉर माइनर डिजास्टर्स से चल रही है। वे जल्द ही दिल्ली जाकर नई तकनीक का विस्तृत अध्ययन करेंगे और झारखंड में उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा, मंत्री ने बताया कि विभाग एक डिजास्टर अलर्ट ऐप विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है, जिससे राज्य में आपदाओं की त्वरित सूचना मिल सके और राहत कार्य तेजी से शुरू किया जा सके। मंत्री डॉक्टर अंसारी ने स्पष्ट किया कि झारखंड सरकार हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। आपदा प्रबंधन विभाग चौकस है और प्रभावितों को शीघ्र राहत पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है।

## अगले वित्त वर्ष में 20 हजार करोड़ का पूंजी निवेश लाएगी सरकार : मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सरकार राज्य में अगले वित्त वर्ष में 20 हजार करोड़ रुपए का पूंजी निवेश लाने का प्रयास करेगी। एमएसएमई के प्रोत्साहन के नीति बनाई जाएगी। यह बातें उद्योग और श्रम नियोजन प्रशिक्षण और कौशल विभाग के मंत्री संजय सिंह यादव ने शनिवार को विधानसभा के बजट सत्र में कही। मंत्री भोजनावकाश के बाद श्रम विभाग के बजट पर हुए वाद-विवाद में उठाए गए मामलों पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार आइटीआइ में प्रशिक्षण का स्तर और बेहतर करेगी ताकि यहां के युवाओं को नौकरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। उन्होंने कहा कि लंबे समय के बाद 493 प्रशिक्षण अधिकारियों की नियुक्ति सरकार ने की है। मंत्री ने कहा कि राज्य में उद्योगों का जाल बिछाने का प्रयास मुख्यामंत्री कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेशम के उत्पादन के लक्ष्य को 1500 से बढ़ाकर 1800 मिट्रिक टन रखा गया है।

खादी के विकास के लिए बुनकरों को 75 प्रतिशत सब्सिडी पर मशीनें दी जाएंगी। मंत्री ने कहा कि सरकार संगठित और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए संकल्पित है। कोरोना काल में 78 मृतक मजदूरों के परिजनों को मुआवजा के तौर एक करोड़ 29 लाख रुपए दिया गया। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में हाथी उड़ाने का प्रयास किया गया। डबल इंजन की सरकार भी राज्य का भला नहीं कर सकी। उन्होंने विपक्ष पर हेमंत सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाया। मंत्री ने विपक्ष पर चुनाव के समय उन्हें लालच देकर पार्टी में शामिल करने का भी आरोप लगाया।

**श्रम विभाग का 10.85 अरब की अनुदान मांग पारित**

श्रम विभाग का 10 करोड़ 85 करोड़ 74 लाख 46 हजार रुपए की अनुदान मांग पारित हुई। अनुदान मांग पर कटौति का प्रस्ताव विपक्ष के विधायक राज सिन्हा ने रखा था, लेकिन उन्हों ने यह कहते हुए कटौती वापस नहीं लिया कि जब तक राज्य के हर घर तक 24 घंटे की बिजली आपूर्ति नहीं होती है वे कटौती वापस नहीं लेंगे। इसके बाद स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने कटौती के प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया। वाद-विवाद के बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही सोमवार की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## संथाल और कोल्हान के जिलों में 23 को होगी गर्जन और बारिश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य में निम्न दबाव के चलते बारिश, तेज हवा और ओलावृष्टि हुई। सबसे अधिक बारिश चाईबासा में 54 मिमी रिकॉर्ड की गई। 23 जून को भी राज्य के पूर्वी जिले विशेषकर संथाल और कोल्हान के जिले और पश्चिम बंगाल से सटे रांची के इलाकों में रविवार को गर्जन और बारिश की आशंका व्यक्त की गई है। इन इलाकों में 30-40 किमी की गति से हवा चलने की संभावना है। वहीं 24 मार्च से मौसम साफ होगा। इससे धीरे-धीरे तापमान में वृद्धि होगी। यह जानकारी मौसम विभाग ने शनिवार को दी। विभाग के अनुसार राजधानी रांची, खूंटी और लोहरदगा में मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि हुई है। ओला के बड़े आकार की वजह से लोगों के घरों और फसलों को काफी नुकसान हुआ है। वहीं



शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह में बारिश हुई, लेकिन बाद मौसम साफ हो गया और हल्की धूप भी खिली। हालांकि दिन में बदल छाए रहे। वहीं बारिश के चलते लोंगो को ठंड का एहसास हुआ। यही वजह है कि लोगों को फिर से रजाई और कम्बल निकलनी पड़ी। रांची में शनिवार को अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री, जमशेदपुर में 27.6, डालटेनगंज में 25.1, बोकारो में 26.1 तथा चाइबासा में अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## विधानसभा में पाइपलाइन परियोजना पर हंगामा, सीपी सिंह ने सरकार को घेरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शनिवार को भाजपा विधायक सीपी सिंह ने राजधानी रांची में पाइपलाइन बिछाने के कार्य को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि एलएनटी नागार्जुन एवं अन्य एजेंसियों द्वारा पाइपलाइन बिछाने के दौरान अच्छी सड़कों और नालियों को तोड़ दिया गया, लेकिन मरम्मत का काम नहीं हुआ। इससे राजधानीवासियों को भारी परेशानी हो रही है। कई इलाकों में पांच साल पहले पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, लेकिन अब तक पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं हुई है। इस पर मंत्री



सुदिव्य सोनू ने सफाई देते हुए कहा कि योजनाओं को धरातल में उतारने में कई समस्याएं आती हैं। हरमू के जलमीनार को लेकर भी आपत्ति हुई। इस तरह विलंब हो जाता है। एनएचएआई से क्रासिंग का एनओसी लेना काफी जटिल काम है। क्योंकि यह भारत सरकार के अधीन आता है। सीपी सिंह से कहा कि आप भी अपनी विधायी ताकत का इस्तेमाल करें। इस पर सीपी सिंह ने कहा कि मैंने जो पूछा उसे पचा गए। मैं पचने नहीं दूंगा। जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में एनएचएआई से चर्चा हुई थी, लेकिन कोई समाधान नहीं मिला। सीपी सिंह ने कहा कि जुडको की कारस्तानी के कारण सड़क चलने लायक नहीं है। यह अपंग संस्था है। नाली या सड़क को तोड़ा गया, उसे ठीक करें। कालीकरण सड़क पर पीसीसी कर दिया गया है। लगता है भारत-पाकिस्तान का बंटवारा हो गया है। एनएचएआइ को जोड़कर मुहल्लों और बाइलेन का काम कब पूरा होगा। मंत्री ने कहा कि 10 किलोमीटर में राइडिंग पाइप के लिए एनएचएआइ से एनओसी नहीं मिलने के कारण लंबित है। जल्द पूरा करने का प्रयास करेंगे। जुडको मेरा नहीं कभी आपका भी था। आपके समय भी उसी गति से चलता था। विधायक उमाकांत रजक ने चास के तेतुलिया में जमीन का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि 21.41 एकड़ झाड़ जगंल की जमीन पर 31 साल बाद दावा किया गया है। फर्जी कागज के आधार पर बंदरबांट हो रहा है। इसने दावा किया उस समय उसकी उम्र नौ साल थी। जिला प्रशासन ने सूट दायर नहीं किया। बोकारो डीसी ने इस जमीन को प्रतिबंधित सूची से हटा दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### शहर के अल्ट्रासाउंड सेंटर पर प्रशासन की कड़ी नजर



**रांची :** उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में आज जिला सलाहकार समिति ) की बैठक की गई। बैठक के दौरान समिति द्वारा अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन, रिन्यूअल, संस्थानों को मशीन के फॉर्म-बी में एंट्री, चिकित्सकों की जॉइनिंग एवं यूएसजी मशीन खरीदने एवं प्रचार-प्रसार पर विचार-विमर्श किया गया। अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन और रिन्यूअल के लिए प्राप्त अभ्यावेदनों पर विचार-विमर्श करते हुए समिति द्वारा 08 सेंटर के रजिस्ट्रेशन एवं अल्ट्रासॉउन्ड का निबंधन नवीकरण कर कुल- 06 की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त बैठक में समिति द्वारा 08 संस्थानों को मशीन के फॉर्म-इ में एंट्री एवं सर्टिफिकेट जांच के बाद कुल-19 चिकित्सकों का ज्वाइनिंग का अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक के दौरान उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने अल्ट्रासाउंड सेंटर के निरीक्षण को लेकर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेंटर का निश्चित समय अंतराल पर निरीक्षण करें और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में सिविल सर्जन, डॉ. प्रभात कुमार, समिति सदस्य, डॉ. वंदिता, डॉ. एस. बास्की एवं मजिस्ट्रेट मती अमृता खाका,एनजीओ के प्रतिनिधि, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (स्वास्थ), प्रवीण कुमार सिंह, सहित अन्य सदस्य एवं ऑर्डिनेटर राकेश कुमार राय उपस्थित थे।

### आजसू कार्यकर्ता राची बंद को सफल बनाने उतरे राजधानी की सड़कों पर



**रांची :** रांची बंद को सफल बनाने के लिए आजसू पार्टी के कार्यकर्ता भी सड़कों पर उतरे। पार्टी ने हेमन्त सरकार के खिलाफ आयोजित बंद को पूर्णतया सफल तथा हेमन्त सरकार के खिलाफ जनाक्रोश का परिणाम बताया है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि आज के सफल बंद ने साबित कर दिया कि हेमन्त सरकार की आदिवासी विरोधी नीतियों के खिलाफ जनता जाग चुकी है। आदिवासी आस्था और विश्वास के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। आदिवासी संस्कृति और अस्मिता को कुचलने की साजिश नाकाम कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मामले का शीघ्र समाधान कर जनभावना का सम्मान करे। आजसू कार्यकताओं ने रांची महानगर तथा कांके के इलाकों में बंद को सफल बनाने में सहयोग किया। आजसू पार्टी के झारखंड आंदोलनकारी कुमुद बर्मा, छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम बर्मा, सुरेंद्र लिंडा, महादेव मुंडा एवं अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता बंदी करवाने में शामिल हुए तथा हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांके इलाके में आजसू नेता संजय मेहता अपने कार्यकताओं के साथ सड़कों पर उतरे।

### मंईयां सम्मान योजना के लाभार्थियों को सखी मंडलों से जोड़ा जा रहा, मिलेगा आजीविका साधनों का लाभ



**रांची :** झारखंड की मंईयां सम्मान योजना के लाभार्थियों के लिए एक और अहम अपडेट सामने आया है। स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस), ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 19 से 21 मार्च तक रांची में आयोजित ₹अनलॉकिंग झारखंड लाइवलीहुड पोटेंशियल₹ कार्यशाला में सफलता के नए आयामों पर चर्चा की गई। इस कार्यशाला में कृषि, गैर-कृषि क्षेत्र, कौशल विकास और डिजिटल नवाचार के माध्यम से सतत आजीविका मॉडल को बढ़ावा देने की रणनीतियों पर विचार साझा किए गए। कार्यशाला में जेएसएलपीएस के सीईओ कंचन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभार्थियों को आजीविका साधनों से जोड़ने के लिए सखी मंडलों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने पलाश ब्रांड की दृश्यता बढ़ाने, पैकेजिंग और प्रेजेंटेशन में सुधार करने, और आपूर्ति शृंखला को मजबूत करने पर भी जोर दिया। कंचन सिंह ने यह भी बताया कि जेएसएलपीएस की टीम विभिन्न आजीविका मॉडलों का क्षेत्र भ्रमण करेगी और पीएमयू द्वारा सर्वोत्तम प्रथाओं का संकलन किया जाएगा। इसके अलावा एक राष्ट्रीय कार्यशाला और रूरल इनोवेशन फोरम का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यशाला में दीपक उपाध्याय, एसपीएम ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस दौरान 'सरहुल आजीविका किसान उत्पादक कंपनी' की सदस्य आशा देवी और शशि बाला देवी ने अपनी सफलता की कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि कैसे उनकी कंपनी का टर्नओवर एक करोड़ रुपये तक पहुंचा। कार्यशाला के समापन समारोह में कंचन सिंह ने कहा कि इस आयोजन से सभी को नए अनुभव और सीखने के अवसर मिले हैं, जो आगामी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद करेंगे।

### झारखंड में ईद को लेकर विशेष अलर्ट, स्पेशल ब्रांच ने सभी जिलों के डीसी-एसपी को भेजा पत्र

**रांची :** झारखंड पुलिस के स्पेशल ब्रांच ने ईद को देखते हुए विशेष अलर्ट जारी किया है। स्पेशल ब्रांच की ओर से सभी जिले के डीसी और एसपी को पत्र लिखा है। इस पत्र में स्पेशल ब्रांच ने 4 प्वाइंट्स पर जिलों को अलर्ट रहने और तैयारी रखने को कहा है। स्पेशल ब्रांच ने जिन बिंदुओं पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा है, उसमें मस्जिदों के आसपास ट्रैफिक, सोशल मीडिया पर निगरानी, असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और शांति समिति की बैठक शामिल है। स्पेशल ब्रांच की ओर से भेजे गए लेटर में कहा गया है कि 28 मार्च को सामूहिक नमाज राज्य के अलग-अलग जगहों पर पढ़ी जाती है। इस दौरान जो बड़ी समस्या आती है वह ट्रैफिक होती है। इसके अतिरिक्त सुरक्षा को लेकर परेशानी आती है। त्योहार के लिए यह दिन काफी खास होता है, ऐसे में इस मौके पर विशेष निगरानी और सतर्कता बरतने की जरूरत है। पत्र में कहा गया है कि त्योहार के दौरान भीड़ जमा होती है। असामाजिक तत्व भी एक्टिव रहते हैं। ऐसे में विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। कहा गया है कि किसी भी तरह की अनहोनी से निपटने के लिए मस्जिदों के आसपास पुलिस और ट्रैफिक पुलिस को प्रतिनियुक्त करने की जरूरत है। सोशल मीडिया पर निगरानी के साथ ही आपत्तिजनक पोस्ट की मॉनिटरिंग और पोस्ट करने वालों पर कार्रवाई करें।

## एक नजर

### मां मथुरासिनी शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई

**बोकारो** : माहुरी समाज द्वारा आयोजित मां मथुरासिनी शोभायात्रा भक्तिमय माहौल में निकाली गई। यह शोभायात्रा चंद्रा सिनेमा हॉल के पास से प्रारंभ होकर चेकपोस्ट स्थित दुर्गा मंदिर से होते हुए नंदुआस्थान स्थित मथुरासिनी मंदिर में संपन्न हुई। समाज के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता के जयकारे लगाए और पूरे श्रद्धा भाव से इस धार्मिक आयोजन में भाग लिया। इस विशेष पूजा में मां सितला की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने मंदिर में हाजिरी लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की। शोभायात्रा के दौरान भव्य झांकियां निकाली गईं, जिसमें भक्तों ने नृत्य और भजन-कीर्तन कर श्रद्धा प्रकट की। मंदिर परिसर में विशेष आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। इस अवसर पर अध्यक्ष अनूप गुप्ता, कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, दीपक गुप्ता, पुरुषोत्तम गुप्ता, नवनीत गुप्ता, विकास सेठ, अजीत सेठ आदि मौजूद थे।

### खनन विभाग ने की छापेमारी,एक ट्रक व ट्रैक्टर को किया जब्त

**बोकारो** : उपायुक्त बोकारो के निदेर्शानुसार जिला खनन पदाधिकारी श्री रवि कुमार के नेतृत्व में खनन टीम ने दुग्धा थानांतर्गत पटना गैरेज के समीप मुख्य पथ पर छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें अवैध रूप से कोयला खनिज परिवहन करते हुए एक ट्रक को टीम ने जब्त किया। ट्रक संख्या जे एच 2 टी 6398 है। जिसमें लगभग 37 टन कोयला था। वहीं, टीम ने एक ट्रैक्टर को भी जब्त किया। जिसका संख्या जे एच 9 यू 1422 था। ट्रैक्टर पर लगभग 4 टन कच्चा कोयला लोड पाया गया। टीम ने दोनों वाहनों को दुग्धा थाना को सुपुर्द करते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई।

उक्त कार्य में संलिप्त दोनों वाहन चालकों को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी अभियान में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार, खान निरीक्षक सीताराम टुडू एवं स्थानीय पुलिस बल मौजूद थे।

### बरही विधायक ने किया दो योजनाओं का शिलान्यास

**चौपारण** : बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने शनिवार को मध्य विद्यालय चैथी के चहारदीवारी और चौपारण पंचायत भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये दोनों योजनाएँ क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। भविष्य में भी इसी तरह की योजनाओं को धरातल पर उतारूंगा। इससे पूर्व चैथी के ग्रामीणों ने विधायक से सड़क निर्माण की मांग रखी जिसपर विधायक ने जल्द निर्माण कार्य की बात कही। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि बिराज रविदास ने किया। मौके पर भाजपा नेता राजदेव यादव, मुकुंद साव, नारायण यादव, पदमा मंडल अध्यक्ष बाबुलाल मेहता, मुखिया जानकी यादव, पूर्व मुखिया रेवाशंकर साव, रितेश सिंह, विकास यादव, सुमन सिंह, आदित्य चौरसिया, जन्मजेय सिंह, रामचन्द्र सिंह, सतेंद्र सिंह, सियाराम सिंह, सतीश पांडेय, बबलू साव, सतेंद्र यादव, सुदर्शन सिंह, प्रताप सिंह, बोधि रविदास, राजकुमार दास, कैलाश साव, वही चौपारण में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, भाजपा नेता पवन सिंह, अनुज सिंह, संतोष कुमार, नेमधारी यादव, रिशु बर्णवाल अशोक केशरी, अभषेक सिंह, बीरू सिंह सहित अन्य शामिल थे।

# नदी को अतिक्रमण और प्रदूषण से बचाने के लिए 'नदी बचाओ जल बचाओ' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता गरगा



**बोकारो :** विश्व जल दिवस 22 मार्च को 'स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान' द्वारा बोकारो को जीवन रेखा मानी जाने वाली पवित्र गरगा नदी को अतिक्रमण और प्रदूषण से बचाने हेतु चास बोकारो को जोड़ने वाले मुख्य पुल के पास स्थित छठ घाट पर 'नदी बचाओ जल बचाओ' कार्यक्रम को आयोजित कर बोकारो प्रशासन, चास नगर निगम, बोकारो इस्पात संयंत्र और झारखंड सरकार से गरगा नदी को बचाने कीअपील की गई । ज्ञात हो कि इस नदी में चास नगर निगम क्षेत्र और बोकारो इस्पात संयंत्र के आवासीय कॉलोनियों के सीवरेज का गंदा पानी लगातार प्रवाहित होरहा है जिससे यह इस नदी का जल न सिर्फ काला पड़ गया है बल्कि उससे भयंकर दुर्गंध भी निकल रही है । इस अवसर पर संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' ने कहा कि स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा वर्षों से इस नदी को बचाने हेतु आंदोलन चल रहा है मगर सरकार और प्रशासन की उपेक्षा के कारण यह नदी अब मृत प्राय हो गई है । सभी जानते हैं कि जीवन के लिए जल कितना महत्वपूर्ण है फिर भी नदी को सुनियोजित तरीके से नाला में परिवर्तित करना न सिर्फ पर्यावरण के विरुद्ध है बल्कि यह सामाजिक अपराध के साथ ही दंडनीय अपराध भी है । इस नदी की सहायक छोटी नदी सिंगारी जोरिया को तो बिल्कुल ही अब गंदा नाला ही बना दिया गया है तथा कुछ बिल्डरों द्वारा तो इसके पुराने रस्ते को ही बदलकर उस जगह पर बिल्डिंग बना दिया गया है । आज जब गर्मियों में चास में पीने के पानी का हाहाकार मच जाता है फिर भी नदी के महत्व को नहीं समझना अत्यंत ही दुर्भाग्य पूर्ण है । गरगा नदी को बचाने के लिए चास बोकारो के सभी नागरिकों से संस्थान द्वारा चलाए जारहे 'गरगा को जीने दो' कार्यक्रम में सहभागी बनने की अपील की गई । आज के 'नदी बचाओ जल बचाओ' कार्यक्रम में रघुवर प्रसाद, शशि भूषण ओझा 'मुकुल', मृणाल कांत चौबे, नीरज सिंहा, राम लखन द्विवेदी, ललित कुमार, दिवाकर दुबे, सरोज तिवारी, महेश ओझा, प्रो. गणेश सिंह, अभय कुमार गोलू, अभिषेक सिंह आदि उपस्थित रहे ।

## सोलागिडीह तालाब में युवक ने कूदकर दी जान, परिजनों पर टूटा दुखों का पहाड़



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** चास के सोलागिडीह तालाब में शनिवार दोपहर करीब 2 बजे एक युवक ने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सुल्तान नगर निवासी 22 वर्षीय सफीक अंसारी के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, सफीक की जल्द ही शादी होने वाली थी और वह अपनी बहन के घर सोलागिडीह गया हुआ था।

सफीक एक बैंक में कार्यरत था और रमजान के पवित्र महीने में हुई इस दर्दनाक घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। आत्महत्या के पीछे के कारणों का फिलहाल स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। शव को तालाब से निकालने के लिए गोताखोरों को लगाया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आत्महत्या के पीछे के कारणों को जानने का प्रयास कर रही है।

## खास सिजुआ क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार पर सीआईएसएफ एवं पुलिस की छापेमारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** तेतुलमारी थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ सीआईएसएफ और पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सीआईएसएफ के जवानों ने खास सिजुआ में छापेमारी कर 22 टन अवैध कोयला जब्त की है।

इस छापेमारी के बाद अवैध कोयला कारोबार में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया। सीआईएसएफ ने बस्ती में चल रहे अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने की बात कही और अवैध कोयला कारोबारियों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रखने की चेतावनी दी है। यह कार्रवाई पुलिस और सीआईएसएफ के संयुक्त प्रयास से की गई है, जिससे स्थानीय प्रशासन ने अवैध कोयला कारोबार पर नकेल कसने की दिशा में एक मजबूत कदम बढ़ाया है। क्षेत्र के लोगों ने इस कदम की सराहना की और उम्मीद जताई कि आगे भी ऐसे कदम उठाए जाएंगे ताकि अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई है। छापेमारी की अभियान आगे भी जारी रहेगी।

## आरपीएफ ने मानव तस्करी का बड़ा मामला पकड़ा, दो किशोरों को बचाया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो में मानव तस्करी का बड़ा मामला सामने आया है। बोकारो आरपीएफ द्वारा मंगलवार को धनबाद-एलेप्पी एक्सप्रेस ट्रेन में दो किशोरों को पकड़ा, जो एक व्यक्ति रंजीत यादव के साथ यात्रा कर रहे थे। पूछताछ में पता चला कि किशोरों को तमिलनाडु के सेलम में मजदूरी के लिए ले जाया जा रहा था। बताते चले कि मंगलवार को बोकारो आफ द्वारा धनबाद एलेप्पी एक्सप्रेस जो की धनबाद से बोकारो होकर एलेप्पी को जाती है उसी क्रम में बोकारो से जाते समय बोकारो आरपीएफ की एएचटीयू टीम द्वारा चैकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान एस 1 के कोच में एक संदिग्ध व्यक्ति के साथ दो नाबालिक किशोर को देखा गया । पूछताछ पर उचित जवाब नहीं मिलने पर मौके पर मौजूद एएसआई डी के द्विवेदी एवं उनकी टीम ने जब उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मानव तस्कर रंजीत यादव ने बताया कि धनबाद स्टेशन पर कल नामक एक व्यक्ति ने दो किशोरी के साथ उसके पास आकर कहा कि इन दोनों का टिकट धनबाद से सलाम तक का बना हुआ है इनको सिर्फ आप अपने संरक्षण में सलाम तक पहुंचा दीजिए और जेब खर्च करने के लिए किशोर को 1500 भी दिए गए हैं जब ए एसआई को उचित जवाब न मिलने पर उन्होंने नाबालिकों के अभिभावक से फोन के माध्यम से बातचीत की तो पता चला कि कल नामक व्यक्ति जो उनके बच्चों को बला फैसला कर अपने साथ ले गया है तथा नाबालिक के अभिभावक द्वारा अनुरोध किया गया कि कृपया कर मेरे बच्चों को तथा उसे कल नामक व्यक्ति को अपने हिरासत में लेकर मेरे बच्चों को संरक्षण दिया जाए असी डी के द्विवेदी को जब मानव तस्करी का मामला सामने प्रतीत हुआ तो उसने इसकी सूचना बोकारो आफ पोस्ट को दी तथा ट्रेन जब बोकारो रेलवे स्टेशन पहुंची तो वहां सूचना पाकर पहले से मौजूद एसआई मीना कुमारी ,एएसआई आशीष रंजन, एएसआई एम के सिंह और आरपीएफ पोस्ट बीकेएससी के ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारी और चाइल्ड लाइन बोकारो के कर्मचारी कोच नंबर एस-1 में पहुंच कल एवं उसके साथ दो नाबालिकों को हिरासत में लिए गया।

## विश्व जल दिवस पर फोटो प्रदर्शनी का किया गया आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में विश्व जल दिवस पर फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग के छात्र छात्राओं ने जल से संबंधित फोटो को प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी में प्रदर्शित तस्वीरें विभाग के विद्यार्थियों ने खुद से अपने कमरे व मोबाइल में कैद किया था। कार्यक्रम में जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ जितेंद्र आर्यन ने सारी तस्वीरें का अवलोकन किया एवं तस्वीरों की थीम और कैप्शन की जानकारी भी विद्यार्थियों से ली। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि जल संरक्षण बेहद जरूरी है। जल हमारे जीवन और पृथ्वी के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण संसाधन है, जो सभी जीवों के लिए आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी कार्यक्रम में जल संरक्षण का थीम प्रस्तुत करने मात्र से ही जल संरक्षित नहीं हो जाता, बल्कि इसे असल जीवन में उतराने की आवश्यकता है। जितना हो सके हम सबको जल संरक्षित करना चाहिए। कार्यक्रम में विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ विकास चंद्र ने बताया कि जल संरक्षण जरूरी है जल ही जीवन है आज के समय में बढ़ती जनसंख्या और औद्योगिकीकरण के कारण जल संकट की समस्या बढ़ रही है। इसलिए जल का संरक्षण और संवर्धन जरूरी है। धन्यवाद ज्ञापन के दौरान सहायक प्रोफेसर श्री हर्षित कच्छप ने जल संरक्षण के विभिन्न उपायों पर चर्चा की। फोटो प्रदर्शनी कार्यक्रम में विभाग की स्कॉलर अंजली कुमारी व छात्र-छात्राओं में हेमंत, वसीम, दुलाल, बजरंग, सिमरन, शिवानी, विजय, लक्ष्मण, बहादुर, सौरभ, विकास, अजीत, ईशा, रोहित, प्रीति सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# बच्चे ही बनेंगे देश के ब्रांड एंबेसडर, इनसे ही साकार होगा विकसित भारत का सपना : डीआई बीके तिवारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** 'बच्चे ही देश के भविष्य हैं। वास्तव में ये बच्चे ही आगे चलकर समाज और राष्ट्र के ब्रांड एंबेसडर बनेंगे, जिनके बलबूते ही हम विकसित भारत का सपना साकार कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले आवश्यक यह है कि बच्चे अच्छा इंसान बनें। शिक्षा का तात्पर्य केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि एक ऐसा चरित्र-निर्माण करना है, जो जीवनभर उनके काम आए। इसके बिना शिक्षा अधूरी है और इस दिशा में विद्यालय की भूमिका एक बुनियाद की तरह है। मां सरस्वती का धाम विद्यालय ही वह जगह है, जहां बच्चों का समग्र विकास संभव है।' उक्त बातें बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने कहीं। शनिवार को डीपीएस बोकारो में पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आयोजित दीक्षांत सम्मान समारोह को वह बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। प्राथमिक कक्षाओं में किए गए बच्चों के परिश्रम को स्मरणीय बनाने तथा उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस समारोह में ग्रेजुएशन गाउन पहने कुल 263 छात्र-छात्राओं को विधिवत ग्रेजुएट कैप और लाल फीते में लिपटा सर्टिफिकेट व रिपोर्ट कार्ड देकर सम्मानित किया गया।

**अभिभावकों से कहा- बच्चों की मुस्कान सबसे बड़ी दौलत**


समारोह में उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए डीआई श्री तिवारी ने कहा कि हर बच्चा अपने-आप में अलग है। सबमें अपनी-अपनी प्रतिभा होती है। ये बहुत कुछ कर सकते हैं। अभिभावक कभी भी एक-दूसरे से उनकी तुलना न करें। ऐसा कर वे कहीं न कहीं एक प्रकार से प्रतिभा की हत्या और समाज के साथ अन्याय करते हैं। बच्चे आपकी सबसे बड़ी पूंजी और उनकी मुस्कान सबसे बड़ी दौलत है। उनके चेहरे पर सदा मुस्कान बनी रहे, इसके लिए अभिभावक उन्हें कतई हतोत्साहित न करें। वे नहीं प्रोत्साहित करेंगे, तो कोई नहीं करेगा।

**इस्पातनगरी का गौरव है डीपीएस बोकारो**

पांचवीं के बाद प्राइमरी से सीनियर विंग में छठी कक्षा में जानेवाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए डीआई श्री तिवारी ने उन्हें पूरे मनोयोग से पढ़ने और जीवन के हरेक पल का सम्मान करने की प्रेरणा दी। समारोह में बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहते हुए श्री तिवारी ने कहा कि जिस प्रकार से यहां बच्चों की प्रतिभा का पोषण किया जाता है, वह अपने- आप में एक मिसाल है। डीपीएस बोकारो को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए झारखंड सहित पूरे देश में जाना जाता है। कहा जाय तो यह विद्यालय इस्पातनगरी बोकारो का गौरव और देश-दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में यहां का परचम लहरा रहे विद्यार्थी इस शहर के ब्रांड एम्बेसडर हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अधिवक्ताओ का किया गया परिणाम घोषित



**धनबाद** : शुक्रवार देर रात को बार काउंसिल ऑफ इंडिया दिल्ली द्वारा दिसंबर 2024 में हुए ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन 19 का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें शामिल हुए धनबाद बार एसोसिएशन के प्रिंस कुमार तिवारी अधिवक्ताओं ने जीत हासिल की है। अधिवक्ता प्रिंस कुमार तिवारी कहते है कि पिछले बार यानी कि अक्इए 18 के परिणाम से बेहतर रिजल्ट AIBE 19 का रहा हालांकि इसमें 100 में से 7 प्रश्न को एग्जामिनेशन डिपार्टमेंट द्वारा कैंडीडेट के कंपलेंट पर हटाया गया। सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस को लाइफटाइम के लिए प्रदान की जाती है जिसे उडढ कहते है इससे देश के किसी भी राज्य/जिला में अधिवक्तागण प्रैक्टिस कर सकते है। इस बार पूछे गए सवाल में से पिछले सारे हुए परीक्षा से एक भी रिपीट नहीं किया गया था। हालांकि आसान तो नहीं था एक बार में क्लियर करना लेकिन मेहनत रंग लाई।

### श्री रुद्र महाकाल यज्ञ में आज होगी शिवलिंग की स्थापना




**धनबाद** : तेतुलमारी भूली रोड पंचम बिहार में श्री श्री रुद्र महाकाल पांच दिवसीय यज्ञ में परिक्रमा करने वाले में महिला पुरुषों व बच्चों की लग रही अपार भीड़। मानव कल्याण समिति धनबाद के अध्यक्ष डॉ दिलीप कुमार महतो उर्फ दिलीप महाराजजी के नेतृत्व में यज्ञ चल रही है। उन्होंने बताया कि आज भगवान भोले नाथ की शिवलिंग की स्थापना पूरे विधि विधान व पूजा के साथ की जाएगी। यज्ञ में यजमान के रूप में अनिल कुमार, महेश कुमार, अनुज कुमार, प्रमोद कुमार शामिल है। मौके पर आचार्य मृत्यजय अवस्थी, नारायण महतो, राजकिशोर महतो, राजेश रवानी, महेश्वर महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### जेपी ग्रुप आफ इंटीट्यूशंस में एजुकेशनिस्ट मीट का हुआ आयोजन



**धनबाद** : बलियापुर रोड कोला कुसमा स्थित स्थित जेपी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन द्वारा शनिवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में इंस्टीट्यूशनस के प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने मीडिया को बताया की 23 मार्च रविवार को आयोजित एजुकेशनिस्ट मीट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वॉइस चांसलर प्रोफेसर राम कुमार सिंह, डी एस डब्ल्यू,डिग्री कॉलेज एवं धनबाद जिले के सभी प्लस 2 स्कूल के प्राचार्यो कोयलांचल विश्वविद्यालयों के कई प्राध्यापक गण को आमंत्रित किया गया है।कार्यक्रम का मुख्य मुख्य उद्देश्य जेपी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन में जितने भी नर्सिंग और फामेर्सी के कोर्सस संचालित हो रहे हैं इन सभी कोर्सेज से वाइस चांसलर और स्कूल के सभी प्राचार्यो को अवगत कराना है। और उसे और बेहतर करने के लिए उनका बहुमूल्य सुझाव लेना है। साथ ही हमारे कॉलेज के क्वालिफाइड शिक्षकों के सानिध्य में संचालित कोर्सस, लैब फैसिलिटी, फूडिंग, लॉजिंग, पुख्ता सिक्योरिटी व्यवस्था से धनबाद समेत अन्य जिलों के सभी प्लस 2 के विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक अवगत हो ताकि स्थानीय विद्यार्थियों को फामेर्सी और नर्सिंग कोर्सेज के लिए ज्यादा खर्च करके बाहर राज्यों में जाने की जरूरत नहीं। जेपी ग्रुप आफ इंटीट्यूशंस फामेर्सी एवं नर्सिंग और फामेर्सी चिकित्सा के अन्य और कोर्सेज और मेडिकल कॉलेज खोलने की दिशा की और अग्रसर है। जेपी हॉस्पिटल जे पी ग्रुप आफ इंटीट्यूशंस के चेयरमैन प्रदीप मंडल ने बताया की कॉलेज बनाना एक सपना था जो हमने सुव्यवस्थित ढंग से बनाकर संचालित किया और अब मुख्य अतिथि वॉइस चांसलर समेत प्लस 2 के सभी प्राचार्यो, अभिभावकों की राय से जे पी ग्रुप ऑफ इंटीट्यूशन को और उन्नत और अपडेट कर झारखंड का नंबर वन कॉलेज बनाना एक सपना है जो सभी के सहयोग से पूर्ण होगा।

### मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत कुल 143 प्रस्तावों को दी गई स्वीकृति



**धनबाद** : शनिवार को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के लाभुकों को चिकित्सा अनुदान उपलब्ध कराने हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक समाहरणालय स्थित उप विकास आयुक्त के कार्यालय कक्ष में की गई। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी धनबाद श्री नियाज अहमद द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय एवं अंचल अधिकारी कार्यालय से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत चिकित्सा अनुदान हेतु प्राप्त अभिलेख को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के लाभुकों को चिकित्सा अनुदान उपलब्ध कराने हेतु जिला स्तरीय समिति द्वारा कुल 143 प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की गई। मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद समेत विभिन्न विधानसभा से आए विधायक प्रतिनिधि मौजूद रहें।

### जल संकट न हो इसके लिए नदियों का संरक्षण आवश्यक : सरयू राय



**बोकारो** : शनिवार को बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर-5 स्थित आशालता केन्द्र के सभागार में युगांतर भारती, नेचर फाउंडेशन, स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट, दामोदर बचाओ आंदोलन, जल- जागरुकता अभियान एवं देव नद दामोदर क्षेत्र विकास ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में विश्व जल दिवस 2025 के अवसर पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए जमशेदपुर पश्चिम के विधायक एवं दामोदर बचाओ आंदोलन के प्रणेता सरयू राय ने कहा कि पृथ्वी पर जल संकट न हो, इसके लिए इसका कैसे उपाय करें, विश्व जल दिवस इस पर सोचने का दिवस है। उन्होंने कहा कि, ऋतु चक्र में पानी की महत्ता हमें तभी आ जाती है, जब जल संकट की स्थिति उत्पन्न होती है। जरूरी है कि हम हमेशा इस पर सोचें। प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के साथ ही जल संकट से बचने के लिए नदियों का प्राकृतिक संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस धरती पर स्वच्छ पानी कितना कम है, यह तभी सामने आता है, जब गर्मी आती है।

## एक नजर

### ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल में भिड़ंत मोटरसाइकिल सवार घायल, रेफर

**साहिबगंज/पतना :** रांगा थाना के केंदुआ तेली टोला के पास मोटरसाइकिल व ट्रैक्टर के बीच जोरदार भिड़ंत में मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बरहेट सिंगा निवासी रफीक अंसारी 45 वर्षीय व मकबूल अंसारी 40 वर्षीय तिलभीठा केंदुआ के रास्ते केंदुआ की ओर आ रहा था, वही विपरीत दिशा से जा रही एक ट्रैक्टर से भिड़ंत हो गई। जिससे मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। घटना में रफीक अंसारी को गंभीर चोटें व मकबूल को मामूली चोटें आई है। वहीं आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से आनन-फानन में इलाज के लिए दोनों घायलों को मेसो अस्पताल केंदुआ पहुंचाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर शशिभूषण ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए घायल रफीक को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर के निदेशानुसार सड़क सुरक्षा सदस्यों के द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लिट्टीपाड़ा के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। सड़क सुरक्षा सदस्यों ने विशेष रूप से 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन न चलाने की सलाह दी। छात्रों को सड़क पार करने के सुरक्षित तरीके और यातायात के अन्य नियमों की जानकारी दी गई। विशेष रूप से उन्हें अपने परिवार के सदस्यों को हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग के लिए प्रेरित करने को कहा गया। सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने छात्रों से आग्रह किया कि यदि वे अपने परिवार के किसी सदस्य को बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चलाते देखें, तो उन्हें रोकें और सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है और लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यातायात नियम का पालन करने हेतु सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को शपथ दिलाया गया। सड़क सुरक्षा संबंधित पुस्तिका एवं पम्पलेट सभी छात्रों के बीच वितरण किया गया। विद्यालय के सभी छात्रों के बीच सड़क सुरक्षा को लेकर क्विज कंपटीशन कराया गया जिसमें सही जवाब देने वाले 5 छात्रों को हेलमेट देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही गुड समिरिटरन के दायित्वों के बारे में सभी को विस्तार से अवगत कराया गया जैसे मोटरवाहन जनित सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की सहायता करने के उद्देश्य से सुनहरा घंटा मे घायलों को अस्पताल पहुचाने में वाले नेक व्यक्ति को प्रोत्साहित करने हेतु सरकार द्वारा 2,000/-(दो हजार) रुपए नगद पहले बार एवं 5 हजार रुपए दूसरी बार साथ ही दोनों स्थिति में प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की योजना सरकार के द्वारा लागू किया गया है। इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आप अपने स्तर से भी लोगो को जागरूक करें। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाध्यापक, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक रितेश कुमार सिंह, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक अमित कुमार राम एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सगी बहू ने अपनी सास को मार कर किया घायल



**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत बहु ने अपनी सास को बुरी तरह मारकर घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार माया देवी उम्र 45 वर्षीय पति गोकुल मंडल, बड़ा जिरवाबाड़ के रहने वाली ने बताया कि उनकी बहू लक्ष्मी देवी कुछ दिनों पहले दो बार घर से भाग गई थी। इसी बात को लेकर सास और बहू में बात होते-होते मारपीट तक पहुंच गई। जहां बहू लक्ष्मी देवी ने अपनी सास माया देवी को बुरी तरह मार कर बेहोश कर दिया। जहां पड़ोसी ने घटना की सूचना पीड़िता के पति को दिया, सूचना मिलते ही पति घटना स्थल पहुंच कर आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने इलाज किया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक, चुनाव प्रक्रिया पर हुई चर्चा



**साहिबगंज:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव प्रक्रिया को लेकर व्यापक चर्चा हुई और राजनीतिक दलों से उनके सुझाव मांगे गए। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे अपने सुझाव 30 अप्रैल तक प्रस्तुत करें, ताकि समय रहते उन पर आवश्यक कार्यवाही की जा सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि चुनावी प्रक्रिया से जुड़े सभी मुद्दों को समय पर और नियमानुसार सुलझाया जाएगा। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। बैठक में चुनावी तैयारियों के पालन और अन्य प्रशासनिक पहलुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।


### अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत



**साहिबगंज:** बांझी मरचो में शुक्रवार की देरशाम सड़क हादसा में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। बोरियो पुलिस घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहाँ डॉ. मुकेश कुमार ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान तालझारी थाना क्षेत्र के छोटा पकिया के रहने वाला राजेन्द्र माल्टो के रूप में हुई है। मृतक सीआरपी का पद में काम करता था। मृतक अपने प्रखंड का प्रमुख था। पुलिस के अनुसार बांझी मरचो में सड़क किनारे युवक घायल अवस्था मे पड़ा था। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते मे ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार युवक किसी वाहन की चपेट में आने से घायल हुआ होगा।

# उपायुक्त ने की कृषि, सहकारिता, उद्यान एवं भूमि संरक्षण विभाग की समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला कार्यालय प्रकोष्ठ में कृषि, सहकारिता, उद्यान एवं भूमि संरक्षण विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं और कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उपायुक्त ने जिले में कृषि क्षेत्र में हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए पदाधिकारी को निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुँचाया जाए। उन्होंने विशेष रूप से फसल उत्पादन बढ़ाने, किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने और जल संरक्षण उपायों को अपनाने पर जोर दिया। बैठक में सहकारिता विभाग की ओर से किसानों को दी जा रही ऋण सहायता और सहकारी समितियों की भूमिका पर चर्चा हुई।उपायुक्त ने निर्देश दिया कि किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए और उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाए। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ता, जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण भोक्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारी को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने और समय-समय पर जमीनी स्तर पर योजनाओं की निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा।

# प्रखंडों में 24 मार्च तक आधार अपडेट के लिए विशेष शिविरों का होगा आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** ग्रामीण विकास विभाग के निदेशानुसार जिले के मंडरो, बरहेट, बोरियो, पतना और तालझारी प्रखंडों में प्रधानमंत्री जनमन, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना और मनरेगा के लाभुकों की आधार संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए 22 मार्च से 24 मार्च 2025 तक विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में आधार कार्ड में सुधार, अपडेट और लिंकिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके लिए आधार सुपरवाइजर और ऑपरेटरों को आधार किट के साथ प्रतिनियुक्त किया गया है।

**लाभुकों से अपील**

प्रशासन ने लाभुकों से अनुरोध किया है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथियों पर शिविर में उपस्थित हों और आधार से जुड़ी समस्याओं का समाधान कराएं।

### आपसी विवाद में हुई मारपीट में एक घायल

**साहिबगंज/राजमहल :** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बभनगामा में शुक्रवार की रात्रि आपसी विवाद में हुए मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मनोज कुमार के 14 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार का पड़ोसी के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी होते-होते बात मारपीट तक पहुंच गया। जिसमें राहुल कुमार बुरी तरह घायल हो गया। जिसे परिजनों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया गया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।


OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION, HAZARIBAG

e-Procurement Cell
e-Procurement Notice

Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 74 /2024-25 Date:- 21-03-2025

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Proposed Construction of 50 Beded S.T. Girl's Hostel in Picchdi Jati Balika Awasiya Uccha Vidyalaya, Matwari, Dist- Hazaribagh For The Year 2024-2025 | 20712825/- | 414300/- | 10000/- | 9 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 26-03-2025 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 11-04-2025 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |


*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR 349010 (Building) 24-25 (D)


## पानी की बूंद के लिए तरस रहे ग्रामीण


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा :** प्रखंड क्षेत्र के कोटालपोखर गांवों में पानी की टंकी कई महीनो से सूखी पड़ी है, जिससे ग्रामीणों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। पानी की टंकी कोटालपोखर में स्थित यह पानी की टंकी पूरे कोटालपोखर और जोबनपुर के लोगों का प्यास बुझाने का एकमात्र साधन था। लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण यह पानी की टंकी लगातार कई महीनो से बंद पड़े हैं। ग्रामीण बताते हैं कि आसपास के गांव जाकर दूरदराज से पानी लाकर अपनी प्यास बुझाता है। जल संकट से इन दिनों टंकी सूखी पड़ी है,जिससे ग्रामीणों को पानी की बूंद बूंद के लिए तरसते है। दैनिक जीवन पर ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को पानी के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ रहा है, जिससे उनका दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीण जिला प्रशासन और संबंधित विभागीय अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। चाहते हैं कि पानी की टंकी से पानी की आपूर्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि जल संकट से उनके दैनिक जीवन पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभागीय अधिकारियों से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि कोटालपोखर के लोग फिर से खुशहाल जीवन जी सकें।

# चोरी के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले की पुलिस की सफलता और काबिलियत कि मिसाल बन रही है। आए दिन चोरी व हत्या की घटना पर लगाम लग रही है। चोर व अपराधी पुलिस की खौफ से जिला छोड़ रहे हैं या फिर नई रास्ता अपना रहे हैं। जहाँ मिजाचौकी थाना पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार बताया जा रहा है कि मिजाचौकी महादेव बरन गांव निवासी स्वर्गीय मनोहर नुनिया की 24 वर्षीय पुत्र गंगु नुनिया को पुलिस ने चोरी के मामले में किया गिरफ्तार। जहां थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव ने बताया कि मोबाइल चोरी के मामले में गंगु नुनिया को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से एक मोबाइल भी बरामद की गई है। वहीं आरोपी को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। जहां मेडिकल जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

### आठवीं के बच्चों को मिली साइकिल, कहा थैंक-यू हेमंत सरकार



**पाकुड़/अमड़ापाड़ा :** झारखण्ड सरकार आठवीं के करीब पांच लाख छात्र-छात्राओं के बीच इस सत्र में साइकिल का वितरण कर रही है। छात्र-छात्राओं को अप्रैल से शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र से पहले ही साइकिल दी जा रही है, ताकि वे साइकिल से ही स्कूल आ-जा सकें। एक अप्रैल 2025 से नया शैक्षणिक सत्र शुरू किया जाएगा। साइकिल सत्र 2024-25 के लिए दी जा रही है। आठवीं के आरक्षित श्रेणी के विद्यार्थियों को कल्याण विभाग, जबकि सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग साइकिल देता है। कार्यालय, जिला कल्याण पदाधिकारी, पाकुड़ के आदेशानुसार मॉडल विद्यालय, अमड़ापाड़ा के प्रांगण में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत कुल 328 छात्र छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया।


कार्यालय नगर परिषद सिमडेगा
ई-मेल :-simdeganagar@yahoo.in

रिवर्स ऑसमोसिस (आर० ओ०) वाटर उपचार सयंत्र के निबंधन हेतु सूचना

सरकार के प्रधान सचिव, झारखण्ड सरकार राँची के अधिसूचना संख्या 3370 दिनांक 06.09.2024 के आलोक में नगरपालिका क्षेत्र में रिवर्स ऑसमोसिस (आर० ओ०) वाटर उपचार सयंत्र के संचालन करने हेतु अनुज्ञप्ति/अनापत्ति लेना अनिवार्य है। सिमडेगा नगर परिशद कार्यालय से बिना अनुमति के सिमडेगा शहरी क्षेत्र में आर० ओ० वाटर उपचार सयंत्र का संचालित करना/कराना झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 की धारा-204 एवं 209 के प्रावधानों के अन्तर्गत दण्डनीय है।

**निबंधन की तिथि दिनांक :-22.03.2025 से 31.03.2025 तक निबंधन कराना सुनिश्चित करेंगे।**

**आर० ओ० वाटर उपचार सयंत्र के निबंधन हेतु नियम एवं शर्तें :-**

1. जल आपूर्ति अभिकरण द्वारा प्रत्येक तीन महीने पर राज्य प्रयोगशाला या अन्य सरकारी संस्था से लैब टेस्ट कराते हुए नगरपालिका को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
2. रिवर्स ऑस्मोसिस वाटर (आर० ओ० वाटर) के लिए मात्र बोरिंग/कुऑं का पानी उपयोग करना अनिवार्य होगा। नगरपालिका के अनुमति के बिना बोरिंग अथवा कुऑं खोदकर सयंत्र संचालन किए जाने की स्थिति में उक्त बोरिंग/कुऑं को नगरपालिका द्वारा भर दिया जाएगा। साथ ही आर० ओ० वाटर सयंत्र के चलते यदि नगरपालिका अंतर्गत किसी क्षेत्र/वार्ड में भूमिगत जल स्तर कम हो रहा है जिसके फलस्वरूप आमजनों को पानी की किल्लत हो रही है, तो ऐसी स्थिति में नगरपालिका एक निश्चित अवधि के लिए उस क्षेत्र में सयंत्र/सयंत्रों को बंद कर सकेगी अथवा सयंत्र/सयंत्रों को निकाय क्षेत्र से बाहर अधिश्ठापित किए जाने हेतु कार्रवाई कर सकेगी।
3. जल आपूर्ति अभिकरण को वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) का निर्माण कराना अनिवार्य होगा।
4. डिजीटल फ्लो मीटर लगाना एवं प्रत्येक दिन लॉगबुक का संधारण करना अनिवार्य होगा।
5. जल आपूर्ति अभिकरण द्वारा पानी फिल्टर करने के उपरांत अनुपयोगी पानी के लिए भूजल पूर्णभरण पिट (Ground Water Recharge Pit) बनाना अनिवार्य होगा।
6. झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 झारखण्ड जल कार्य, जल अधिभार एवं जल संयोजन नियमावली 2020 केन्द्रीय भूमि जल प्राधिकरण की अधिसूचना एवं पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
7. जल आपूर्ति अभिकरण के संचालक द्वारा नगरपालिका को जरूरी दस्तावेजों (आधार कार्ड, कम्पनी या फर्म के पंजीकरण कागजात, अद्यतन बिजली बिल, अद्यतन होल्डिंग कर रसीद) के साथ आवेदन विधिवत रूप से भरकर जमा करना होगा।
8. केन्द्रीय भूगर्भ जल प्राधिकार के द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र देना होगा।
9. जल आपूर्ति अभिकरण द्वारा फोटो के साथ वर्षा जल संचयन संरचना का विवरण जमा करना होगा। खुली भूमि के मामले में लाईसेंस धारक द्वारा एक हलफनामा समर्पित करना होगा कि संरचना का निर्माण होने के बाद वर्षा जल संचयन संरचना की जाएगी।
10. आर० ओ० वाटर सयंत्र के संचालनकर्ता को निबंधन/नवीनीकरण के लिए अनुमति आवेदन पत्र 500.00 (पाँच सौ) रूपये शुल्क देकर इस कार्यालय से प्राप्त करना होगा।
11. अनुज्ञप्ति शुल्क जल आपूर्ति अभिकरण द्वारा अनुज्ञप्ति शुल्क के रूप में नगरपालिका को राशि 5,000.00 (पाँच हजार) रूपये एवं जल आपूर्ति अभिकरण द्वारा वार्शिक शुल्क के रूप में नगरपालिका को संचालित करने वाले व्यक्ति को राशि 20,000.00 (बीस हजार) रूपये मात्र का निर्धारित शुल्क जमा करना होगा।
12. जल आपूर्ति अभिकरण द्वारा आर० ओ० वाटर उपचार संयत्र के अनुज्ञप्ति का प्रत्येक वर्ष नवीनीकरण कराना अनिवार्य है।
13. नगरपालिका क्षेत्र के भीतर अनुज्ञप्ति प्राप्त कोई रिवर्स ऑस्मोसिस वाटर (आर० ओ०) उपचार सयंत्र यदि केन्द्रीय भूमि जल प्राधिकरण के मार्गनिर्देशिका तथा इस नियमावली का उल्लंघन करता है, तो सक्षम प्राधिकार द्वारा उक्त सयंत्र को अनुज्ञप्ति की अवधि शेश रहते हुए भी बंद कर दिया जाएगा। साथ ही सक्षम प्राधिकार द्वारा भविश्य में सयंत्र के संचालक का कोई अनुज्ञप्ति प्रदान नहीं की जाएगी।
14. केन्द्रीय भूगर्भ जल पर्शद के मापदण्डों के अनुसार शहरी क्षेत्र में भूगर्भ से जल निकासी हेतु विभक्त चार क्षेत्रों (क) सुरक्षित क्षेत्र- अनुज्ञप्ति की अनुमति दी जाएगी, (ख) अर्द्ध गंभीर क्षेत्र- अनुज्ञप्ति की अनुमति दिनांक 31.03.2026 तक दी जाएगी, (ग) गंभीर क्षेत्र- तीन माह के लिए अनुज्ञप्ति की अनुमति दी जाएगी एवं (घ) अत्यधिक दोहन क्षेत्र- अनुज्ञप्ति की अनुमति नहीं दी जाएगी।
15. जल आपूर्ति अभिकरण को नगरपालिका से अनुज्ञप्ति प्राप्त किये बिना आर० ओ० वाटर उपचार सयंत्र संचालित किए जाने पर राशि 50,000.00 (पचास हजार) रूपये का जुर्माना के तौर पर सिमडेगा नगर परिषद कार्यालय में जमा कराने होंगे। दण्ड जमा नहीं किये जाने की स्थिति में नगरपालिका द्वारा 'आर० ओ० वाटर उपचार सयंत्र' को सील कर दिया जाएगा।
16. समय-समय पर कार्यालय नगर परिशद सिमडेगा द्वारा दिये गये निदेशों का अनुपालन करना होगा।
17. बिना कारण बताए अनुज्ञप्ति को किसी भी समय रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

प्रशासक,
नगर परिषद सिमडेगा

PR 349049 (Simdega)24-25*D


# बिना माइनिंग चालान वाले 11 हाइवा जब्त, माफियाओं में हड़कंप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़/ हिरणपुर :** जिले में स्टोन चिप्स की अवैध तस्करी बदसूरत जारी है। माफियाओं पर लगाम लगाने हेतु जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में विगत ११ मार्च को हुई जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में अवैध खनन के विरूद्ध सख्ती से निपटने के निर्देश भी दिए थे। वहीं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा था कि अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। अवैध खनन, परिवहन और भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों पर अर्थ दंड लगायें और उनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

**बिना माइनिंग चालान वाले 11 हाइवा जब्त**

बीती रात बिना माइनिंग चालान के स्टोन चिप्स से लदे ओवरलोड वाहनों के परिचालन के खिलाफ पाकुड़ जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुमार व हिरणपुर थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने मोर्चा संभालते हुए बड़ी कार्रवाई की है। उपरोक्त कार्रवाई हिरणपुर थाना इलाके के कस्तूरी में संयुक्त छापेमारी कर 11 ओवरलोडेड हाइवा को जब्त किया गया है, इन हाइवा में स्टोन चिप्स लदे थे जिसका मौके पर कोई वैद्य कागजात नहीं पाया गया। पुलिस सभी जब्त हाइवा के विरुद्ध हिरणपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

# उपायुक्त ने प्रोजेक्ट समावेश के तहत मतदाताओं को जोड़ने का दिया निर्देश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने जिले के सभी बीएलओ के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक की। बैठक में प्रोजेक्ट समावेश के तहत सभी पी.भी.टी.जी. मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं, थर्ड जेंडर के मतदाताओं, युवा मतदाताओं (17-18 वर्ष) और वयोवृद्ध मतदाताओं को जोड़ने के साथ मतदाता सूची के शुद्धीकरण का निर्देश दिया गया एवं इसके लिए 22 मार्च से 25 मार्च तक मिशन मोड में घर-घर जाकर कार्य करने का भी निर्देश दिया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े, पेंशन संबंधी आंकड़े, जन्म मृत्यु पंजीकरण संबंधी आंकड़े और आपूर्ति के आंकड़ों से भी सहायता ली जा सकती है। उपायुक्त ने कहा कि इसकी समीक्षा नियमित रूप से की जाएगी। प्रत्येक इछड को संलग्न प्रपत्र में प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा और प्रत्येक दिन अपराह्न 4 बजे तक जिला निर्वाचन शाखा को उपलब्ध कराया जाएगा।

## टीबी के खिलाफ तेज करनी होगी जंग

भारत लंबे समय से टीबी की बीमारी से जंग लड़ रहा है। अब टीबी को लेकर एक डरावनी स्टडी सामने आई है। जर्नल प्लस मेडिसीन की स्टडी के मुताबिक, भारत में अनुमान है कि 2021 से 2040 तक टीबी के 6 करोड़ केस और 80 लाख मौतें हो सकती है। स्टडी के मुताबिक भारत को इस बीमारी के चलते न सिर्फ जान का नुकसान होगा बल्कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को 146 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान होने की संभावना है। लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन यूके के रिसर्चर ने कहा कि इसके चलते कम आय वाले मिडिल क्लास परिवार ज्यादा संकट में है। उनको स्वास्थ्य संबंधी बोझ झेलना पड़ सकता है। जबकि अमीर परिवारों को आर्थिक बोझ झेलना पड़ सकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वैश्विक क्षय रोग (टीबी) रिपोर्ट 2024 जारी की है, जिसमें 2024 में दुनिया की 99 प्रतिशत से अधिक आबादी और टीबी के मामलों वाले 193 देशों के डेटा को शामिल किया गया है। यह रिपोर्ट वैश्विक, क्षेत्रीय और देश स्तर पर टीबी महामारी एवं रोग की रोकथाम, निदान और उपचार में प्रगति का व्यापक व अद्यतन मूल्यांकन प्रदान करती है। रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष के अनुसार 2023 में भारत में लगभग 25.2 लाख टीबी के मामले सामने आये थे। जो 2022 में 24.2 लाख मामलों से अधिक थे। भारत और इंडोनेशिया में वर्ष 2021 से 2023 तक टीबी के वैश्विक मामलों में कुल वृद्धि 45 प्रतिशत थी। दुनिया के पांच देश भारत, इंडोनेशिया चीन, फिलीपींस, पाकिस्तान में टीबी के कुल वैश्विक मरीजो के 56 प्रतिशत थे।

भारत में वर्ष 2015 से 2023 के मध्य टीबी के मामलों में 18 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 2025 तक 50 प्रतिशत कमी के लक्ष्य से बहुत कम है। इसी प्रकार टीबी से संबंधित मौतों में 75 प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले केवल 24 प्रतिशत की कमी आई है। वैश्विक स्तर पर 2023 में 82 लाख लोगों में टीबी के नए मामलें देखे गए। यह वर्ष 1995 में डब्ल्यूएचओ द्वारा निगरानी शुरू करने के बाद से सबसे अधिक संख्या है। 2023 में टीबी कोविड-19 को पीछे छोड़ते हुए पुनः प्रमुख संक्रामक रोग बन गया है।

टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो संक्रमित लोगों के खांसने, छींकने या थूकने से फैलती है। यह आमतौर पर फेफड़ों को प्रभावित करती है। लेकिन यह शरीर के किसी भी हिस्से में फैल सकती है। इस बीमारी का इलाज तो है बशर्ते लोग नियमित रूप से दवा लें। हर वर्ष 24 मार्च को पूरे विश्व में टीबी (विश्व क्षय रोग) दिवस मनाया जाता है। इस दिन टीबी यानि तपेदिक रोग के बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है। भारत में बहुत बड़ी आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन गुजार रही है। देश में जब तक गरीबी दूर नहीं होगी तब तक टीबी पर पूर्णतया रोक नहीं लग पायेगी।

एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में स्वास्थ्य सेवा का बड़ा ढांचा कमजोर है और स्वास्थ्य कर्मचारियों की भारी कमी है। इसके अलावा बीमारी का शुरूआती दौर में पता लगने में दिक्कत और सही इलाज का मिलना चुनौती बनी हुई है। विश्व में भारत पर टीबी का बोझ सबसे अधिक है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में टीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर लिया गया है। इसका उद्देश्य टीबी के नए मामलों में 95 प्रतिशत की कमी करना और टीबी से मृत्यु में 95 प्रतिशत की कमी लाना है। देश में जिन टीबी रोगियों का इलाज चल रहा है उन्हें सरकार 500 रुपये प्रतिमाह प्रदान करती है। टी.बी माइक्रोबैक्टीरियम नामक बैक्टीरिया की वजह से होता है। यह बैक्टीरिया फेफड़ों में उत्पन्न होकर उसमें घाव कर देते हैं। यह कीटाणु फेफड़ों, त्वचा, जोड़ों, मेरूदण्ड, कण्ठ, हड्डियों, अंतडियों आदि पर हमला कर सकते हैं। दुनिया में छह-सात करोड़ लोग इस बीमारी से ग्रस्त हैं और हर वर्ष 25 से 30 लाख लोगों की इससे मौत हो जाती है। दुनिया में बीमरियों से मौत के 10 शीर्ष कारणों में टीबी को प्रमुख बताया गया है।

एक अनुमान के मुताबिक भारत में रोजाना करीब आठ सौ लोगों की मौत टीबी की वजह से हो जाती है। भारत में टीबी के करीब 10 प्रतिशत मामले बच्चों में हैं। लेकिन इसमें से केवल छह प्रतिशत मामले ही सामने आते हैं।

### सूडोकु नवताल- 7378

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7377 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

# न्यायिक प्रक्रिया में सुधार सर्वोच्च प्राथमिकता हो

**ललित गर्ग**



भारत की न्याय प्रणाली विसंगतियों एवं विषमताओं से घिरी है। न्याय-व्यवस्था जिसके द्वारा न्यायपालिकाएं अपने कार्य-संचालन करती है वह अत्यंत महंगी, अतिविलंबकारी और अप्रत्याशित निर्णय देने वाली है। ह्यन्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी राज्य व्यवस्था के व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है ह्ल ह्यन्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता है ह्ल एक ही प्रकृति के मामलों में अलग-अलग फैसले आना, कुछ न्यायाधीश कभी-कभी व्यक्तिगत पसंद के आधार पर मामलों को चुनते देखे जाते हैं, कुछ वकीलों को केस असाइनमेंट और सुनवाई के समय के मामले में तरजीह दी जाना, आंशिक सुनवाई के मामलों की प्रथा आदि भारतीय न्यायिक व्यवस्था में विद्यमान चुनौतियों एवं विसंगतियों को दूर करने के लिये न्याय प्रक्रिया में आमूल-चूल परिवर्तन की अपेक्षा है। हाल ही में यह बात सामने आई है कि एक मौजूदा न्यायाधीश के आवास पर बड़ी मात्रा में नकदी पाई गई। इस तरह की घटना, किसी भी चल रही जांच के बावजूद, न्यायपालिका की ईमानदारी और निष्पक्षता पर एक बदनुमा दाग है। न्यायपालिका ईमानदारी, निष्पक्षता और कानून के समक्ष समान व्यवहार के मूल्यों पर आधारित लोकतंत्र के चार स्तंभों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्तंभ है। न्यायालयों की ईमानदारी में जनता और कानूनी समुदाय का विश्वास बहाल करने के उद्देश्य से कानून में क्रांतिकारी बदलाव की अपेक्षा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना भारत के सर्वोच्च न्यायालय के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में इसके लिये तत्पर है और वे न्याय-प्रक्रिया की कमियों एवं मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं, उनमें सुधार के लिये जागरूक दिखाई दे रहे हैं। निश्चित ही उनसे न्यायपालिका में छाये अंधेरे सायों में सुधार रूपी उम्मीद की किरणें दिखाई देने लगी है। स्वल्प समय में ही सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में वे कई महत्त्वपूर्ण फैसलों के कारण चर्चा में हैं। प्रधान न्यायाधीश के रूप में उन्होंने देश की न्यायपालिका के आमूल-चूल स्वरूप में परिवर्तन पर खुलकर जो विचार रखे हैं, वे साहसिक एवं दूरगामी सोच से जुड़े होने के साथ आम लोगों की धारणा से मेल खाते हैं। नया भारत बनाने एवं सशक्त भारत बनाने के लिये न्यायिक प्रक्रिया में सुधार सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस खन्ना के सामने अनेक चुनौतियां हैं, उनका मार्ग कंटकाकीर्ण हैं। उनके द्वारा शुरू किये कानून सुधार-अभियान की किसी पहल का विरोध होना स्वाभाविक है। न्यायपालिका में जजों की नियुक्ति के लिए बनाए गए कॉलेजियम सिस्टम पर भी सवाल उठाए गए। न्यायिक प्रणाली, जो निष्पक्षता और पारदर्शिता के सिद्धांतों पर टिकी हुई है, न केवल निंदा से परे होनी चाहिए बल्कि जनता द्वारा भी देखी जानी चाहिए। न्यायालयों के भीतर एक व्यापक आत्मनिरीक्षण किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि न्यायिक प्रक्रिया बेदाग रहे और न्यायपालिका के बारे में जनता की धारणा को उसके सही परिप्रेक्ष्य पर बहाल किया जा सके। न्यायालयों की निष्पक्षता में आम आदमी का विश्वास सर्वोपरि है, और इस विश्वास को खतरे में डालने वाली किसी भी घटना से शीघ्रता और विवेकपूर्ण तरीके से निपटा जाना चाहिए।

न्यायालयों के कामकाज की पवित्रता बनाए रखने के लिए उनकी समीक्षा की जानी जरूरी है। यह बहुत स्पष्ट है कि कुछ न्यायाधीश, कभी-कभी, व्यक्तिगत पसंद के आधार पर मामलों चुनते देखे जाते हैं, जो न्यायिक प्रक्रिया की एकरूपता और निष्पक्षता को कमजोर करता है। निष्पक्षता सुनिश्चित करने और पक्षपात या पक्षपात की किसी भी झलक से बचने के लिए मामलों का चयन करने का विवेक सीमित होना चाहिए। यह आवश्यक है कि सभी मामलों को एक स्थापित, पारदर्शी रोस्टर प्रणाली के आधार पर निष्पक्ष रूप से आवंटित किया जाए। यह भी न्याय-प्रक्रिया की एक बड़ी विसंगति है कि कुछ वकीलों को केस असाइनमेंट और सुनवाई के समय के मामले में तरजीह दी जाती है। इस तरह की प्रथाएं न्याय की नींव को ही नुकसान पहुँचाती हैं, क्योंकि वे अनुचित पक्षपात का कारण बन सकती हैं। किसी भी वकील को, चाहे उनकी स्थिति या पद कुछ भी हो, न्यायिक प्रक्रिया में अनुचित लाभ प्राप्त करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

सर्वप्रथम तो भारत के न्यायपालिका का संस्थागत चरित्र बदलने की जरूरत है। यह सामंती है और इसे इसके स्थान पर लोकतांत्रिक बनाना होगा। संवैधानिक जजों की चयन प्रक्रिया बहुत ही अलोकतांत्रिक है, जिसमें संविधान में वर्णित ह्यहम भारत के लोग इनकी कोई भूमिका नहीं है। यहां पहले से पदासीन चले आ रहे लोग अपनी पसंद के लोगों को चुनकर पदों पर बिठा देते हैं, देखते ही देखते कुछ ही वर्षों में भारत का पूरा न्यायिक तंत्र कुछ परिवारों के कब्जे में आ गया है। वर्तमान सरकार ने परिवारवादी राजनीति के साथ परिवारवादी न्याय-व्यवस्था में सुधार किये हैं। आजादी के अमृत महोत्सव की चौखट पार कर चुके देश की न्याय व्यवस्था अभी तक औपनिवेशिक शिकंजे में जकड़ी हुई है। उच्चतर न्यायालयों की भाषा अंग्रेजी है तो अधिकांश निचली अदालतों की कार्रवाई और पुलिस विवेचना की भाषा उर्दू है। वह आम आदमी के पल्ले नहीं पड़ती। समय आ गया है कि यह सब आम आदमी की भाषा में हों। वर्षों-वर्ष चलने वाले मुकदमों का खर्च भी बहुत ज्यादा है। न्याय प्रक्रिया की कोई सीमा-अवधि नहीं है। इसलिए निचली अदालतों से लेकर उच्चतम न्यायालय तक समस्त न्यायालयों को दो पालियों में चलाने का प्रावधान किया जाना चाहिए। नए न्यायालय भी स्थापित किए जाने चाहिए। न केवल न्यायाधीशों के रिक्त पदों को भरा जाना चाहिए, बल्कि जनसंख्या और लंबित मामलों का संज्ञान लेते हुए न्यायिक कर्मियों की नियुक्ति भी की जानी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस खन्ना के ताजा वक्तव्यों में ऐसे ही सुधार को अपनाने के संकेत मिल रहे हैं, जो स्वागतयोग्य होने के साथ सराहनीय भी है।

निचली अदालतों से लेकर शीर्ष अदालत तक किसी भी मामले के निपटारे के लिए नियत अवधि और अधिकतम तारीखों की संख्या तय होनी ही चाहिए। जैसाकि अमेरिका में किसी भी मामले के लिये तीन वर्ष की अवधि निश्चित है। लेकिन भारत में मामले 20-30 साल चलना साधारण बात है। तकनीक का प्रयोग बढ़ाने और पुलिस द्वारा की जाने वाली विवेचना में भी सुधार जरूरी है। एक सक्षम न्यायिक नियुक्ति आयोग का गठन करके इन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। उत्कृष्ट लोकतान्त्रिक देशों की तरह भारत की एक अत्यंत शक्तिशाली व स्वतंत्र न्यायपालिका है। न्यायपालिका केवल न्याय देने का ही काम नहीं करें, बल्कि सरकार की कमियों पर नजर रखना एवं उसे चेताना भी उसका दायित्व है। न्यायपालिका की हठधर्मिता, विधायिका और कार्यपालिका का न्यायिक सुधार के संबंध में उपेक्षात्मक रुख साथ-साथ भारतीय जनमानस की उदासीन भूमिका ऐसी जड़ताएं हैं जिसने अपार पीड़ा को सहते हुए भी न्यायिक सुधार की दिशा में कदम उठाने के लिए सरकारों पर दबाव बनाने का कार्य कभी नहीं किया गया, जो मिला उसे नियति मानकर स्वीकार कर लिया। अनेक मामलों में अन्यायपूर्ण न्याय को स्वीकारना ही आम जनता की विवशता रही है।

# बिहार के चुनाव में कब बनेगा विकास का मुद्दा?



**मनोज कुमार मिश्र**

दिल्ली के बाद बिहार चुनावी अखाड़ा बन गया है। लोकसभा चुनाव के बाद पहले हरियाणा, महाराष्ट्र और फरवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भाजपा के हौसले बुलंद हैं। बावजूद इसके भाजपा बिहार में फिर से मौजूदा मुख्यमंत्री और जनता दल (एकी) के नेता नीतीश कुमार को ही मुख्यमंत्री का चेहरा बनाकर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। भाजपा ने बिहार में छोटे-छोटे दलों के साथ चुनाव लड़कर देख लिया है। उसे अच्छी सफलता जद (एकी) के साथ लड़ने पर ही मिली। दूसरा बिहार के जातीय समीकरण में भाजपा को इस गठबंधन के साथ यानी राजग (राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन) के नाम से चुनाव लड़ने में राजनीतिक लाभ भी दिख रहा है। नीतीश कुमार भी भाजपा से उपकृत हैं। 2020 के चुनाव में ज्यादा सीटें लड़ने के बावजूद जनता दल (एकी) को भाजपा से काफी कम सीटें मिलीं। भाजपा ने बड़ा दिल दिखाते और चुनावी वादे के अनुरूप नीतीश कुमार को ही मुख्यमंत्री बनाया था। 243 सीटों वाली विधानसभा में जद (एकी) 115 सीटें लड़ कर 43 सीटें जीती जबकि भाजपा 110 सीटें लड़कर 74 सीटें जीती। सवाल यह इस बार के लिए महत्वपूर्ण है कि राजग के घटकों में कौन कितनी सीटें पाएगा और क्या ज्यादा सीटें लाकर भी भाजपा फिर से नीतीश कुमार को ही मुख्यमंत्री बनाएगी।

यह तो तय ही है कि पिछली बार की तरह इस बार भी मुख्य मुकाबला भाजपा, जद (एकी), चिराग पासवान की पार्टी लोजपा और जीतन राम मांझी की पार्टी हम आदि राजग के दलों और लालू यादव के पुत्र तेजस्वी यादव की राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस और महागठबंधन के दलों के बीच ही होना है। सीटों और तालमेल का जितना विवाद राजग में होने की आशंका है उससे कई गुणा विवाद महागठबंधन में होता दिख रहा है। अभी तो जिस तरह की पैंतरेबाजी राजद और कांग्रेस में चल रही है, उससे तो साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के वजूद पर ही सवाल उठने लगे हैं। 2020 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव में बिहार में इन दलों की हैसियत में काफी बदलाव आया। सत्ता में न आ पाने के बावजूद विधानसभा चुनाव में राजद को सबसे ज्यादा 75 सीटें मिली थी। लोकसभा चुनाव में राजग को 40 में से 30 सीटें मिली। उस चुनाव में भी महागठबंधन के दोनों बड़े दलों में तनातानी खूब हुई थी। राजीव रंजन उर्फ पप्पू यादव के लिए लालू यादव पूर्णिया की सीट छोड़ने को तैयार नहीं हुए। विपरीत परिस्थियों में पप्पू यादव ने बतौर बागी उम्मीदवार लड़कर वह सीट जीत ली। वे पहले भी काफी समय से लालू यादव और उनके लोगों के खिलाफ बोलते रहे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद तो वे खुलकर खिलाफ बोलने लगे हैं।

दोनों दलों में विवाद का दूसरा नाम जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार का है। वे भाकपा की छात्र शाखा एआईएसएफ से भाकपा में आकर 2019 का लोकसभा चुनाव बिहार के बेगुसराय से लड़े। कहते हैं कि तब ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी उन्हें अपनी पार्टी से उसी सीट से लड़ाना चाहते थे। उस चुनाव में कन्हैया कुमार को सफलता नहीं मिली। 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस में शामिल होने पर कांग्रेस उन्हें बिहार से चुनाव लड़वाना चाहती थी लेकिन लालू यादव के विरोध के चलते उन्हें दिल्ली उत्तर पूर्व सीट से चुनाव लड़वाया गया। उन्हें इस बार भी सफलता नहीं मिली। बावजूद इसके उन्हें दिल्ली विधानसभा चुनाव में सक्रियता से कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार किया। उसके तुरंत बाद उन्हें बिहार में सक्रिय किया गया। वे एनएसयूआई की पलायन रोको और नौकरी दो, पदयात्रा की अगुवाई कर रहे हैं। चुनाव की तैयारी शुरू करते ही कांग्रेस ने दलित विधायक राजेश कुमार को प्रदेश की बागडोर सौंपी है। कहा जाता है कि लालू यादव अपने गठबंधन में ऐसा कोई नेता स्वीकारने को तैयार नहीं हैं, जो मुख्यमंत्री के लिए उनके पुत्र तेजस्वी यादव की दावेदारी को चुनौती दे।

वैसे तो देशभर के चुनाव में ही जातीय समीकरण प्रभावी रहता है लेकिन बिहार तो जातिवाद और जाति के हिसाब से राजनीति के लिए शुरू से ही बदनाम रहा है। संख्या बल के हिसाब से ऊंची कहे जाने वाली (सवर्ण) जातियों की संख्या कम है इसलिए हर दल को फोकस पिछड़ी जाति, दलित और अल्पसंख्यक हैं। माना जाता है कि भाजपा के खिलाफ ही अल्पसंख्यक (मुसलिम) वोट डलते हैं लेकिन भाजपा के साथ चुनाव लड़ने पर भी उसके सहयोगी दलों को अल्पसंख्यकों के एक वर्ग का वोट मिल जाता है। यह भी माना ही जा रहा है कि करीब 20 साल मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे नीतीश कुमार का यह आखिरी चुनाव है। वे खुद एक मजबूत पिछड़ी जाति से आते हैं। इतने लंबे समय तक सत्ता में रहने पर उन पर एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। तमाम विरोध के बावजूद उनके शराबबंदी के फैसले का बड़ी तादाद में गरीब महिलाओं का समर्थन आज भी उन्हें मिलता है। उनकी लगातार होती जीत का एक आधार महिलाएं हैं। लालू यादव के जंगल राज से उलट उनकी छवि सुशासन बाबू की बनी हुई है। कई उल्लेखनीय काम उनके खाते में है लेकिन वे बिहार को विकास की दौड़ में शामिल करने में पूरी तरह से सफल नहीं हो पाए। न ही पलायन रुका और न ही बड़े पैमाने पर रोजराग के अवसर पैदा हुए। केन्द्र सरकार के सहयोग से हर गांव सड़क से जुड़ा। हर गांव में बिजली पहुंची। कई और केन्द्रीय योजनाओं का लाभ बिहार के लोगों को मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता का लाभ इस गठबंधन और खास करके भाजपा को होगा ही। अगर सीटों पर विवाद नहीं हुआ तो इस गठबंधन की राह ज्यादा कठिन नहीं है। नीतीश कुमार सरकार के राजगीर, नालंदा में हुए काम मील के पत्थर साबित हो रहे हैं। उम्र बढ़ने का उन पर हो रहे असर से उन्हें और उनकी सरकार का नुकसान हो रहा है। उनके हाल के कुछ बयान विवादास्पद रहे हैं। यह भी सत्य है कि शराबबंदी से राज्य के राजस्व का काफी नुकसान हुआ है और बड़ी मात्रा में बिहार में शराब की तस्करी हो रही है।

अभी हाल ही में एक जाति विशेष के गुंडों ने अलग-अलग स्थानों पर दो एएसआई की हत्या कर दी। कई और बड़े अपराध हुए। बावजूद इसके जिस बिहार ने लालू यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी का जंगल राज भोगा है, वे कानून व्यवस्था के नाम पर लालू यादव की पार्टी का साथ नहीं दे सकते। बिहार चुनाव में जातिवाद प्रभावी होता है इसलिए यादव बिरादरी का भरपूर समर्थन राजद को मिलेगा ही। उसी तरह कुर्मी वोटों का बड़ा हिस्सा जनतादल (एकी) का माना जाता है। बाकी पिछड़ी जातियों को अपने पक्ष में लाने की होड़ सभी दलों में लगी है। भाजपा ने पहले एक मजबूत पिछड़ी जाति के नेता सम्राट चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री बनाया, अब दूसरी पिछड़ी जाति के दिलीप जायसवाल को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है। वैसे पढ़े-लिखे कद्दावर नेता सुशील कुमार मोदी के निधन के बाद उन जैसा दूसरे कद्दावर नेता की भाजपा को तलाश है। राजग के एक घटक के नेता उपेन्द्र कुशवाहा भी अपनी बिरादरी में बड़ी दखल रखते हैं। दलित वोटों के दावेदार दोनों ही गठबंधनों में हैं। भाजपा और जद(एकी) को दलितों के एक वर्ग का समर्थन मिलता ही रहा है। केन्द्रीयमंत्री चिराग पासवान और जीतन राम मांझी भी इस गठबंधन में दलित वर्ग को जोड़ते ही हैं।

# भारत तो स्वाभाविक रूप में प्रसन्न राष्ट्र है



**हृदयनारायण दीक्षित**

प्रसन्नता की माप असंभव है। कोई साधारण व्यक्ति अपने घर, परिवार और पेशे से संतुष्ट है। वह गीत गाता मिलेगा। कोई व्यक्ति तमाम साधनों के बावजूद तनाव में है। वह अप्रसन्न दिखाई पड़ेगा। प्रसन्नता मापने का कोई उपकरण नहीं है। इसलिए ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के वेल्बीइंग रिसर्च सेंटर की प्रसन्नता मापने की रिपोर्ट को पढ़कर मजा लिया जा सकता है। ऐसी रिपोर्ट्स हर साल जारी होती हैं। ताजा रिपोर्ट में पाकिस्तान को भारत की तुलना में ज्यादा प्रसन्न बताया गया है। सबकी खुशी अलग-अलग होती है। पाकिस्तान में सेना और आईएसआई सबको खुश रखती है। आतंकवाद का संरक्षण भी पाकिस्तान की खुशी का कारण हो सकता है। प्रसन्न और अप्रसन्न होने का कोई पैमाना नहीं है। प्रसन्नता को मापने के लिए 6 प्रमुख आधार बताए गए हैं। पहला सामाजिक सहयोग है। आय, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता, उदारता और भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति भी आधार हैं। ताजा रिपोर्ट में फिनलैंड प्रथम है। डेनमार्क दूसरा है। तीसरा आइसलैंड है। रिपोर्ट में अफगानिस्तान को सबसे बुरा प्रदर्शनकर्ता बताया गया है। 147 देशों की सूची में भारत को 118वां स्थान दिया गया है। वर्ष 2022 में भारत 94वें स्थान पर था। रिपोर्ट की मानें तो भारत नेपाल, चीन जैसे पड़ोसी देशों से भी पीछे है। राष्ट्रीय प्रसन्नता सूचकांक की धारणा 1972 में भूटान से प्रारंभ हुई थी। वैश्विक प्रसन्नता के यह आंकड़े भारतीय परिस्थितियों में उचित नहीं जान पड़ते। भारत सभी क्षेत्रों में प्रतिष्ठित है और राष्ट्र के अभ्युदय के लिए प्रयासरत है। भारत स्वाभाविक रूप में प्रसन्न राष्ट्रीयता है।

प्रसन्नता भाव है। निस्संदेह आय आदि उपलब्धियां प्रसन्न होने का अवसर देती हैं। लेकिन सामान्य जरूरतों के आधार पर पूरे देश को प्रसन्न या अप्रसन्न नहीं कहा जा सकता। प्रसन्नता आंतरिक सुखानुभूति है। यह कार-बंगला जैसी उपलब्धि नहीं है। प्रसन्नता अस्तित्व की प्रीति का परिणाम होती है। ऋग्वेद में सोम देवता से की गई एक स्तुति में 'मुद मोद प्रमोद' एक साथ मांगे गए हैं। ऋषि कहते हैं, 'उन्हें ऐसे क्षेत्र में रहने का अवसर दें जहां मुद मोद प्रमोद एक साथ हों।' इसी स्तुति में वे जल भरी नदियों की भी प्रार्थना करते हैं और सुन्दर राजव्यवस्था की भी। फिर अन्न और दूध की भी स्तुति करते हैं। वे सारी दुनिया की प्रसन्नता चाहते हैं।

आवश्यक वस्तुओं का अभाव दुखी करता है। वैसे अभाव भी भाव है। प्रत्यक्ष जगत में अभाव कोई वस्तु या पदार्थ नहीं है। किसी वस्तु या पदार्थ का न होना अभाव कहा जाता है। वैशेषिक दर्शन में अभाव को भी एक पदार्थ माना गया है और उसके प्रभाव की चर्चा भी की गई है। सब प्रसन्न रहना चाहते हैं। अभाव दुखी करता है। लेकिन दुख का अभाव प्रसन्नता कहा जाता है। सुख का कारण दुख का अभाव भी हो सकता है। रिपोर्ट की माने तो भारत अतिक्षुब्ध अप्रसन्न देश है। प्रसन्नता के अवसर भारत में हैं ही नहीं। वैदिक ऋषि 100 वर्ष की स्वस्थ आयु चाहते थे। उन्होंने 100 वर्ष तक स्वस्थ रहने और प्रसन्न रहने की स्तुतियां की थीं। ईशावास्योपनिषद के पहले मंत्र में ही सतत कर्म करते हुए 100 वर्ष के जीवन की प्रार्थना की गई है। प्रसन्नता के मानकों में स्वतंत्रता भी है। स्वतंत्रता आनंद के अवसर देती है। यहां के संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है और अंतःकरण व आस्था की भी। भारतीय संस्कृति दर्शन में प्रसन्न होना आध्यात्मिक भाव है। गीता में इच्छा शून्य चित्त दशा को महत्वपूर्ण बताया गया है। तैत्तिरीय उपनिषद में सुख और आनंद की गहन मीमांसा है। यहां आनंद के अनेक भौतिक स्रोत बताए गए हैं। गीत संगीत और कला भी आनंद के स्रोत हैं। ऐसे स्रोतों का उल्लेख करते हुए ऋषि कहते हैं, "कामना शून्य ज्ञानी प्रसन्नता के वाह्य उपकरणों की तुलना में इच्छाशून्यता में सहस्त्रों गुना आनंद पाते हैं।"

सामूहिक जीवन की महत्ता वैदिक काल से ही है। सामूहिकता में प्रसन्नता का प्रसाद होता है। भारत में प्रतिपल उत्सव हैं। तमाम पर्व और त्यौहार हैं। तीर्थाटन हैं। उत्सव आनंदधर्म हैं। होली, दीपावली, विजयदशमी, बुद्ध पूर्णिमा, नागपंचमी, रक्षाबंधन जैसे सहस्त्रों उत्सव प्रसन्नता देते हैं। लेकिन यूरोपीय, अमेरिकी सरोकारों के चलते यहां भौतिक उपकरणों से प्रसन्न होने की आदत बढ़ रही है। कुछ लोग इसे आधुनिकता कहते हैं। विदेशी सभ्यता का अनुसरण आधुनिकता नहीं है। भारत की आधुनिकता प्राचीनता का ही विस्तार होनी चाहिए। उधर की आधुनिकता नहीं। प्रसन्न राष्ट्रीयता ने ही धरती से लेकर आकाश तक प्रसन्न होने के आलम्बन खोजे हैं। हम नदियां देखते हैं। चित्त प्रसन्न हो जाता है। अथर्ववेद के ऋषि को नदियां नाद करते दिखाई सुनाई पड़ती हैं। ऋषि नदी से कहते हैं, "हे सरिता आप नाद करते हुए बहती हैं। इसलिए आप का नाम नदी है। आकाश में मेघ आते हैं। वे सुन्दर लगते हैं। प्रसन्न करते हैं। वर्षा आती है। प्रसन्न रस से भिगो देती है। पेड़ पौधे भी वर्षा से प्रसन्न दिखाई पड़ते हैं।"

भारत स्वाभाविक रूप में प्रसन्न राष्ट्र है। ज्ञान प्रसन्न करता है। धर्म प्रसन्न करता है। ऋग्वेद के अनुसार राष्ट्र भी प्रसन्न करता है। कर्तव्य पालन में प्रसन्नता है। दुनिया को एक परिवार जानने का राष्ट्रभाव प्रसन्न करता है। इतिहासबोध में राष्ट्रीय गौरव के तमाम अमृत कथानक हैं। वे प्रसन्न करते हैं।

## दैनिक पंचांग

**23 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**रविवार** 2025 वर्ष का 82 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** नवमी 05.39 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 00.18 बजे रात्र को समाप्त। **योग** वरीयान 17.59 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 17.37 बजे तदनन्तर गर 05.39 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 23.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 01°02' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872292 **जूलियन दिन** 2460757.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रमजान **तारीख** 22 **विशेष** शहीद दिवस।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 07.10 बजे से |
| चंद्र | धनु में | वृष | 08.50 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 10.48 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 13.02 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 15.18 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 17.30 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 19.41 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.55 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 00.11 बजे से |
| | | मकर | 02.16 बजे से |
| | | कुंभ | 04.03 बजे से |
| | | मीन | 05.36 बजे से |

**राहुकाल** 4.30 से 6.00 बजे तक

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### विद्युत तार की चपेट में आ जाने से युवक की हुई मौत

**मरकच्चो :** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिंधनिया में 11 हजार संचालित विद्युत तार की चपेट में आ जाने से युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के पांडेयडीह निवासी उमेश यादव उम्र 35 वर्ष पिता खेमन महतो के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि मृतक राज मिस्त्री का काम करता था। रोज की भांति शनिवार सुबह अपने गांव के बगल के गांव बिंधनिया में एक नव निर्मित मकान के निर्माण कार्य हेतु गया हुआ था। इसी दौरान वह लोहे का छड़ मकान के छत पर खड़ा करने का प्रयास कर रहा था। मकान की छत ढलाई कार्य हेतु छड़ बंधा जा रहा था तभी छड़ मकान के ऊपर से गुजरे 11 हजार वोल्ट के बिजली के तार के सम्पर्क में आ गया। जिससे उसे बिजली का जोरदार झटका लगा और वह नीचे जमीन पर गिर गया। वही मकान के कार्य में लगे अन्य मजदूरों व मौजूद लोग उसे आनन-फानन में मरकच्चो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहाँ इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजनो ने शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल कोडरमा ले गए।

### बरही में नेहरू की प्रतिमा टूटने के बाद प्राथमिकी दर्ज

**बरही :** बरही के माधोपुर चचरो पार्क में स्थापित देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कड़ी निंदा करते हुए बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस प्रशासन से दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस मामले में बरही थाना में कांड संख्या 99/25 के तहत धारा 324(3) और 353(3) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष ने की मूर्ति पुनर्स्थापना की मांग इधर, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने हजारीबाग उपायुक्त को पत्र लिखकर क्षतिग्रस्त प्रतिमा को शीघ्र पुनर्स्थापित कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि चचरो पार्क हजारीबाग का एक ऐतिहासिक स्थल है, जहां भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने तिलैया डैम की आधारशिला रखी थी। यह स्थान न केवल ऐतिहासिक बल्कि एक प्रमुख दर्शनीय स्थल भी है। श्री वारसी ने आग्रह किया कि आगामी 27 मई से पहले मूर्ति का पुनर्निर्माण कराया जाए, क्योंकि इस दिन पंडित नेहरू की पुण्यतिथि है।

### डुमरियाडीह मस्जिद में तरावी व जश्न-ए-मिलाद का हुआ आयोजन

**बरही :** बरही प्रखंड के डपोक पंचायत स्थित गरजामु डुमरियाडीह मस्जिद में हाफिज और कारी तैयब साहब द्वारा खत्म तरावी पढ़ाया गया। इसके उपरांत जश्न-ए-मिलाद का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। इस दौरान गांव और देश में सुख-शांति और अमन के लिए अल्लाह से विशेष दुआ मांगी गई। कार्यक्रम में हाफिज और कारी तैयब साहब एवं मौवज्जिन कादिर साहब को सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने उन्हें बुके, माला, अंगवस्त्र और सलामी देकर अभिनंदन किया। इस मौके पर अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो. कयूम ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी को मिलकर समाज में शांति और एकता बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर जनाब अब्बास अंसारी, जनाब मंसूर आलम, डॉ. खलील साहब, जलील अंसारी, मो. सिकंदर, हाजी हाशिम साहब, इमाम हाफिज कौशर साहब, आजाद अली, नासिर उद्दीन, अजीज मियां, जहीर अंसारी, सराज अंसारी, मुस्तफा अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डुमरडीहा में करियर मार्गदर्शन और सांस्कृतिक उत्सव का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** पीएम श्री योजना के तहत पीएम श्री राजकीय उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय डुमरडीहा, कोडरमा में आज दिनांक 22 मार्च 2025 को भव्य करियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने की दिशा में विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नीतीश कुमार निशांत ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बच्चों को आत्मविश्वास और सही मार्गदर्शन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सही दिशा में प्रयास करने से सफलता अवश्य मिलती है। सिविल सेवा, चिकित्सा और शिक्षा के विशेषज्ञों ने दिए मार्गदर्शन इस कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने छात्रों को अलग-अलग क्षेत्रों में करियर बनाने की जानकारी दी चाणक्य आईएएस अकादमी की निदेशक साक्षी अभिषेक एवं अंकित भारती ने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी पर मार्गदर्शन दिया और बताया कि समय प्रबंधन और समर्पण से सफलता सुनिश्चित होती है। डॉक्टर अनुराग कुमार सिंह ने डेंटल क्षेत्र में करियर निर्माण की जानकारी दी और इस क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। रामस्वरूप यादव, सहायक प्राध्यापक, जगन्नाथ जैन महाविद्यालय झुमरीतिलैया, ने छात्रों को सामान्य प्रतियोगिता परीक्षाओं एवं प्रोफेसर बनने के मार्ग को विस्तार से समझाया। फिजियोथेरेपिस्ट अमर ज्योति ने फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में करियर के अवसरों पर प्रकाश डाला और इस क्षेत्र में बढ़ती संभावनाओं की जानकारी दी।

## होल्डिंग टैक्स जमा करने की प्रक्रिया को और सुगम बनाने के लिए रविवार को भी खुला रहेगा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** शंभू प्रसाद कुशवाहा प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा के द्वारा बताया गया कि नगर पंचायत क्षेत्र में अवस्थित सभी गृहस्वामियों को सूचित किया जाता है कि चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के बकाया होल्डिंग टैक्स जमा करने की प्रक्रिया को और सुगम बनाने के लिए रविवार को भी जन सुविधा केंद्र खुला रहेगा' वित्तीय वर्ष की अंतिम माह समाप्ति को देखते हुए आमजनों की सुविधा हेतु रविवार को भी जन सुविधा केंद्र खुला रखने का निर्णय लिया गया है' कर दाता अपनी सुविधा अनुसार कल रविवार को भी अपना बकाया टैक्स जन सुविधा केंद्र में जमा कर सकते हैं' यह उन नागरिकों के लिए विशेष अवसर है जो व्यस्तता के कारण अन्य दिनों में कर जमा नहीं कर पाते हैं। मार्च 2025 समाप्ति से पहले अपने बकाया संपत्ति कर का भुगतान करने पर अत्यधिक ब्याज एवं जुमार्ने से बच सकते हैं। उन्होंने शहर वासियों से अपील की है कि वह अपने होल्डिंग टैक्स जलकर और नगर पालिका व्यापार अनुज्ञप्ति शुल्क का समय पर भुगतान कर एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें समय पर कर चुकाने से शहर के विकास कार्यों में तेजी आएगी और नागरिक सुविधाओं में सुधार होगा' नगर वासी शहर के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। आवासीय भवन पर महिलाओ, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनो को 5% की छूट के साथ अपना होल्डिंग टैक्स जमा कर सकते हैं।

## बेहराडीह शाखा के सभापति लालचंद मेहता एवं मंत्री पंकज कुमार मेहता बने

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** झारखंड कुशवाहा चासा सेवा समिति कोडरमा,प्रधान कार्यालय डोमचांच का 22 वां त्रैवार्षिक चुनाव का शाखा बेहराडीह का चुनाव 21मार्च को सरयू मेहता के आवास के प्रांगण में लालचंद मेहता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। केंद्र से आए सभी सम्मानित पदाधिकारी का भव्य स्वागत माला पहनाकर किया गया। बेहराडीह शाखा के बच्चियों के द्वारा स्वागत गीत गाकर अतिथियों के दिल को जीत ली। समिति का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक,आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान हेतु समर्पित है। 1959 ई से लगातार समिति लोगों की सेवा में तत्पर है। चुनावी सभा के दौरान कई वक्ताओं ने संगठन की मजबूती पर अपना बहुमूल्य विचार दिया। मुख्य चुनाव प्रभारी बलराम भारती, सहायक चुनाव प्रभारी संजीत कुमार मेहता,केंद्रीय समिति के सभापति, उपसभापति, संरक्षक, अंकेक्षक, अंकेक्षक, महामंत्री,उप महामंत्री, क्षेत्रीय मंत्री, व्यवस्थापिका सभा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी एवं विभिन्न शाखा के मंत्री एवं सभापति की उपस्थिति में बेहराडीह शाखा समिति का चुनाव बड़े गहमा गहमी के साथ संपन्न हुआ। चुनावी सभा में सर्वसम्मति से व्यवस्थापिका सभा सदस्य के लिए सरिता देवी, राजेंद्र मेहता, शंकर भारती, रवि कुमार मेहता, संतोष मेहता का चयन किया गया। वहीं शाखा सभापति लालचंद मेहता, उपसभापति प्रमिला देवी,मंत्री पंकज मेहता, उप मंत्री पप्पू कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष जगदीश मेहता, शिक्षा मंत्री आशीष कुमार मेहता, सदस्य के रूप में चंचला देवी, ललन मेहता, रामचंद्र मेहता,राजेश मेहता, उमेश मेहता, मुकेश मेहता, सुनील कुमार भारती तथा गटी महतो सुभाष मेहता का चयन सर्वसम्मत से किया गया संगठन मजबूत के लिए शांति सुरक्षा दल का भी चयन किया गया। चयनित शाखा समिति के पदाधिकारी एवं शांति सुरक्षा दल के सभी सदस्यों को अपने-अपने पद की गोपनीयता का शपथ दिलाया गया.मौके पर केंद्रीय समिति के सभापति भरत नारायण मेहता, उपसभापति बैजनाथ मेहता, व्यवस्थापिका सभा के उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार मेहता,महामंत्री वीरेंद्र प्रसाद मेहता, विभिन्न शाखा के मंत्री सभापति सहित बेहराडीह शाखा के सैकड़ो स्वजाति बंधु महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## फेसबुक पर बजाज फाईनेंस से लोन दिलाने के नाम पर पैसा की ठगी करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** गुप्त सूचना प्राप्त हुई की तिलैया थानान्तर्गत तिलैया बस्ती के एक मकान से लोन देने के नाम पर आमजनो को ऑनलाईन के माध्यम से पैसे की ठगी की जा रही है। उक्त सूचना के सत्यापन हेतु पुलिस अधीक्षक, कोडरमा द्वारा पु०नि०-सह-प्रभारी, तिलैया थाना के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तिलैया बस्ती स्थित उक्त मकान में छापामारी की गई है। छापामारी के दौरान एक साईबर अपराधी अखिलेश कुमार को गिरफ्तार किया गया तथा गठित टीम के द्वारा मकान की तलाशी ली गई, इस दौरान पकड़ाये अपराधी के रूम से 09 ए०टी०एम०, 02 मोबाईल, 02 सीम, 03 पासबुक एवं 36000/- रू नगद बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि ये फेसबुक पर वेबसाईट के माध्यम से फर्जी बजाज फाईनेंस कम्पनी से लोन दिलाने के नाम पर एड/लिंक जारी कर आम लोगो को लोन हेतु संपर्क करते थे, एवं लोन देने के नाम पर एक राशि के तौर पर कुछ पैसा का डिमांड करते थे, पैसा आ जाने के बाद वह व्यक्ति लोन का डीमांड करता था तो गिरफ्तार अभियुक्त के द्वारा बोला जाता था कि अभी साइट में कुछ तकनिकी समस्या है जिस कारण लोन की राशि देने में देरी है तथा कुछ और अतिरिक्त पैसा का डीमांड करते थे। साथ ही फर्जी पैसा प्राप्त होने का मैसेज बनाकर कई व्यक्तियो को अपने मोबाईल से भेजते थे और उस व्यक्ति से डळढ प्राप्त होने पर पिडित के खाते से पैसा को अपने विभिन्न बैंक खातो में ट्रान्सफर कर ए०टी०एम के माध्यम से निकासी करते थे। इस संबंध में तिलैया थाना कांड संख्या- 97/25 दिनांक 22.03.2025, धारा 316(2)/319(2)/318(4)/338/336(3)/340(2)/61(2) बी0एन0एस0 2023 & 66 (बी) / 66 (सी) / 84 (सी) आई0टी0 एक्ट दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## समाजसेवी दीपेश अग्रवाल ने पेश किया मानवता का मिशाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** सतगावां प्रखण्ड के महिला(नाम एवं पता गोपनीय) जिनका कमर और जांघ फ्रैक्चर हो गया था एवं लोकनायक जय प्रकाश नारायण हॉस्पिटल,पटना में इलाज चल रहा है और चिकित्सक ने सर्जरी के लिए बोला जिसके लिए बी पॉजिटिव ब्लड का जरूरत था और कही से भी व्यवस्था नही हो रहा था जिसे व्हाट्सअप ग्रुप में ब्लड के लिए अपील किया गया था तत्पश्चात समाजसेवी दीपेश अग्रवाल जिसका ब्लड ग्रुप भी बी पॉजिटिव है उनको पता चलने पर मानवता का परिचय देते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी,पटना जाकर जरूरतमंद को रक्तदान कर मानवता का मिशाल कायम किया है। समाजसेवी दीपेश अग्रवाल के द्वारा बताया गया आज के जमाने मे रक्तदान,महादान होता है और जब भी किसी जरूरतमंद को रक्त का जरूरत पड़े तो बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए रक्तदान करना चाहिए और जो लोग ये गलतफहमी पालते हुए सोचते है कि रक्तदान करने से कमजोरी,थकान और कई तरह का समस्या उत्पन्न हो जाती है तो वैसे लोगो को ये गलतफहमी दूर करना चाहिए और रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान करने से जरूरतमंदों का मदद होता है और हरेक तीन से छः महीने के बाद आप पुनः रक्तदान कर सकते है क्योंकि रक्तदान करने से कोई नुकसान नही होता है अंतिम में उनके द्वारा बोला गया कि इंसान ही इंसान के काम आता है इसलिए जरूरत पड़ने पर हमेशा एक दूसरे के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए ।

# श्री माहुरी भवन में हवन, अखंड ज्योत और महाप्रसाद का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** श्री माहुरी भवन में माँ मथुरासिनी की विशेष पूजा-अर्चना, हवन और अखंड ज्योत का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्ति और श्रद्धा से ओत-प्रोत हो गया।

**पूजा-अर्चना और हवन में उमड़ी श्रद्धालुयों की भीड़**

सुबह अखिलेश पांडेय के द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न करवाई गई। आयुषी-निक्की बरबीगहिया जजमान के रूप में उपस्थित रहे। पूजा के उपरांत हवन का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के अनेक श्रद्धालुओं ने आहुति देकर पुण्य लाभ अर्जित किया। अखंड ज्योत प्रज्ज्वलन से रोशन हुआ दरबार हवन के पश्चात अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने श्रद्धा के साथ ज्योत जलाकर माँ मथुरासिनी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भव्य दरबार भी सजाया गया, जिसमें माँ मथुरासिनी, भगवान गणेश, भगवान शंकर-पार्वती, वीर हनुमान, माता दुर्गा, श्रीराम-सीता, भगवान लक्ष्मण और खाटू श्याम के भव्य चित्रों की झांकी प्रस्तुत की गई।

**भजन संध्या में भक्तों ने किया माता का गुणगान**

हवन के उपरांत सवा सात घंटे की भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक और स्थानीय कलाकारों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कुछ प्रमुख भजनो मे सत्यम वैशकियार ने मैया नवरातो में अंगना पधारो महारानी...आराध्या सिन्हा किसने सजाया तुमको मैया... राजा चौरसिया - मैया का सच्चा दरबार है। साक्षी भदानी-प्यारा सजा है तेरा दरबार भवानी...
आराधना सिंह - मैया कृपा कर दो... मनोज माथुर- मथुरासिनी मैया जय हो तुम्हारी... झांकियों ने बढ़ाई भक्ति की आभा भजन संध्या के दौरान बोकारो से आए कलाकारों ने विभिन्न देवी-देवताओं की झांकी प्रस्तुत की, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। देवी-देवताओं के जीवंत स्वरूप को देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।

## संक्षिप्त खबरें

### जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के लिए कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**कोडरमा :** बिरसा सांस्कृति भवन कोडरमा में जिला आपूर्ति विभाग के सौजन्य से जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के लिए कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दूसरे दिन भी किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आज चंदवारा और जयनगर प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया गया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुणेंदु ने खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग में संचालित योजनाएं यथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, नमक वितरण योजना, चीनी वितरण योजना, धान अधिप्राप्ति योजना, आदिम जनजाति समूह डाकिया योजना, मुख्यमंत्री दाल-भात योजना, चना दाल वितरण योजना समेत अन्य योजनाओं का विस्तृत रूप से जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी खाद्य सामग्री का ऑफलाइन वितरण नहीं करेंगे। सभी प्रकार के रिपोर्ट अच्छे तरीके से उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने कहा कि खाद्य वितरण से संबंधित सभी प्रकार की योजनाओं के बारे में बारिकी से समझें। नियम एवं दिशा-निर्देश के अनुरूप कार्य करें। खाद्य का वितरण करने में किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं करेंगे। इस मौके पर सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं जन वितरण प्रणाली विक्रेता मौजूद रहे।

### छ :दिवसीय प्लास्टिक अपशिष्ट पुनर्चक्रण प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**डोमचांच (कोडरमा) :** जिले के डोमचांच प्रखंड सभागार में छ दिवसीय प्लास्टिक अपशिष्ट पुनर्चक्रण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 17 मार्च से 22 मार्च तक के लिए किया गया था। बता दे की प्लास्टिक वेस्ट रीसायकल यूनिट हेतु डीएमएफटी फंड द्वारा जिले के चन्द्रोडीह मैं प्लांट का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें मुख्य रूप से कचरा सैरीगेट करने से संबंधित 68 महिला एवं 4 पुरुष को प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्लास्टिक सेग्रिगेशन करने से संबंधित पैंटीस फाउंडेशन एजेंसी के द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया जा रहा है। मौके पर कार्यक्रम प्रबंधक मुकेश सिंह, एचआर रीमा बोस, प्रशिक्षक केशव कुणाल के अलावे प्रशिक्षित महिला ममता देवी, रेणु देवी कुंती देवी, खुशबू कुमारी, अनीता देवी, मधु देवी, अंजू देवी, बबिता देवी, रानी देवी, रिया कुमारी, रीना देवी, संजू देवी इत्यादि मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 के तहत वाटरशेड यात्रा के निमित्त समारोह का किया आयोजन



**कोडरमा :** ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड राज्य जलछाजन मिशन के अंतर्गत कोडरमा जिला के जयनगर प्रखंड के बेको पंचायत भवन के मैदान में जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव एवं उप विकास आयुक्त सह परियोजना प्रबंधक WCDC कोडरमा के संयुक्त अध्यक्षता में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 के तहत वाटरशेड यात्रा के निमित्त समारोह का आयोजन किया गया। उक्त समारोह में उपस्थित अतिथियों को पौधा एवम शॉल दे कर स्वागत किया गया इसके बाद मुख्य अतिथि एवम विशिष्ट अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर जलछाजन गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त सह परियोजना प्रबंधक द्वारा जिले में चल रहे जलछाजन परियोजना को विस्तार पूर्वक बताया गया। इसके बाद सभी अतिथियों द्वारा बारी बारी से जलछाजन के महत्व के बारे में बताया गया कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक , वाटरशेड फिल्म दिखा कर,क्विज करा कर लोगों को जागरूक किया गया। जल संरक्षण के कार्य में बेहतर प्रदर्शन करने वाले किसानों को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों के साथ मृदा एवं जल संरक्षण पर शपथ दिलाया गया एवं वृक्षारोपण तथा श्रमदान का कार्य कर वाटरशेड वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया।

### जल दिवस के अवसर पर योग जोड़ी सुषमा-प्रदीप सुमन ने लोगों से जल बचाने की अपील की



**झुमरीतिलैया :** 22 मार्च को पूरा विश्व में जल दिवस मनाया जाता है। योगाचार्य सुषमा सुमन ने कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण दिन है। चाहे किसान हो चाहे बिजली उत्पादन की जरूरत हो चाहे पेड़ पौधा हो चाहे मनुष्य हो चाहे कोई भी जीव जंतु हो सभी लोग को जल की जरूरत होती है इसलिए इसे कहते हैं,जल ही जीवन है आज के दिन ही ब्राजील में संयुक्त राष्ट्र की बैठक हुई थी 1992 में पर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन किया गया और 22 मार्च1993 को पारित किया गया। विश्व जल दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। साथ में साफ जल स्वच्छ पानी मनुष्य के लिए अभिन्न और महत्वपूर्ण है यह हमारे शरीर के लिए ऊर्जा स्रोत स्वास्थ्य और संतुलित विकास का मूल आधार है। जल के बिना हम ना तो जीवित रह सकते हैं ना ही कोई प्राणी जीवित नहीं रह सकत है। इसलिए जल बहुत जरूरी है, प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि जल को बचाने के लिए जल के प्रति जागरूकता अभियान चलाना बहुत जरूरी है इसलिए की जल का संकट पूरा विश्व में है बहुत सारे ऐसे देश हैं जो तीन से लेकर 6 महीने तक पानी की महा परेशानी होती है इसलिए बरसात की पानी को कैसे बचाएं बर्बाद ना होने दें इस पर प्रत्येक देश के सरकार को स्पेशल बजट और कानून लाना चाहिए। बहुत सारे देश में पानी की परेशानी से खेती नहीं हो पाती है किसान परेशान रहते हैं बहुत सारे मनुष्य लोग को स्वच्छ जल पीने के लिए नहीं मिल पाती है इसलिए पुरे विश्व इस पर विशेष ध्यान दें जल के बिना जिंदगी अधूरा है।

# फर्जी निवेश सलाहकारों और शोध विश्लेषकों पर सेबी का एक्शन, 70,000 से अधिक पोस्ट और अकाउंट हटा दिए

**मुंबई।**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बताया कि सोशल मीडिया पर मिसलीडिंग कंटेंट (भ्रामक सामग्री) के खिलाफ सख्त कार्रवाई हुई है, सेबी की ओर से अक्टूबर 2024 से 70,000 से अधिक पोस्ट और अकाउंट को हटा दिया गया है। सेबी द्वारा यह कदम गलत सूचनाओं से निपटने और ऑनलाइन वित्तीय इंफ्लूएंसर को रेगुलेट करने की कड़ी में उठाया गया है। बाजार नियामक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ मिलकर काम कर रहा है ताकि वे यह सुनिश्चित कर सके कि इस तरह का कोई भी कंटेंट किसी भी निवेशक को भ्रमित न करे। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, हम सभी के लिए एक आम चिंता अनरजिस्टर्ड निवेश सलाहकारों/ शोध विश्लेषकों से जुड़ी है, जो निवेश में बढ़ती रुचि का गलत फायदा उठा रहे हैं।


उन्होंने कहा कि सेबी के प्रपोजल के तहत यूपीआई 'पेराइट' हैंडल का इस्तेमाल निवेशकों को रजिस्टर्ड संस्थाओं की आसानी से पहचान करने में मदद करेगा, ताकि वे खुद को धोखेबाजों से बचा सकें।

नारायण ने कहा, निवेश में बढ़ती रुचि के साथ ही अनरजिस्टर्ड निवेश सलाहकारों और शोध विश्लेषकों की संख्या में भी तेजी से वृद्धि हुई है। ये निवेश सलाहकार और शोध विश्लेषक निवेशकों को गुमराह करते हैं। नारायण ने बताया कि सेबी निवेशकों के व्यवहार को बेहतर ढंग से समझने और अपनी आउटरीच रणनीतियों में सुधार करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी सर्वे की योजना बना रहा है। विदेशी निवेश पर नारायण ने कहा, ग्लोबल डेट इंडाइसेस में भारत के शामिल होने से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) ऋण प्रवाह में वृद्धि दर्ज की गई है और इसने इंवेस्टमेंट मिक्स में सुधार किया है। इस बीच, सेबी बोर्ड 24 मार्च को नए प्रमुख तुहिन कांता पांडे के नेतृत्व में अपनी पहली बैठक आयोजित करने वाला है। बाजार नियामक एल्गोरिथम ब्रोकरों के लिए एक सेटलमेंट स्कीम पेश कर सकता है और शोध विश्लेषकों के लिए फी कलेक्शन पीरियड को बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है।

# डिक्सन टेक्नोलजीज की बाजार हिस्सेदारी 11 फीसदी पर पहुंची

**कंपनी की बाजार हिस्सेदारी वर्ष 2023 में 8 फीसदी थी**

**मुंबई ।**




इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण बनाने वाली कंपनी डिक्सन टेक्नोलजीज तेजी से अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर काम कर रही है। काउंटरपॉइंट रिसर्च के आंकड़ों के अनुसार 2024 में स्मार्टफोन उत्पादन में डिक्सन टेक्नोलजीज की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 11 फीसदी पहुंच गई जो 2023 में 8 फीसदी थी। इसकी तुलना में ऐपल इंक के लिए भारत और वैश्विक बाजार के लिए ठेके पर आईफोन बनाने वाली कंपनी फॉक्सकॉन होन हई की बाजार हिस्सेदारी पिछले साल 12 फीसदी रही, जो 2023 में 11 फीसदी थी। इसी तरह चीन के डीबीजी समूह की 2023 में बाजार हिस्सेदारी 9 फीसदी थी जो 2024 में बढ़कर 12 फीसदी पहुंच गई। डीबीजी श्याओमी तथा अन्य कंपनियों के लिए स्मार्टफोन बनाती है। ऐपल के लिए टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स भी आईफोन बनाती है जिसका उत्पादन में हिस्सा 2024 में दोगुना बढ़कर 4 फीसदी हो गया। वर्ष 2023 में कुल स्मार्टफोन उत्पादन में उसकी हिस्सेदारी 2 फीसदी थी। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने विसट्रोन का अधिग्रहण किया था और हाल ही में पेगाट्रॉन में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदी है। ये दोनों कंपनियां ऐपल के लिए आईफोन बनाती थीं। काउंटरपॉइंट के अनुसार टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स का स्मार्टफोन उत्पादन 2023 की तुलना में 107 फीसदी बढ़ा है। आईफोन 15 और आईफोन 16 के उत्पादन में उसका अहम योगदान है। दूसरी ओर फॉक्सकॉन का उत्पादन 2023 के मुकाबले 2024 में 19 फीसदी और डीबीजी का उत्पादन इस दौरान 35 फीसदी बढ़ा है। मोबाइल उपकरणों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना का लाभ उठाते हुए डिक्सन ने कई वैश्विक ब्रांडों को अपने साथ जोड़ा है, जिनके लिए वह स्मार्टफोन बनाती है। इन कंपनियों में श्याओमी, नोकिया एचएमडी, मोटोरोला आदि शामिल हैं।

# सेल दमदार है लेकिन रजिस्ट्रेशन में देरी हो रही है: ओला इलेक्ट्रिक

**पिछले महीने कंपनी ने 25,000 इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचे थे**




**मुंबई ।**

ओला इलेक्ट्रिक ने कहा कि उसकी बिक्री दमदार है। कंपनी आंकड़ों की कवायद मार्च के आखिर तक पूरा करने पर फोकस बनाए हुए है। सरकार के वाहन पोर्टल पर फरवरी के बिक्री के वास्तविक और घोषित आंकड़ों में विसंगतियां के बीच कंपनी ने यह जानकारी दी।

इससे पहले कंपनी ने ऐलान किया था कि उसने पिछले महीने 25,000 इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचे थे। हालों कि वाहन पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार फरवरी के अंत तक और 17 मार्च तक उसने केवल 8,651 स्कूटर पंजीकृत किए। कंपनी ने कहा कि हमारी बिक्री दमदार बनी हुई है और फरवरी के दौरान अस्थायी बैकलॉग का कारण विक्रेताओं के साथ चल रही हमारी बातचीत थी क्योंकि वाहन पंजीकरण का जिम्मा इन डीलर पर ही होता है। इस लंबित काम को तेजी से निपटाया जा रहा है और रोजाना के पंजीकरण हमारी तीन महीने की दैनिक बिक्री के औसत का 50 प्रतिशत से अधिक हैं। फरवरी के बैकलॉग का लगभग 40 प्रतिशत पहले ही निपटा दिया गया है और शेष मार्च 2025 के अंत तक खत्म कर लिया जाएगा।

21 मार्च तक वाहन पोर्टल पर फरवरी की बिक्री का आंकड़ा 8,652 था। मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार वाहनों को खुदरा बिक्री के सात दिन के भीतर संबंधित राज्यों के परिवहन विभाग के पास पंजीकृत कराना होता है। केंद्र सरकार का वाहन पोर्टल सभी पंजीकृत वाहनों को रिकॉर्ड करता है जहां से खुदरा बिक्री के आंकड़े एकत्रित किए जाते हैं।

# भारतीय बैंकिंग प्रणाली में अप्रैल 2025 से नए नियम लागू

**मुंबई ।**

भारतीय बैंकिंग प्रणाली में 1 अप्रैल 2025 से कई नए नियम लागू होने जा रहे हैं, जो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी किए गए हैं। उन्होंने अधिक ग्राहक हित के लिए ये नए नियम घोषित किए हैं। इन नियमों के तहत एसबीआई, पीएनबी, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई जैसे बड़े बैंकों में मिनिमम बैलेंस रखने के नियम बदल गए हैं।

एसबीआई के नए नियम- सरकारी बैंकों में सबसे बड़ा बैंक एसबीआई ने अपने ग्राहकों के लिए मिनिमम बैलेंस रखने की नई नीति लागू की है। बड़े शहरों में एसबीआई खाता खुलवाने वाले ग्राहकों के लिए मिनिमम बैलेंस की लिमिट 3000 रुपए है, छोटे शहरों में 2000 और गांव के बैंकों में 1000 रुपए।

पीएनबी के नए नियम- पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने भी नए बैलेंस रखने के नियम लागू किए हैं। बड़े शहरों में पीएनबी के ग्राहकों के लिए मिनिमम बैलेंस की लिमिट 2000 रुपए है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 1000 रुपए रखने की अनिवार्यता है।




एचडीएफसी बैंक के नए नियम- एचडीएफसी बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए बड़े शहरों में मिनिमम बैलेंस 10,000 रुपए रखने की नई नीति लागू की है। छोटे या ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहकों के लिए भी बैलेंस की लिमिट 2500 से 5000 रुपए तक है।

आईसीआईसीआई बैंक के नए नियम- आईसीआईसीआई बैंक भी अपने ग्राहकों के लिए बड़े शहरों में मिनिमम बैलेंस की लिमिट निर्धारित की है। इसके अनुसार बड़े शहरों में 10,000 रुपए जरूरी है, जबकि छोटे और ग्रामीण इलाकों के ग्राहकों के लिए 2500 से 5000 रुपए की लिमिट और गांवों के लिए 1000 रुपए की जरूरत है।

# मारुति, टाटा और किआ अपने वाहनों की बढाएंगी कीमतें

**नई दिल्ली ।**

अप्रैल 2025 से देश की प्रमुख वाहन निर्माता कंपनियों ने अपने वाहनों की कीमतें बढ़ाने का ऐलान किया है। नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही कारों की कीमतों में बढ़ोतरी होने जा रही है। इन प्रमुख कंपनियों में मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और किआ इंडिया शामिल है। सप्लाई चेन की चुनौतियों और बढ़ते उत्पादन खर्च को इसका कारण बताया गया है। ऐसे में कार खरीदने की सोच रहे ग्राहकों के लिए मार्च सबसे उपयुक्त समय साबित हो सकता है। ऐसे में अगर कोई ग्राहक नई कार खरीदने की योजना बना रहा है, तो उसके लिए मार्च 2025 सबसे सही समय हो सकता है। टाटा मोटर्स ने पुष्टि की है कि वह अपनी पूरी रेंज के वाहनों की कीमतें बढ़ाने जा रही है। हालांकि, यह वृद्धि मॉडल और वेरिएंट के अनुसार अलग-अलग होगी। टाटा ने फिलहाल अधिकतम बढ़ोतरी की जानकारी नहीं दी है, लेकिन इसका कारण उत्पादन लागत और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों को बताया गया है। किआ इंडिया ने भी अपने पूरे मॉडल लाइन-अप की कीमतों में 3 प्रतिशत तक की वृद्धि करने की घोषणा की है।



इसमें सेल्टोस, सोनेट, कैरेंस, ईवी6, ईवी9 और कार्निवल जैसे मॉडल शामिल हैं। कंपनी ने लागत में बढ़ोतरी को इसकी वजह बताया है। मारुति सुजुकी भी अप्रैल से अपने विभिन्न मॉडलों की कीमतें बढ़ाएगी। कुछ गाड़ियों पर 4 प्रतिशत तक का इजाफा हो सकता है। यह इस साल कंपनी की तीसरी कीमत वृद्धि होगी। जनवरी और फरवरी में भी मारुति ने ब्रेजा, सेलेरियो और ऑल्टो के 10 जैसे मॉडलों की कीमतें बढ़ाई थीं।

## गोदरेज कंज्युमर की तीसरी तिमाही कमजोर रही

**मुंबई ।**

गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स (जीसीपीएल) के लिए वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही कमजोर रही। लेकिन कुछ विश्लेषक तीसरी तिमाही को मजबूत बिक्री सुधार की उम्मीद के साथ अपवाद मान रहे हैं और उनकी राय में वित्त वर्ष 2026 में यह सबसे तेजी से बढ़ने वाली एफएमसीजी कंपनी साबित हो सकती है। तीसरी तिमाही में लॉन्ड्री, एयर-फ्रेशनर और सेक्सुअल वेलनेस में दो अंकों की वृद्धि साबुन और घरेलू कीटनाशकों में आई गिरावट के आगे फीकी पड़ गई। चौथी तिमाही के बाद साबुन की कीमतों में और बढ़ोतरी की उम्मीद है। अगरबत्ती की बाजार भागीदारी बढ़ी जबकि लिक्विड वैपोराइजर और लॉन्ड्री लिक्विड पदार्थों का बाजार में दबदबा रहा। साबुन व्यवसाय ने भी बाजार भागीदारी में इजाफा दर्ज किया। लेकिन डिओड्रेंट की बाजार भागीदारी गंवाई। कंपनी का भारतीय परिचालन मुनाफा मार्जिन तीसरी तिमाही में 22.5 फीसदी रहा जो ऐतिहासिक 24-26 फीसदी के दायरे की तुलना में कम है। भारत में अन्य खर्च में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई क्योंकि जीसीपीएल ने ग्रामीण क्षेत्र में निवेश जारी रखा।




## सेबी ने 10 संस्थाओं पर लगाया 50 लाख का जुर्माना

**मुंबई ।** भारतीय पूंजी बाजार नियामक सेबी ने बीएसई के इलिक्विड स्टॉक ऑप्शंस सेगमेंट में गैर-प्रामाणिक ट्रेडिंग में शामिल 10 संस्थाओं पर 50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। प्रत्येक इकाई पर 5-5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया, जिनमें सचिन जैन एचयूएफ, मोतीलाल बैद, अजय नोपानी, दिवाकर झा, बागदेवी सप्लायर्स प्राइवेट लिमिटेड, रीता आर ठक्कर, काला सप्लायर्स प्राइवेट लिमिटेड, मेघा निभवानी, सीताराम जयंती और अमित शॉ शामिल हैं। सेबी ने पाया कि इन संस्थाओं ने अप्रैल 2014 से सितंबर 2015 के बीच बीएसई के इलिक्विड स्टॉक ऑप्शंस सेगमेंट में रिवर्सल ट्रेड्स किए, जिससे कृत्रिम वॉल्यूम बना। सेबी ने कहा कि रिवर्सल ट्रेड्स का कोई वित्तीय तर्क नहीं होता और यह बाजार में नकली वॉल्यूम बढ़ाकर निवेशकों को गुमराह करने का काम करता है। इसके अलावा सेबी ने कॉरपोरेट स्ट्रैटेजिक एलायंज प्राइवेट लिमिटेड का मर्चेंट बैंकर लाइसेंस रद्द कर दिया। सेबी की अप्रैल 2022 से सितंबर 2023 तक चली जांच में नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई। नियामक के अनुसार कंपनी ने नियामकीय दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया, जिसके चलते उसका पंजीकरण रद्द करने का निर्णय लिया गया।

## भारत में खपत 2034 तक बढ़कर दोगुनी हो जाएगी: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत में खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। देश की कुल जीडीपी में 56 फीसदी का योगदान देने वाला यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिसकी विकास की रफ्तार सबसे तेज है। जिससे भारत जल्द ही प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पछाड़कर दुनिया की खपत राजधानी बन जाएगा। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते उपभोक्ता आधार की वजह से भारत में खपत 2034 तक बढ़कर दोगुनी हो जाएगी। इसमें एकल परिवार के चलन की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसकी वजह से भारत में घरेलू विकास जनसंख्या वृद्धि से आगे निकल रहा है और यह बढ़ती खपत का प्रमुख चालक बनकर उभर रहा है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में टैक्स के मोर्चे पर करदाताओं को दी राहत से एक लाख करोड़ रुपये प्राप्त होंगे, जिससे 3.3 लाख करोड़ रुपये की वृद्धिशील खपत को बढ़ावा मिलेगा। इसमें भारतीय जीडीपी को एक फीसदी तक बढ़ाने की क्षमता है।

## एलआईसी ने की हेल्थ इंश्योरेंस में प्रवेश की घोषणा

**मुंबई ।** लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) ने अपने ग्राहकों के लिए बड़ी घोषणा की है, और इस बार यह केवल जीवन बीमा सेवाओं के लिए नहीं है। एलआईसी अब हेल्थ इंश्योरेंस क्षेत्र में भी पहुंचने को तैयार है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी सिद्धार्थ मोहंती ने बताया कि एलआईसी एक और कंपनी के साथ साझेदारी करने जो कि प्रक्रिया में है, और 31 मार्च से पहले इस डील की घोषणा हो सकती है। साझेदारी के लिए चयन किया जा रहा है, लेकिन कंपनी का नाम अभी तक रहस्यमय है। मीडिया से बातचीत के दौरान कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि यह संभावित है कि एलआईसी की नई साझाकर्ता मणिपाल सिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस हो सकती है। एलआईसी के लिए स्वास्थ्य इंश्योरेंस में एंट्री का फैसला विश्वासी और स्वाभाविक है। एलआईसी इस साझेदारी के जरिये केवल 51 प्रतिशत या उससे कम हिस्सेदारी खरीदेगी, जिसका निर्धारण कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा किए गए मूल्यांकन और अन्य कारकों पर आधारित होगा। एलआईसी के हेल्थ इंश्योरेंस में प्रवेश से आम लोगों के लिए एक नई सुविधा का उम्मीदवादी मार्ग खुलने वाला है।

## 10 साल में सोने की कीमत 3 गुना बढ़ी

**सरकार के खजाने को लगा 1.2 लाख करोड़ का फटका**



**मुंबई ।** भारत सरकार ने 10 साल पहले सावरेन गोल्ड बॉन्ड योजना शुरू की थी।जब यह योजना शुरू हुई थी। उस समय सोने के दाम ₹2943 प्रति ग्राम थे। अब सरकार को जब सावरेन गोल्ड बांड का भुगतान करना पड़ रहा है। इस समय प्रति ग्राम सोने का भाव ₹ 8624 प्रति ग्राम है। सरकार को इस मूल्य पर ढाई फ़ीसदी ब्याज भी बांड धारकों को चुकाना है। सरकार के खजाने पर लगभग 1.2 लाख करोड रुपए का अतिरिक्त बोझ आ गया है।सरकार ने इसके बारे में सोचा ही नहीं था। केंद्र सरकार ने 2015 में सावरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम चालू की थी। पिछले 10 साल में सोने की कीमतें लगभग 250 फ़ीसदी बढ़ चुकी हैं। सरकार ने 67 किस्तों में 145 टन सोना गोल्ड बॉन्ड के रूप में बेचकर 72274 करोड रुपए जुटाये थे। केंद्र सरकार ने अभी तक 6 किस्तों का ही भुगतान किया है। जो 15 टन सोने के बराबर है। सरकार को अभी 132 टन सोने के बांड का भुगतान करना है। वर्तमान में सोने की जो कीमत है।उसके अनुसार सरकार को 1.2 लाख करोड रुपए मूल्य के सोने का भुगतान करना होगा। जुलाई 2024 के बजट में सरकार ने जो अनुमान लगाया था। उसके अनुसार गोल्ड बांड के रूप में सरकार का अनुमान था। उसकी देनदारी 85000 करोड रुपए की होगी। सरकार का यह दांव भी उल्टा पड़ता हुआ दिख रहा है। 2015 में सरकार ने बाजार से 8 फीसदी ब्याज दर से कर्ज उठाने के स्थान पर ढाई फ़ीसदी ब्याज दर पर गोल्ड बांड के माध्यम से कर्ज उठाया था। सोना इतना महंगा हो जाएगा। सरकार ने सोचा भी नहीं था। डॉलर बचाने के चक्कर में सरकार सोने के चक्कर में पड़ गई।

# सेंसेक्स और निफ्टी में चार फीसदी से अ धिक तेजी रही

- सेंसेक्स 557.45 अंक उछलकर 76,905.51 पर बंद
- निफ्टी 159.75 अंक बढ़कर 23,350.40 पर बंद

**मुंबई ।**

इस सप्ताह निचले स्तर पर खरीदारी और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के बाजार में लौटने की आस में बेंचमार्क सूचकांकों ने चार साल की सबसे लंबी साप्ताहिक छलांग लगाई है। इस हफ्ते दोनों सूचकांकों में 4.3 फीसदी की तेजी आई। 22 जुलाई 2022 के बाद सेंसेक्स का यह सबसे अच्छा साप्ताहिक प्रदर्शन रहा। विश्लेषकों के अनुसार निचले स्तर पर लिवाली से बाजार में तेजी आई है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने इस साल ब्याज दर में दो बार कटौती का अनुमान लगाया है जिससे भी निवेशकों का हौसला बढ़ा है। इस सप्ताह सेंसेक्स के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के चलते बैंकिंग, वित्तीय और ऑटो शेयरों में बढ़त के साथ कारोबार शुरू हुआ। प्रमुख भारतीय बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को बढ़त के साथ खुले। बीएसई का सेंसेक्स 374 अंक बढ़कर 74,203 पर खुला और 341.04 अंकों की बढ़त के साथ 74,169.95 अंकों पर बंद हुआ। निफ्टी 50 119 अंक बढ़कर 22,517 पर खुला और 111.55 अंकों की बढ़त लेकर 22,508.75 अंकों पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी के कारण मंगलवार को बीएसई का सेंसेक्स सूचकांक 900 अंक से अधिक उछलकर 75,000 अंक पर खुला और 1,131.31 अंक प्रतिशत बढ़कर 75,301.26 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 265.9 अंक बढ़कर 22,774.65 अंक पर खुला और निफ्टी 325 अंक चढ़कर 22,834 पर बंद हुआ है। बुधवार को सेंसेक्स 132.97 अंकों की तेजी के साथ 75,434.23 के लेवल पर खुला और 147.79 अंक बढ़कर 75,449.05 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 49.4 अंक की उछाल के साथ 22,883.70 के लेवल पर खुला और 73.30 अंक बढ़कर 22,907.60 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 468 अंकों की शानदार बढ़त के साथ 75917 पर खुला और 899 अंक की तेजी रही, ये 76,348 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 129 अंकों की उछाल के साथ 23036 पर खुला और 283 अंक चढ़कर 23,190 के स्तर पर बंद हुआ। शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 252.8 अंक गिरकर 76,095.26 अंक पर खुला और 557.45 अंक उछलकर 76,905.51 पर बंद हुआ। निफ्टी 57.85 अंक गिरकर 23,132.80 अंक पर खुला और 159.75 अंक बढ़कर 23,350.40 अंक पर बंद हुआ।



# टेलीकॉम फ्रॉड: 3.4 करोड़ से ज्यादा मोबाइल फोन बंद, 3.19 लाख आईएमईआई नंबर ब्लॉक

**16.97 लाख वॉट्सएप अकाउंट भी ब्लॉक किए गए**

**नई दिल्ली ।** केंद्र की मोदी सरकार ने बताया कि टेलीकॉम फ्रॉड से निपटने के लिए संचार साथ पोर्टल के द्वारा अब तक 3.4 करोड़ से ज्यादा मोबाइल फोन को बंद किया गया है और 3.19 लाख आईएमईआई नंबर को ब्लॉक कर दिया गया है। दूरसंचार विभाग ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिग डेटा की मदद से 16.97 लाख वॉट्सएप अकाउंट भी ब्लॉक किए गए हैं। राज्यसभा में संचार और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर ने कहा कि दूरसंचार विभाग की संचार साथी पहल के तहत 20,000 से ज्यादा बल्क एसएमएस भेजने वालों को भी ब्लैकलिस्ट किया है। मोदी सरकार के संचार साथी पोर्टल पर नागरिकों को चक्षु की मदद से संदिग्ध धोखाधड़ी से जुड़े कम्युनिकेशन को रिपोर्ट करने की सुविधा मिलती है। मंत्री डॉ. पेम्मासानी ने कहा कि संदिग्ध धोखाधड़ी से जुड़ी शिकायतें मिलने के बाद दूरसंचार विभाग इनकी जांच करता है। इसके बाद जांच में गलत मिले नंबर को ब्लॉक कर दिया जाता है। व्यक्तिगत रूप से रिपोर्ट किए गए संदिग्ध धोखाधड़ी कम्युनिकेशन पर कार्रवाई करने के बजाय दूरसंचार विभाग अपनी जांच के लिए क्राउड-सोर्स डेटा का इस्तेमाल करता है, ताकि टेलीकॉम रिसोर्सेस का गलत इस्तेमाल होने से रोका जा सके। दूरसंचार विभाग एआई बेस्ड टूल्स और बिग डेटा एनालिसिस के साथ नकली दस्तावेजों पर लिए गए संदिग्ध मोबाइल कनेक्शनों की पहचान करता है। इसके अलावा, दूरसंचार विभाग और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) ने ऐसी अंतरराष्ट्रीय स्पूफ कॉलों की पहचान करने के लिए एक नया सिस्टम तैयार किया है, जो असल में विदेशों से होती हैं और भारत से आने वाली कॉल दिखाती हैं। इस सिस्टम के साथ इस तरह की कॉल की पहचान रियल टाइम में की जा सकती है और नंबर को ब्लॉक कर सकते है। इस बीच, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने 1,150 संस्थाओं/ व्यक्तियों को ब्लैकलिस्ट किया है और 18.8 लाख से ज्यादा रिसोर्सेस को डिस्कनेक्ट कर दिया है। इन कार्रवाइयों के साथ अनरजिस्टर्ड टेलीमार्केटर्स (यूटीएम) के खिलाफ शिकायतों में कमी आई है, जो कि अगस्त 2024 में 1,89,419 थीं और जनवरी 2025 में घटकर 1,34,821

## भारत ने कोयला उत्पादन में रचा इतिहास, 1 अरब टन के पार

**- देश की ऊर्जा मांग पूरी करने में मदद मिलेगी**

**मुंबई ।** भारत ने कोयला उत्पादन में एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है, जिसके माध्यम से देश ने 1 अरब टन को पार कर लिया है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि दिखाती है कि कोयला उत्पादन क्षेत्र में भारत की प्रगति निरंतर जारी है। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने इस सफलता को साझा करते हुए बताया कि उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ सुरक्षित और जिम्मेदार खनन की व्यवस्था को भी मजबूती से संभाला गया है। इस उपलब्धि से देश की ऊर्जा मांग पूरी करने में मदद मिलेगी और आर्थिक विकास को गति देने में सहायक साबित होगी। कोविड काल के दौरान कोयले की मांग में तेजी से वृद्धि के साथ, देश ने अपने उत्पादन में उछाल देखा है। निजी स्वामित्व वाली खदानों और कोल इंडिया के सहयोग से इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल किया गया है। कोल इंडिया ने बताया कि देश में स्वदेशी उत्पादन के मामले में यह उपलब्धि एक महत्वपूर्ण कदम है और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण क्रांति उल्लेखनीय ढंग से साकार हो रही है। इस सफलता के माध्यम से भारत के कोयला उत्पादन क्षेत्र में नया एक चांद निकला है, जो देश के ऊर्जा मांग को पूरी करते हुए विकास की राह में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

# पंजाब में हिंदी बोलने पर बिहार के छात्रों पर हमला

## स्टूडेंट बोला- हॉस्टल में घुसकर होती है मारपीट, DSP से यूनिवर्सिटी ने कहा- हमारे बीच का मामला





**दरभंगा।** पंजाब की गुरु काशी यूनिवर्सिटी में बिहार के छात्रों के साथ मारपीट हुई है। एक स्टूडेंट्स ने 21 मार्च को पर वीडियो शेयर कर मदद की गुहार लगाई है। छात्र का नाम अली अंजार है। वो दरभंगा जिले के कमतौल प्रखंड के बहुआरा गांव का रहने वाला है। गुरु काशी यूनिवर्सिटी से अली बीटेक कर रहा है। वीडियो में अली अंजार कह रहा है- 'यहां के लोकल छात्र और लोग हम पर हमले कर रहे हैं। तलवार लेकर घुस जाते हैं। सिर फाड़ दिया है कई लोगों का। गार्ड भी नहीं सुनता है।' 'पुलिस और प्रशासन हमारी नहीं सुन रहा है। बिहार के ज्यादातर स्टूडेंट्स से मारपीट हुई है। पूरा दिन हॉस्टल के अंदर रहते हैं। कपड़े और हिंदी भाषा सुनते ही मारने लगते हैं। हमारी यहां कोई सुरक्षा नहीं है।' अली अंजार ने ये वीडियो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को टैग कर सुरक्षा की मांग की है। अली अंजार के भाई मोहम्मद सोहराम ने बताया- 'मेरा भाई गुरु काशी यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करता है। बता चला है कि वहां उन्हें पीटा जा रहा है। भाई बहुत डरा है। कल से घर में खाना तक नहीं बना है। हम परेशान हैं। बिहार सरकार को संज्ञान लेना चाहिए। कल की ही बात है मेरे भाई को हॉस्टल में घुसकर मारा है। 2 लोगों का सिर भी फोड़ गया है। भाई बता रहा था कि 100-200 लोग कैंपस में घुस जाते हैं और मारपीट करते हैं।' अली अंजार की चाची ने कहा- 'पिछले एक सप्ताह से लगातार मारपीट की घटनाएं हो रही हैं, जिससे परिवार के लोग बेहद परेशान हैं।' उन्होंने सरकार से जल्द हस्तक्षेप कर छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।' तलवंडी DSP राजेश सनेही ने बताया- '17, 18 और 19 मार्च को गुरु काशी यूनिवर्सिटी, तलवंडी साबो में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। इन कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए छात्रों ने विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए धन एकत्र किया था। बिहार के छात्रों ने भी अपने सांस्कृतिक प्रदर्शन को प्रस्तुत करने के लिए योगदान दिया था।' 'इसी दौरान इकट्ठे किए गए धन को लेकर दो समूहों के बीच विवाद हो गया। इस घटना की सूचना मिलते ही यूनिवर्सिटी प्रशासन ने थाना तलवंडी साबो को जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।' इसके बाद, यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पुलिस को एक लिखित बयान दिया, जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि वे इस मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते और इसे आंतरिक अनुशासनात्मक प्रक्रिया के माध्यम से हल करेंगे। आवश्यक निर्देश देने के बाद, सभी छात्रों को रिहा कर दिया गया।'

## किशनगंज में बाइक ने पानीपुरी बेचने वाले को मारी टक्कर



**किशनगंज।** शहर के रोल बाग वार्ड नंबर 30 में बीएसएनएल ऑफिस के सामने एक दुर्घटना हुई। एक तेज रफ्तार बाइक ने पानीपुरी विक्रेता को टक्कर मार दी। हादसे में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। तेज रफ्तार बाइक पानीपुरी वाले से टकराया प्रत्यक्षदर्शी विशाल, विक्रम के अनुसार, बाइक लगभग 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आ रही थी। बाइक चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाया और पानीपुरी बेचने वाले से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पानीपुरी विक्रेता का ठेला चकनाचूर हो गया और सारा सामान बर्बाद हो गया। घायल की हालत नाजुक, इलाज जारी हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत सदर थाना और एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल व्यक्ति को एम्बुलेंस से सदर अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल, घायल पानीपुरी बेचने वाले व्यक्ति की स्थिति नाजुक बनी हुई है

## सासाराम नगर निगम के नए आयुक्त बने विकास कुमार



**सासाराम।** बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी विकास कुमार ने सासाराम नगर निगम के नगर आयुक्त का पदभार ग्रहण कर लिया है। वे इससे पहले पूर्णिया में पंचायती राज के उप निदेशक के रूप में कार्यरत थे। नए नगर आयुक्त ने उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना उनकी पहली प्राथमिकता है। साथ ही नगर निगम में चल रहे सभी विकास कार्यों को तेज किया जाएगा। विकास कुमार ने शहर की प्रमुख समस्याओं जैसे सड़क जाम, पार्किंग, अवैध अतिक्रमण और ऑटो स्टैंड के मुद्दों पर समीक्षा कर रणनीति बनाने की बात कही। उल्लेखनीय है कि इससे पहले IAS अधिकारी निर्मल कुमार को नगर आयुक्त बनाया गया था। लेकिन उन्होंने पदभार नहीं संभाला और उनका स्थानांतरण बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड में प्रबंधक के पद पर कर दिया गया।पिछले नगर आयुक्त यतेंद्र पाल के स्थानांतरण के बाद अगस्त 2024 से यह पद रिक्त था। इस दौरान डीडीसी विजय कुमार पांडेय ने अस्थायी प्रभार संभाला। छह महीने के अंतराल के बाद पूर्णकालिक नगर आयुक्त की नियुक्ति से नगर निगम के कामकाज में नई गति आने की उम्मीद जगी है।

बता दें कि नगर निगम बनने के बाद से सासाराम विभिन्न विवादों से घिरा रहा है। नगर परिषद के समय से ही यहां विवाद चलते रहे हैं। ऐसे में नए नगर आयुक्त के सामने शहर के विकास की बड़ी चुनौती है।

## मामा बोला- मेरी पत्नी ने भांजा को करवाया है किडनैप



**नालंदा।** में सुबह-सुबह स्कूल जा रहे बच्चे का अपहरण कर लेने का मामला सामने आया है। घटना लहेरी थाना क्षेत्र के चुन्नी लाल मॉल के पास हुई है। अपहृत छात्र मुरारपुर निवासी विवेकानंद प्रसाद का (10) वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार है। अभिषेक की बहन लक्ष्मी कुमारी ने बताया कि दोनों स्कूल जा रहे थे। तभी चुन्नीलाल मॉल के पास बोलेरो पर सवार एक व्यक्ति ने भाई से कहा कि मेरा पैर टूटा हुआ है। रुमाल जो सड़क पर गिरा हुआ है उसे उठा दो। जिसके बाद भाई ने मना कर दिया तब बोलेरो सवार व्यक्ति उसे जबरन उठाकर अपनी गाड़ी में बैठा लिया। जब उसे पकड़ने के लिए दूसरा व्यक्ति आया तो वह दांती काटकर वहां से भाग गई। हालांकि बच्चे को लेकर भागने के दौरान उसके मुढारी के पास सड़क जाम हुआ। इसी बीच बच्चा मौका पाकर भाग निकला और अपनी नानी के घर पहुंच गया। इस मामले में बच्चे के मामा ने अपनी पत्नी पर अपने भांजा का अपहरण करवाने का आरोप लगाया है।बच्चे के मामा मुन्ना कुमार ने बताया किइस मामले में एसडीपीओ सदर नुरुल हक ने बताया कि लहेरी थाना क्षेत्र में मघड़ा मार्केट के सामने से एक 10 वर्षीय बच्चे को चार पहिया वाहन से उठा ले जाने की सूचना पर तत्काल कार्यवाही प्रारंभ की गई। जिस क्रम में उक्त बच्चा अपने ननिहाल में होने की सूचना प्राप्त हुई। जहां से उसे बरामद किया गया है और पूछताछ की जा रही है। परिजनों से अभी तक आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन प्राप्त होने और बच्चे से पूछताछ के बाद ही इस घटनाक्रम और घटना की प्रकृति पर कुछ स्पष्ट हो सकेगा।

## व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

**सीवान।** के बड़हरिया स्टैंड के पास बैग की दुकान चलाने वाले व्यवसायी की हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान गोपालगंज जिले के थावे थाना क्षेत्र के खानपुर अजमत गांव निवासी संजय साह के रूप में हुई है। उनका शव शुक्रवार की देर रात बाइपास रोड पर खून से लथपथ अवस्था में मिला था और प्रथम हष्टया गोली मारकर हत्या की बात सामने आ रही है। राहगीर ने फोन कर दी सूचना मृतक के भाई ने बताया कि संजय शुक्रवार की सुबह 11 बजे घर से निकला था। दोपहर तक उनसे बात हुई, लेकिन शाम को फोन नहीं उठाने पर परिवार चिंतित हो गया। बाद में एक राहगीर के फोन से घटना की जानकारी मिली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इलाके में इस वारदात से दहशत का माहौल है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। दोषियों पर कार्रवाई की मांग परिजनों ने प्रशासन से जल्द से जल्द दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## छपरा SSP ने चलाया वाहन जांच अभियान



**छपरा।** में अपराध और शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए एसएसपी कुमार आशिष ने शुक्रवार की देर रात सड़कों पर मोर्चा संभाला। दो घंटे तक चले इस विशेष अभियान में नगरपालिका चौक, थाना चौक और पंकज सिनेमा रोड पर वाहनों की जांच की गई। एसएसपी के नेतृत्व में पुलिस दल ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों की सघन जांच की। टीम में दर्जनों महिला पुलिसकर्मी भी शामिल थीं। पुलिस ने वाहनों के कागजात, हेलमेट और सीट बेल्ट की जांच की। जांच के दौरान एक शराब तस्कर पकड़ा गया। वह एसएसपी के सामने से गुजर रहा था। संदेह होने पर जांच में उसके कमर से शराब बरामद हुई। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। सड़कों पर अचानक पुलिस की भारी मौजूदगी से राहगीरों में हड़कंप मच गया। बिना हेलमेट और कागजात वाले वाहन चालकों को फटकार लगाई गई। कई वाहनों का चालान काटा गया। पुलिस ने वाहनों की डिग्गी और अंदर की गहन जांच की। ट्रैफिक नियमों के पालन करने की अपील की एसएसपी कुमार आशिष ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की।

## आरजेडी के पोस्टर में नीतीश कुमार को बताया खलनायक




**पटना।** में पूर्व सीएम राबड़ी देवी के आवास के बाहर सीएम नीतीश कुमार को लेकर नया पोस्टर लगाया गया है, इस पर हंगामा शुरू हो गया हैं। आरजेडी के जहानाबाद के पूर्व पार्षद संजू कोहली ने पोस्टर लगाते हुए नीतीश कुमार को खलनायक बताया है। इस पोस्टर में नीतीश कुमार का कार्टून बनाकर दिखाया गया है। साथ ही लिखा गया है कि नायक नहीं, जी हां मैं हूं खलनायक। हां, मैने किया है महिलाओं का अपमान। गांधी जी का किया है अपमान। अब हो गया है राष्ट्रगान का अपमान। जी हां, मैं हूं खलनायक।वहीं, पोस्टर को लेकर भाजपा प्रवक्ता नीरज कुमार ने लालू परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि 'नीतीश कुमार बिहार के नायक हैं। खलनायक आपका पूरा परिवार बिहार के लिए रहा है। इन्होंने सिर्फ और सिर्फ बिहार को लूटने का काम किया और बाद बिहार के सम्मान की करते हैं। शर्म नहीं आती है इनको? शिल्पी राज कांड इन्हें याद नहीं है? चंपा विश्वास कांड इन्हें याद नहीं? यह सब उनके संरक्षण में हो रहा था।' 'तेजस्वी यादव माता-पिता के संरक्षण में बिहार में अपहरण का उद्योग फल फूल रहा था। महिलाओं की इज्जत लूटी जा रही थी। नीतीश कुमार ने जो काम किया वह पूरे देश में मिसाल है। आपने हमेशा महिलाओं के अपमान के लिए महिला आरक्षण का विरोध किया और आप महिला सम्मान का बात करते हैं।'लैंड फॉर जॉब के नायक हैं लालू प्रसाद जदयू के प्रवक्ता अरविंद निषाद ने कहा कि 'आरजेडी को इस बात का पोस्टर लगाना चाहिए कि लालू परिवारवाद के नायक हैं, लालू प्रसाद भ्रष्टाचार के नायक है, लालू प्रसाद लैंड फॉर जॉब के नायक हैं । लालू प्रसाद जिस तरह से बिहार में जंगल राज का स्थापना किया, उसके वह नायक है।' 'कौन नहीं जानता है कि लालू प्रसाद किस बात के प्रतीक और नायक हैं। इस वजह से बिहार की जनता 20 वर्षों से सत्ता से बेदखल किए हुए है। आने वाले दिनों में भी बिहार की जनता उन्हें सत्ता से बाहर रखेगी। बिहार के असली नायक नीतीश कुमार को सत्ता में लाएगी बिहार की जनता जब भली-भांति जानते हैं।' पिछले दिनों राष्ट्रगान के अपमान पर सदन हुआ था ठप सेपक टकरा वर्ल्ड कप के उदघाटन समारोह में सीएम नीतीश कुमार पर राष्ट्रगान का अपमान करने का आरोप लग रहा है । इस मामले को लेकर पिछले दिनों विधान सभा और विधान परिषद दोनों में हंगामा हुआ था। विपक्ष सदन के बाहर और भीतर नीतीश कुमार से माफी मांगने और इस्तीफा देने की मांग कर रही है।

# तनिष्क लूटकांड में शामिल दो लाइनरों की गिरफ्तारी





**आरा।** टाउन थाना क्षेत्र के शीश महल चौक स्थित तनिष्क आभूषण शोरूम में दस दिन पहले हुए चर्चित लूटकांड में पुलिस ने दो लाइनरों को गिरफ्तार किया है। भोजपुर एसपी राज ने इस बारे में जानकारी दी। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान कृष्णागढ़ थाना के उदयभानपुर गांव निवासी विशाल सिंह और सिन्हा थाना के परशुरामपुर गांव निवासी सूरज सिंह के रूप में हुई है। गिरफ्तार विशाल सिंह ने लूटकांड में लाइनर की भूमिका निभाई थी, जबकि सूरज सिंह ने अपराधियों को अपने घर में दो दिनों तक पनाह दी थी। उसने लुटेरों को चिकन-चावल खिलाकर वारदात के लिए तैयार किया और रेकी भी कराई। पुलिस जांच में सामने आया कि विशाल सिंह के खिलाफ भोजपुर और बंगाल में हत्या एवं बम ब्लास्ट सहित कुल नौ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने विशाल सिंह को आरा से और सूरज सिंह को पटना से गिरफ्तार किया। पुलिस ने कांड में प्रयुक्त अपाचे बाइक और मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है।

इस लूटकांड में पहले ही तीन अपराधियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। 14 मार्च को पुलिस ने वैशाली जिले के बिदुपुर थाना के मंझौली गांव निवासी गौतम कुमार को गिरफ्तार किया था, जिसके खिलाफ लूटपाट और आर्म्स एक्ट के दो मामले पहले से दर्ज थे। गौतम के पास से लूट में इस्तेमाल आर्टिका कार और मोबाइल फोन जब्त किया गया था। घटना के दिन पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गए सारण जिले के अपराधी विशाल गुप्ता और कुणाल की निशानदेही पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, 29 अप्रैल 2016 को रंगदारी नहीं देने पर शिवगंज स्थित नागरमल मॉल में बम फेंका गया था, जिसमें सुरक्षा गार्ड समेत कई लोग घायल हुए थे। इस मामले में मास्टरमाइंड आरा जेल में बंद लंबू शर्मा था। उसी दिन गीधा-सकड्डी कोल्ड स्टोरेज पर भी बम फेंका गया था, जिसके बाद विशाल सिंह समेत चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया था।

टाउन थाना अध्यक्ष देवराज राय के मुताबिक, 2023 में पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के पंडुरा थाना क्षेत्र में एक स्कॉर्पियो चालक की हत्या कर गाड़ी लूट ली गई थी। इस मामले में विशाल सिंह और सूरज सिंह दोनों जेल गए थे। सूरज को पहले ही जमानत मिल गई थी, जबकि विशाल फरवरी 2025 में जमानत पर बाहर आया था।

## संक्षिप्त डायरी

### पुलिस टीम पर हमला मामले में 8 गिरफ्तार



**भागलपुर।** के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के मिजार्पुर स्थित रेफरल अस्पताल गेट के पास पुलिस टीम पर हमले के मामले में पुलिस ने अब तक कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। विधि व्यवस्था डीएसपी चंद्रभूषण ने बताया कि एसएसपी के निदेर्शानुसार उनके नेतृत्व में सुलतानगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर पुलिस पर हमला करने के मामले में कार्रवाई की गई। इससे पहले इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गिरफ्तार आरोपियों में रामचंद्र चौधरी के पुत्र संतोष कुमार, राजेंद्र चौधरी के पुत्र विक्रम कुमार, अशोक चौधरी के पुत्र राजाराम चौधरी, गणेश चौधरी के पुत्र आदित्य राज, राजेंद्र चौधरी के पुत्र संजीव कुमार, छोटी चौधरी के पुत्र गणेश चौधरी, महेंद्र चौधरी के पुत्र रंजीत कुमार और बुद्धदेव चौधरी के पुत्र बिजल चौधरी शामिल हैं। पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।सुलतानगंज पुलिस को सूचना मिली थी कि मिजार्पुर स्थित रेफरल अस्पताल गेट के पास अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। इस पर थाना पुलिस की एंट्री लेकर टास्क फोर्स प्रभारी महानंद झा के नेतृत्व में टीम छापेमारी करने पहुंची। पुलिस ने एक महिला के घर से एक लीटर अवैध शराब बरामद की और उसे गिरफ्तार करने की कोशिश की, लेकिन घरवालों ने विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई और स्थानीय लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस घटना में पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और एक महिला घायल हो गई। महिला के परिजनों ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया था। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

### भारी मात्रा में पिस्टल के साथ हथियार तस्कर गिरफ्तार




**बेगूसराय।** में साहेबपुर कमाल थाना की पुलिस और जिला आसूचना इकाई की टीम ने गुप्त सूचना पर NH-31 पर रघुनाथपुर में स्थित रेलवे ओवरब्रिज के समीप से एक हथियार तस्कर को बड़ी संख्या में अर्धनिर्मित पिस्टल सहित अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया है।एसपी मनीष ने बताया कि जिला आसूचना इकाई ) के माध्यम से साहेबपुरकमाल थाना को सूचना मिला की खगड़िया जिला के जंगली मंडल टोला निवासी एक हथियार तस्कर अपने साथ बड़ी मात्रा में हथियार लेकर बाइक से बेगूसराय की तरफ जाने वाला है।सूचना मिलते ही साहेबपुर कमाल थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार की टीम एवं उक्त ने NH-31 पर रेलवे ओवरब्रिज के समीप वाहन चेकिंग लगाया। थोड़ी ही देर बाद ही अपाची बाइक पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति अचानक पुलिस चेकिंग को देखकर गाडी को रोका एवं तेजी से घुमाकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे त्वरित कार्रवाई में पुलिस टीम के द्वारा खदेड़ कर बाइक के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में उसने बताया कि खगड़िया के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित जंगली मंडल टोला करारी निवासी सीताराम मंडल का बेटा मणिकांत कुमार है। उसके बाइक की डिक्की से 15 अर्धनिर्मित पिस्टल, 2 गोली, हथियार बनाने के लिए 2 लोहे का रेती, 1 लोहे का हथौड़ी, हथियार पॉलिश करने वाला 1 इलेक्ट्रिक मशीन बरामद किया गया।

### समस्तीपुर में युवाओं को इंटर्नशिप करने का अवसर

**समस्तीपुर।** जिला नियोजनालय विभाग में विभिन्न कंपनियों के साथ मिलकर युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान कर रहा है, जिससे उन्हें व्यावसायिक अनुभव मिलेगा और भविष्य में नौकरी के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। जिसमें आईटीआई, पॉलिटेक्निक डिप्लोमा धारक हैं या फिर बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए, बीटेक, बी फार्मा जैसी डिग्रियां प्राप्त कर चुके छात्रों को धानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत करियर को नई दिशा मिल सकता है। इस योजना के तहत जिले की प्रमुख कंपनियों में सुधा डेयरी सहित अन्य प्रतिष्ठित कंपनियां भी युवाओं को इंटर्नशिप के लिए मौका दे रही हैं। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।जिला नियोजन पदाधिकारी सुमित कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना कुल 12 महीने की होगी, जिसमें चयनित युवाओं को सरकार द्वारा प्रतिमाह 5000 की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, यात्रा खर्च के लिए 6000 का आकस्मिक भत्ता भी दिया जाएगा। इंटर्नशिप के दौरान कंपनियों द्वारा युवाओं को उनके कार्यस्थल तक आने-जाने के लिए वाहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, प्रत्येक इंटर्न का बीमा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत किया जाएगा।इस योजना के तहत आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट www.pminternship.mcagov.inपर आवेदन कर सकते हैं। सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करना है। समस्तीपुर जिले में पहले चरण में 85 युवाओं का चयन किया गया है। आगे चलकर कंपनियों की मांग के अनुसार और भी युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर दिए जाएंगे। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को उद्योग, व्यवसाय और सेवा क्षेत्रों में आवश्यक कौशल और कार्य अनुभव देना है, जिससे उन्हें भविष्य में बेहतर रोजगार मिल सके।

### पीड़िता बोली- दुष्कर्म का विरोध करने पर झांसा और धमकी

**गया।** में एक महिला ने पंचायत के मुखिया पर दुष्कर्म करने और उसका विरोध करने पर परिजनों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पूरे मामले को लेकर पीड़िता ने शुक्रवार को स्थानीय थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। घटना बोधगया प्रखंड के एक पंचायत का है।जानकारी के अनुसार, मुखिया ने खेत में पटवन करने गई महिला के साथ जबरदस्ती खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। जिसका विरोध करने पर महिला को धमकी भी दी। हालांकि पीड़िता ने जब घटना की जानकारी परिजनों को दी तो मुखिया ने पीड़िता के पूरे परिवार को सरकारी आवास योजना का लाभ देने का झांसा दिया। मुखिया के आश्वासन देने के बाद भी जब परिजनों ने विरोध किया तो सभी को जान मारने की धमकी दी। वहीं, गांव में पंचायती की बैठक के लिए बुलाने गए परिजनों के साथ मारपीट भी की। न्याय की गुहार लगा रही महिला का आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुखिया को गिरफ्तार किया है।पीड़ित महिला ने बताया कि मेरे साथ हुई घटना को मेरी गोतनी और घटनस्थल से दूर खेत में मवेशी चरा रहे बच्चे ने भी देखा है। उनलोगों ने दुष्कर्म के बाद खेत से मुखिया को भागते हुए देखा है।



कुछ ऐसी चीजें जो हमारे जीवन में इस तरह से घुल-मिल गई है कि पता ही नहीं चलता कि उसका नाता भारत से नहीं है। कुछ ऐसी चीजें जो हमारे जीवन में इस तरह से घुल-मिल गई है कि पता ही नहीं चलता कि उसका नाता भारत से नहीं है। क्या तुम्हें पता है कि समोसे जैसी फेमस चीज जो तुम अक्सर खाया करते हो उसका ऑरिजिन भारत नहीं है। ऐसी ही कुछ और चीजें जो देश में कहीं और से आईं लेकिन इस देश का हिस्सा बन गईं।

# भारत ऑरिजिन की नहीं है, देश का हिस्सा बनी ये चीजें

## समोसा

यह ट्रायंगल तो सारे बच्चों का प्यारा है या यूं कहें कि बड़ों के मुंह में भी इसको देखकर पानी आ जाता है। क्या तुम्हें पता है कि समोसा भारत की उपज नहीं है। प्राचीन काल में सेंट्रल एशिया के जिन रास्तों से व्यापार हुआ करता था वहां से होता हुआ यह भारत पहुंचा। दरअसल इस ट्रायंगल स्नैक्स को बनाना सबसे आसान होता है और रात को मुसाफिर जब रास्तों में हॉल्ट करते हुए आते थे तो समोसों को कैंपफायर के आस-पास भी तैयार कर लिया करते थे।

## आलू



सब्जियों का राजा माना जाने वाला आलू सब्जियों में बच्चों की पहली पसंद है। इसके बिना तो सब्जी या किसी स्नैक की कल्पना करना ही थोड़ा मुश्किल लगता है! लेकिन क्या तुम्हें पता है कि आलू मात्र चार सौ साल पहले ही हमारे देश में आया और यहां तक कि टमाटर का इस्तेमाल भी देश में पहली बार 19वीं शताब्दी में किया गया था।

## क्रिकेट

इंग्लैंड में जन्मा यह खेल आज भारत में गली-गली का खेला जाता है। यहां तक कि आईसीसी की इनकम में भारत की कमाई की भागीदारी 70 से 80 प्रतिशत तक है। देश में क्रिकेट सबसे पॉपुलर खेलों में से एक है।



## राजमा




पंजाबी डिशेज की लिस्ट राजमा के बिना अधूरी मानी जाती है। बड़े चाव से राजमा, चावल खाने वालों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि यह अपने देश में नहीं बल्कि कोलोनियल अमेरिका में पैदा हुआ है। किडनी बीन्स यानी राजमा को 8000 साल पहले एकेडियन किसानों ने लुसियाना में उपजाया था।

## हैंड नीटिंग

सर्दियों के मौसम में अपने घरों में भी तुमने मम्मी या दादी, नानी को हाथों से बुनाई करते हुए देखा होगा। जो कई तरह के स्वेटर तुम्हारे लिए तैयार करती होंगी। तुम्हें लगता होगा कि यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी देश में आगे बढ़ी होगी लेकिन ऐसा नहीं है, क्योंकि हाथों से बुनाई का काम अपने देश की कला नहीं बल्कि इजिप्ट से यहां आया था।




## सिल्क



तुम्हारी मम्मी के पास भी सिल्क की साड़ियां जरूर होंगी? क्या तुम्हें पता है कि यह सिल्क हमारे देश की नहीं है, बल्कि कई सदियों पहले चीन के व्यापारी इसे यहां लाए थे। हमारे यहां मिलने वाले सिल्क वॉर्म वही पहले चाइनीज पेयर थे जिनसे सिल्कवॉर्म की संख्या बढ़ाई गई।

## पतंग



दो हजार साल पहले पतंगों को चीन में तैयार किया गया था। अब तो भारत में गांव के बच्चों के खेल का यह हिस्सा बन गया है तो शहरों में व्रत-त्योहार के मौके पर लोग रंग-बिरंगी पतंगें उड़ाकर अपनी खुशी का इजहार करते हैं।

## चाय



सुबह की शुरुआत तुम्हारे घर में भी चाय की चुस्कियों के साथ होती होगी। लेकिन देश का मुख्य पेय चाय भी चीन से यहां पहुंचा है।



# कागज पर उतारो पत्तियां

आजकल वॉटर कलर डेकोरेशन और डिजाइन में इस्तेमाल हो रहा है लेकिन हम इस वॉटरकलर को पत्तियां बनाने के लिए प्रयोग करेंगे। इससे तैयार पत्तियां एक बेहतरीन आर्ट वर्क की तरह नजर आती हैं।

## किन चीजों की होगी जरूरत

- वॉटरकलर सेट
- विभिन्न प्रकार के वॉटर कलर ब्रशेस
- गार्डन से तोड़ी हुई अलग-अलग प्रकार की पत्तियां

## बनाओ कलर पैलेट

सबसे पहले तो अपना एक कलर पैलेट तैयार करो और उसकी टेस्टिंग पेपर के अलग-अलग टुकड़ों पर करो। जब तक तुमको अपना पसंदीदा शेड ना मिल जाए तब तक पैलेट तैयार करते रहो ताकि जब तुम पत्तियों को उससे ड्रॉ करो तो वो बिल्कुल असली नजर आएं।

## कौन-कौन से कलर

परमानेंट सैप ग्रीन, ग्रीन ब्लू शेड, रॉ एंबर, ब्लू ग्रीन, बर्न्ट सिएना। बाकी शेड अन्य कलर्स के मिक्सचर से तैयार किए जा सकते हैं।

डूडलिंग करना तो हर किसी को भाता है लेकिन क्या कभी सीरियस पेंटिंग के बारे सोचा है। अरे तुम्हें पेंटर बनाने की बात नहीं कर रहे, यदि तुम्हें भी रंगों से प्यार है और कुछ न कुछ बनाते रहना तुम्हारी हॉबी है तो क्यों ना कुछ क्रिएटिव किया जाए। आओ मिलकर वॉटर कलर के जरिए लीविंग लीव्स को कागज पर उतारें, सोच में पड़ गए! चलो इसे करके देखते हैं।

## इस तरह दो अपनी पत्तियों को आकार

- सबसे पहले लाइट स्केच तैयार करो और फिर इसे भीगे ब्रश से अंदर की ओर भरो। इससे तुम्हें कलर के फर्स्ट लेयर को फैलाने में मदद मिलेगी।
- तुमने ग्रीन का जो शेड तैयार किया है उसका सबसे हल्का शेड प्रयोग करो।
- पहली लेयर के सूख जाने के बाद दूसरी लेयर बनाओ जो सबसे हल्के शेड की हो। अब डार्क शेड की दूसरी लेयर लगाओ और उसे फिर सूखने दो।
- पेपर को थोड़ा तिरछा कर दो और पेंट को पेंट की हुई पत्ती के टिप तक पहुंचने दो। इसके सूख जाने के बाद ग्रीन की एक और लेयर इस पर लगाओ।
- वॉटर कलर में यह चीज स्पष्ट नजर आती है इसमें जितने लेयर्स में कलर लगाए जाते हैं इमेज उतनी ही क्लियर नजर आने लगती है।
- अपने ब्रश को पानी में डुबाकर उसे पत्ती के ऊपर फिराओ। जब यह हल्का गीला रहे तो उसके ऊपर रॉ एंबर कलर का हल्का शेड पत्ती के लाइट साइड पर लगाओ।
- कलर जब हल्के गीले हों तो अपने ब्रश पर बर्न्ट सिएना कलर को पत्ती के ऊपर टपकाओ। तुम देखोगे कि कलर्स एक-दूसरे पर चढ़े हुए नजर आएंगे।
- अब पत्ती के अलग-अलग हिस्से पर कलर टपकाओ।
- भीगे हुए पतले ब्रश से पत्ती पर वेन्स बनाओ और साथ ही पत्तियों की डिटेल उस पर ड्रॉ करो।
- ऐसा तुम कई पत्तियों के साथ कर सकते हो।



# कैसे बनते हैं स्नोफ्लैक्स?

**उन जगहों पर जहां चारों ओर बर्फ की चादर बिछी हो और हर तरफ सिर्फ एक ही रंग नजर आता हो..सफेद। इन्हें कहते हैं स्नोफ्लेक्स।**

उन जगहों पर जहां चारों ओर बर्फ की चादर बिछी हो और हर तरफ सिर्फ एक ही रंग नजर आता होसफेद। इस बीच कहीं-कहीं कुदरत की ऐसी कलाकारी नजर आती है कि उसे कैमरे में कैद किए बिना नहीं रहा जा सकता। ये हैं स्नोफ्लेक्स या बर्फ की पपड़ी। स्नोफ्लैक्स की सबसे अनोखी बात ये है कि इनमें से किसी का भी आकार एक-दूसरे से मेल नहीं खाता है। हरेक आकृति यूनिक होती है। इनको देखकर ऐसा जान पड़ता है कि किसी ने क्रिस्टल के जरिए सुंदर आकृति तैयार की है लेकिन ये तो प्रकृति की कारीगरी है। इनके यूनीक शेप के कारण ही दुनियाभर के फोटोग्राफर्स बेस्ट स्नोफ्लैक्स की तस्वीरें लेने की तैयारी में रहते हैं।

## कुदरत की कारीगरी

स्नोफ्लैक्स बनने की शुरुआत छोटे-छोटे डस्ट पार्टिकल्स या पॉलेन पार्टिकल्स के वॉटर वेपर के संपर्क में आने से होती है। ये वॉटर वेपर इन पार्टिकल्स के ऊपर इकट्ठी हो जाती हैं और जब ठंडे वातावरण में ये जमती हैं तो छोटे-छोटे आइस क्रिस्टल जैसे नजर आने लगते हैं। ये छोटे-छोटे क्रिस्टल सीड्स की तरह होते हैं जिनसे स्नोफ्लैक्स का जन्म होता है। तुम्हें यह जानकर आश्चर्य होगा कि ये छोटे आइस क्रिस्टल नेचुरली अरेंज होकर हेक्सागोनल यानी सिक्स साइडेड स्ट्रक्चर बना लेते हैं। इस तरह के सिक्स साइडेड आइस क्रिस्टल ही 'स्नोफ्लेक्स'' कहलाते हैं। चूंकि स्नोफ्लेक्स के आस-पास की हवा से ये अधिक वजनदार होते हैं इसलिए कुछ समय में अपने-आप गिरना भी शुरू हो जाते हैं।

## हर स्नोफ्लै है डिफरेंट

यूं सारे स्नोफ्लैक्स हेक्सागॉनल होते हैं लेकिन इनकी जियोमैट्री अलग-अलग होती है। डिफरेंट टेम्परेचर और ह्यूमिड कंडीशन से होकर जब स्नोफ्लैक्स नीचे गिरते हैं तो उनके शेप भी डिफरेंट हो जाते हैं। किसी में नुकीले आर्म्स निकले रहते हैं तो किसी में बहुत ही चौड़े। स्नोफ्लैक्स का निर्माण पृथ्वी पर काफी ऊंचाई पर होता है इसलिए जमीन पर इसका स्नो के रूप में नीचे गिरना हर बार हो ऐसा नहीं है। यह तभी हो सकता है जब हवा का टेम्परेचर फ्रीजिंग से कम हो।

## केक की टॉपिंग पर स्नोफ्लैक्स

स्नोफ्लैक्स के अलग-अलग मजेदार शेप्स के कारण कई पार्टीज का इसे हिस्सा बनाया जा रहा है, वो भी केक को सजाने के लिए। अब तो स्नोफ्लैक्स के शेप को आर्टिफिशियल रूप से तैयार किया जाने लगा है। लोग अपनी पसंद के अनुसार डिफरेंट शेप वाले स्नोफ्लैक्स से भरी बोटल खरीदते हैं और केक को और भी मजेदार ढंग से प्रेजेंट करते हैं।

# तीन सेर चावल

पुराने जमाने की बात है। किसी गांव में मोहन नाम का एक लड़का रहता था। वह बहुत शैतान था। हर दिन उसकी शिकायतें उसके माता-पिता को सुनने को मिलतीं।

पिता ने मोहन को विद्यालय भेज दिया, लेकिन उसकी शरारतों से शिक्षक भी बहुत दुखी हो गए। उस पर अपने शिक्षक की बातों का भी कोई असर नहीं होता था।

मोहन कई बार बच्चों की सीट के नीचे चींटियां छोड़ देता, जिससे वे ठीक से पढ़ न पाते। बच्चे उसके डर से उसकी शरारतों के बारे में अपने शिक्षकों से भी शिकायत न करते। एक दिन तंग आकर मास्टरजी ने उसे विद्यालय से निकाल दिया।

उस जमाने में जंगल अधिक थे। चारों ओर पेड़-पौधों की भरमार थी। अब मोहन जंगल में जाकर पेड़-पौधों का ध्यान करता, पानी देकर सींचता। घर में उसका मन नहीं लगता था। उसकी चिंता में मां परेशान रहतीं।

मोहन के गांव में एक बूढ़ा आदमी भीख मांगने आता था। वह उसे भी बहुत तंग करता। कभी उसका थैला छीनकर उसमें रखी रोटी निकालकर जानवरों को खिला देता, तो कभी बूढ़े पर पानी डाल देता। लेकिन बूढ़ा उसके गांव में जरूर आता। लोग उससे पूछते कि इतना तंग होने के बाद भी वह इस गांव में भीख मांगने क्यों आता है? वह सबको एक ही उत्तर देता, मोहन बच्चा है। बच्चे शरारत नहीं करेंगे, तो क्या हम बड़े लोग करेंगे? उसकी बात सुनकर लोग चुप हो जाते।

इस प्रकार कई महीने बीत गए। एक दिन मोहन किसी गांव से आ रहा था। उसे घर पहुंचने की जल्दी थी। किसी किसान ने अपनी फसल की रक्षा के लिए नागफनी की बाड़ लगा रखी थी। रास्ते में नागफनी के कांटे गिरे हुए थे। उसकी नजर उन कांटों पर पड़ी। उसने सोचा कि वह एक-दो नागफनियों को लेकर रास्ते पर डाल दे, तो बड़ा मजा आएगा। उसने दो नागफनियों को उठा लिया और उन्हें घास के नीचे छिपा दिया। फिर घर चला आया।

दो-तीन दिन बीत गए। आज वह स्वयं उसी रास्ते से जा रहा था। उसी रास्ते से बूढ़ा भिखारी भी आ रहा था। मोहन को शरारत सूझी। उसने कहा, जरा थैला दिखाना। भिखारी ने उसे थैला दे दिया। उसमें एक फटी धोती थी। दो रोटियां भी थीं। वह थैले को लेकर उछालने लगा कि अब वह थैला नहीं देगा।

भिखारी उसके करीब आता, तो वह दौड़कर थोड़ी दूर भाग जाता।

इसी भाग-दौड़ में अचानक सूखी नागफनी पर मोहन का पांव पड़ गया। उसके पूरे तलवे में कांटे चुभ गए। वह अचानक एक ओर लुढ़क गया। थैला उसके हाथ से छूट गया। भिखारी मोहन के पास आया। वहां उसने अपनी लाठी से घास हटाई, तो उसे एक और नागफनी नजर आई। उसने उसे भी डंडे से दूर हटा दिया और मोहन के पास बैठकर पांव से कांटे निकालने लगा।

भिखारी ने मोहन के पांव से काफी कांटे निकाल दिए। फिर भी कुछ कांटे उसके पांव में चुभे ही रह गए। भिखारी ने उसे सहारा देकर खड़ा किया। मोहन ने कहा, मैं घर नहीं जाऊंगा। छाया में बैठकर तलवे के सारे कांटे निकालूंगा, तब घर लौटूंगा।

भिखारी ने कहा, यदि तुम मेरी झोंपड़ी तक चलो, तो मैं तलवे के सारे कांटे निकाल दूंगा। ऐसा लेप लगा दूंगा कि तुम्हारा पांव जल्दी ठीक हो जाएगा। मोहन तैयार हो गया।

भिखारी उसे अपने कंधे का सहारा देकर, झोंपड़ी तक ले आया। फर्श पर एक फटी-पुरानी दरी और कंबल का टुकड़ा बिछा हुआ था। उसी पर उसने मोहन को लिटाया। पानी गरम कर उसका पांव धोया। फिर कांटे निकालकर पैर पर जड़ी-बूटी का लेप कर दिया। मोहन को लेप से बहुत राहत मिली और वह सो गया।

भिखारी ने अपने थैले से भीख में मिले चावल निकाले और खिचड़ी बनाई। फिर गांव जाकर दूध ले आया। उसने मोहन को खिचड़ी खिलाकर पीने के लिए दूध गरम करके दिया। मोहन को अब उस भिखारी को बुड्ढा कहने में शर्म आई। उसने भिखारी को 'दादा' कहकर पुकारा। दादा शब्द सुनकर भिखारी की आंखों से आंसू झरने लगे।

मोहन ने चकित होकर पूछा, तुम रो क्यों रहे हो?

नहीं बेटा, कोई बात नहीं है। मैं तीस वर्षों से यहां अकेला पड़ा हूं। तुमने मुझे दादा कहा, तो मेरा दिल भर आया। भिखारी बोला।

नहीं दादा, अब तुम्हें भीख मांगने की जरूरत नहीं होगी। मैं तुम्हें खिलाऊंगा। मोहन बोला। भिखारी हंसकर चुप हो गया। शाम होने जा रही थी। भिखारी ने उसके पांव का लेप गरम पानी से धो दिया। अब उसके पांव में एक भी कांटा नहीं था। इसके बाद भिखारी उसे गांव तक छोड़ने आया। मोहन दौड़कर घर गया और रोटी तथा सब्जी लेकर आया। कहा, दादा, इसे रात में खाना। मैं कल सुबह आऊंगा।

भिखारी घर लौट आया। वह सोच रहा था कि मोहन कितना अच्छा लड़का है।

मोहन दूसरे दिन उठा और एक किसान से बोला, यदि आपको मजदूर की जरूरत हो, तो मैं काम करने के लिए तैयार हूं। किसान को एक मजदूर की जरूरत तो थी, मगर वह मोहन को एक शरारती बच्चे के रूप में जानता था। वह मोहन से बोला, तुम्हें शरारत से फुरसत मिलेगी, तभी तो काम करोगे।

मुझसे आज काम लेकर देखो चाचा, तब पता चलेगा।

ठीक है, चलो काम करो। किसान बोला।

मोहन ने दिन भर मेहनत से काम किया। बदले हुए मोहन को देखकर किसान बहुत चकित था। उसने मोहन को तीन सेर चावल मजदूरी में दिए।

मोहन चावल लेकर भिखारी की झोंपड़ी में जा पहुंचा। भिखारी खाना बनाने की तैयारी कर रहा था। उसने जब चावल देखे, तो बोला, मोहन बेटा! ये ले जाकर अपनी मां को दो। मेरा गुजारा तो भगवान चला ही रहा है।

नहीं दादा! ये चावल तुम रखो। ये मैंने दिन भर मजदूरी करके कमाए हैं। तुम नहीं रखोगे, तो मैं कल से मजदूरी नहीं करूंगा और शरारतें करने लगूंगा।

उस दिन से मोहन बहुत बदल गया। अब वह हर एक की मदद करने की कोशिश करता। गांव के सब लोग उसकी खूब तारीफ करते।



# राजस्थान के खिलाफ हैदराबाद जीत का दावेदार

## - आईपीएल में 300 रन का आंकड़ा छूने की क्षमता सिर्फ सनराइजर्स हैदराबाद के पास




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 में रविवार 23 मार्च को दो मुकाबले होने है पहला मुकाबला सनराइस हैदराबाद और राजस्थान रॉयल के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला दोपहर 3.30 बजे शुरू होगा। अपने घरेलू मैदान पर पहला मैच खेल रही सनराइजर्स को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि अगर कोई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 300 के जादुई आंकड़े को छू सकती है, तो वह सनराइजर्स हैदराबाद है। इस टीम के पास विस्फोटक बल्लेबाजी क्रम और अनुभवी गेंदबाज हैं, जो किसी भी टीम को ध्वस्त करने की क्षमता रखते हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम में दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में शुमार ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा, इशान किशन और हेनरिक क्लासेन मौजूद हैं। ये खिलाड़ी किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को तहस-नहस करने की ताकत रखते हैं। पिछले सत्र में सनराइजर्स ने तीन बार 250 से अधिक का स्कोर बनाया था, जिसमें आरसीबी के खिलाफ 287, मुंबई के खिलाफ 277 और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 266 रन शामिल हैं। इस बार टीम 300 का आंकड़ा छूने के इरादे से उतरेगी।

सनराइजर्स के लिए राहत की खबर यह है कि नीतीश कुमार रेड्डी चोट से उबर चुके हैं और उनकी वापसी से बल्लेबाजी को और मजबूती मिलेगी। हालांकि, सबसे ज्यादा नजरें ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की ओपनिंग जोड़ी पर रहेंगी। अभिषेक ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ 54 गेंदों में 135 रन की धुआंधार पारी खेली थी और वह उसी लय को आईपीएल में भी जारी रखना चाहेंगे।

वहीं दूसरी ओर, राजस्थान रॉयल्स की गेंदबाजी थोड़ी कमजोर नजर आ रही है। जोफ्रा आर्चर को छोड़कर टीम के पास कोई बड़ा गेंदबाज नहीं है, जो सनराइजर्स के तूफानी बल्लेबाजों को रोक सके। इसके अलावा, राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन उंगली की चोट के कारण शुरुआती मैचों में विकेटकीपिंग और फील्डिंग नहीं कर पाएंगे। ऐसे में टीम की कमान रियान पराग संभालेंगे। राजस्थान के बल्लेबाजी क्रम में जोस बटलर की गैरमौजूदगी टीम के लिए बड़ा झटका है। इस बार टीम को शिमरॉन हेटमायर, ध्रुव जुरेल, नितीश राणा और यशस्वी जायसवाल से बड़ी उम्मीदें होंगी। हालांकि, पिछले सीजन में दोनों टीमों के बीच खेले गए मुकाबले में सनराइजर्स ने राजस्थान को हराया था, जिससे उनका आत्मविश्वास काफी ऊंचा होगा।

सनराइजर्स के पास गेंदबाजी में कप्तान पैट कमिंस के साथ मोहम्मद शमी और एडम जंपा जैसे अनुभवी खिलाड़ी संभाल रहे हैं, जो राजस्थान के बल्लेबाजों को रोकने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस मुकाबले में युवा वैभव सूर्यवंशी को प्लेइंग इलेवन में मौका मिलने की संभावना कम है। कुल मिलाकर, राजस्थान के सामने सनराइजर्स की चुनौती कड़ी रहने वाली है।

### दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं

**सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड, ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन, अभिषेक शर्मा, सचिन बेबी, मोहम्मद शमी, एडम जाम्पा, अनिकेत वर्मा, अभिनव मनोहर, राहुल चाहर, ईशान मलिंगा, हर्षल पटेल, कामिंदु मेंडिस, वियान मुल्डर, नितीश कुमार रेड्डी, अथर्व तायडे, ब्रायडन कार्स, सिमरजीत सिंह, जयदेव उनादकट, जीशान अंसारी।

**राजस्थान रॉयल्स:** रियान पराग (कप्तान), संजू सैमसन, शुभम दुबे, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, नितीश राणा, कुणाल सिंह राठौड़, वैभव सूर्यवंशी, वानिंदु हसरंगा, जोफ्रा आर्चर, अशोक शर्मा, तुषार देशपांडे, फजलहक फारूकी, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, संदीप शर्मा, महेश थीक्षाना, युद्धवीर सिंह।

# आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन कर इंग्लैंड टीम में जगह बनाना चाहते हैं सैम करन



**मुम्बई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर सैम करन का लक्ष्य आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर इंग्लैंड टीम में वापसी करना है। करन इस सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम में शामिल है। करन ने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के बाद से इंग्लैंड के लिए नहीं खेला है। इसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी उन्हें टीम में जगह नहीं मिली थी। इस क्रिकेटर ने कहा, मेरा मुख्य लक्ष्य अब इंग्लैंड टीम में वापसी करना है। इसके लिए मुझे आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। साथ कहा कि इंग्लैंड के साथ मुझे लगता है कि मुझे कभी भी सही भूमिका नहीं मिली है। मुझे लगता है कि अगर मैं इंग्लैंड के साथ अपनी भूमिका सही से निभा पाया, तो मैं टीम में जगह पक्की कर पाउंगा।

करन ने कहा, मैं वास्तव में अच्छी स्थिति में हूं। मैं अभी भी काफी युवा हूं और मुझे लगता है कि जब कमजोर चीजों को संभालने की बात आती है तो मैं परिपक्व हो गया हूं। थोड़ा और अनुभवी होने के नाते, हालातों को बेहतर ढंग से समझने के कारण, मुझे वास्तव में उम्मीद है कि मैं टीम में वापस आ सकता हूं। ऐसा करने का केवल एक ही तरीका है और वह है अच्छा प्रदर्शन। सीएसक को 23 मार्च को चेन्नई में मुंबई इंडियंस से खेलना है। आईपीएल 2025 में करन का सीएसके के साथ ये तीसर साल है। इससे पहले वह 2020 और 2021 सीजन में उसकी ओर से खेले हैं। उन्होंने मैकुलम द्वारा दिए गए फीडबैक के बारे में भी बात की कि उन्हें इंग्लैंड की व्हाइट-बॉल योजना से क्यों बाहर रखा गया। उन्होंने कहा, जब मुझे बाहर रखा गया था, तब मैकुलम ने मुझे शुरुआत में बुलाया था, वह स्पष्ट और ईमानदार थे, और मैं इसका सम्मान करता हूं। मैंने उनके अधीन कभी काम नहीं किया है, लेकिन वह जो वह चाहते हैं बहुत ईमानदार और स्पष्ट दिखते हैं। उन्होंने कहा कि मैं अभी वहां नहीं रहूंगा, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि दरवाजा बंद हो गया है। यह दूर जाने, वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करने और प्रदर्शन करने के बारे में है।

# सरफराज को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिल सकता है अवसर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने वाले सरफराज खान को जून में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से एक बार फिर अवसर मिल सकता है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्हें एक भी टेस्ट मैच में खेलने का मौका नहीं मिला क्योंकि वह चोटिल हो गए थे। इसके बाद वह घरेलू क्रिकेट भी नहीं खेल पाये। भारतीय टीम को अब टेस्ट क्रिकेट जून में खेलना है। तब टीम इंडिया इंग्लैंड दौरे पर जाएगी जहां उसे मेजबानों के साथ 5 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से खेला जाएगा। सरफराज ने अपना आखिरी टेस्ट न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले साल नवंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर में खेला था। उन्होंने अभी तक भारत के लिए केवल एक टेस्ट में डेब्यू किया है। ऐसे में अब वह तभी भारतीय टीम में नजर आ सकते हैं। सरफराज का घरेलू क्रिकेट में शानदार रिकॉर्ड है। उन्हें घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद साल 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू का मौका मिला। सरफराज ने अब तक 6 टेस्ट खेले हैं जिसमें उन्होंने 371 रन बनाए हैं जिसमें 1 शतक और 3 अर्धशतक शामिल है। उनका सबसे अधिक स्कोर 150 रन रहा है। इसके अलावा 54 फर्स्ट क्लास मैचों में सरफराज खान के नाम 4593 रन दर्ज है।

# हार्दिक पंड्या के बगैर सीएसके से भिड़ेगी मुंबई इंडियंस




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 में रविवार का दूसरा मुकाबला मुंबई इंडियंस का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स होगा। यह मुकाबला शाम 7.30 बजे शुरु होगा। मुंबई इंडियंस अपने नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या के बगैर चेन्नई सुपरकिंग्स से भिड़ेगी। पंड्या रविवार को खेले जाने वाले मुकाबले में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। उन पर पिछले सीजन के अंतिम लीग मैच में धीमी ओवर गति के कारण एक मैच का प्रतिबंध लगाया गया था। इस कारण मुंबई इंडियंस की कप्तानी इस मैच में सूर्यकुमार यादव करेंगे। इसके अलावा, टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी चोट के कारण इस मुकाबले में नहीं खेलेंगे, जिससे मुंबई इंडियंस की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

यह मुकाबला चेन्नई के चेपॉक (एमए चिदंबरम स्टेडियम) में खेला जाएगा, जहां की पिच स्पिन गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। इस पिच का अधिकतम लाभ उठाने के लिए चेन्नई सुपरकिंग्स ने पिछले सीजन की नीलामी में रविचंद्रन अश्विन, नूर अहमद, श्रेयस गोपाल और दीपक हुड्डा जैसे गेंदबाजों को टीम में शामिल किया था। टीम के पास पहले से ही अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा मौजूद हैं, जो स्पिन आक्रमण को और धार देंगे। चेन्नई इस मैच में अपने मजबूत स्पिन आक्रमण का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा और मुंबई को दबाव में डालना चाहेगा।

वहीं मुंबई इंडियंस के लिए बुमराह की अनुपस्थिति भी चिंता का विषय है, क्योंकि वह चोट से उबरने की प्रक्रिया में हैं और शुरुआती मुकाबलों में उनके खेलने को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। मुंबई इंडियंस का पिछला सीजन बेहद खराब रहा था, जहां टीम अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर रही थी। हालांकि, इस बार टीम संतुलित नजर आ रही है और मजबूत वापसी की उम्मीद कर रही है। चेन्नई सुपरकिंग्स की बल्लेबाजी में कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के साथ रचिन रवींद्र या डेवोन कॉनवे में से किसी एक को ओपनिंग की जिम्मेदारी दी जा सकती है। मध्यक्रम में राहुल त्रिपाठी, शिवम दुबे, दीपक हुड्डा और विजय शंकर मौजूद हैं, जबकि निचले क्रम में महेंद्र सिंह धोनी और रवींद्र जडेजा टीम को मजबूती देंगे।


वहीं मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी क्रम में ईशान किशन की गैरमौजूदगी में दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज रयान रिकेल्टन को मौका मिल सकता है। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा मध्यक्रम की जिम्मेदारी संभालेंगे। गेंदबाजी विभाग में ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर और रीस टॉपली की मौजूदगी से टीम को मजबूती मिलेगी, जबकि मिशेल सेंटनर, कर्ण शर्मा और मुजीब उर रहमान स्पिन विभाग संभालेंगे। मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच हालिया रिकॉर्ड की बात करें तो चेन्नई ने पिछले पांच मुकाबलों में से चार में जीत दर्ज की है। ऐसे में यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।

### टीम इस प्रकार हैं

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), डेवोन कॉनवे, राहुल त्रिपाठी, शेख रशीद, वंश बेदी (विकेटकीपर), सी आंद्रे सिद्धार्थ, रचिन रवींद्र, रविचंद्रन अश्विन, विजय शंकर, सैम कुरेन, अंशुल कंबोज, दीपक हुडा, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, खलील अहमद, नूर अहमद, मुकेश चौधरी, गुरजपनीत सिंह, नाथन एलिस, श्रेयस गोपाल, मथीशा पथिराना.

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज, रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), श्रीजीत कृष्णन (विकेटकीपर), बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, जसप्रीत बुमराह.

# मशहूर हैवीवेट बॉक्सर फॉरमैन का निधन, परिवार ने की पुष्टि




वाशिंगटन। मशहूर हैवीवेट बॉक्सर जॉर्ज फॉरमैन का निधन हो गया है वह 76 वर्ष के थे, उनके परिवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी पुष्टि की है। बिग जॉर्ज के नाम से मशहूर फॉरमैन ने 1960 के दशक में बॉक्सिंग में करियर शुरु किया था। उन्होंने ओलपिक में स्वर्ण पदक जीता और दो बार विश्व हैवीवेट चैंपियन बने। उनकी पहली हार 1974 में मोहम्मद अली के खिलाफ ऐतिहासिक मुकाबले में हुई थी, जिसे 'द रंबल इन द जंगल' नाम दिया गया था। फॉरमैन के परिवार की ओर से कहा गया कि हमारा दिल टूट गया है। उन्होंने अपनी जिंदगी अटूट विश्वास, विनम्रता और उद्देश्य से भरी हुई जी है।

# विश्व का सबसे अमीर क्रिकेटर है एक भारतीय

नई दिल्ली। भारत ही नहीं विश्व का सबसे धनी क्रिकेटर एक भारतीय है पर उसने एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। ये और कोई नहीं आर्यमन बिड़ला हैं जो बिड़ला समूह के प्रमुख कुमारमंगलम बिड़ला के बेटे हैं। आर्यमन ने मध्य प्रदेश की ओर से घरेलू क्रिकेट खेला है। इस क्रिकेटर ने अपना अंतिम फर्स्ट क्लास मैच जनवरी 2019 में इंदौर में आंध्र प्रदेश के खिलाफ खेला था। इसके बाद वह अपने कारोबार में लग गये थे। एक रिपोर्ट के अनुसार आर्यमन की नेटवर्थ लगभग 70,000 करोड़ है। जो सचिन तेंदुलकर की कुल संपत्ति से लगभग 6 गुना ज्यादा है। दो दशक से अधिक समय तक अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले सचिन की नेटवर्थ लगभग 1200 करोड़ है। वहीं विराट कोहली ने कोहली की कुल नेटवर्थ लगभग 1000 करोड़ है। आईसीसी की तीनों ट्रॉफी जीतने वाले दुनिया के इकलौते कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की भी कुल संपत्ति लगभग 923 करोड़ है। आर्यमन को 2017-18 में मध्य प्रदेश की रणजी ट्रॉफी टीम में चुना गया था। आईपीएल 2018 में राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें अपनी टीम में लिया था। राजस्थान रॉयल्स ने तब नीलामी में आर्यमन को 30 लाख में खरीदा था। आर्यमन ने 9 फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने एक शतक और एक अर्धशतक की मदद से कुल 414 रन बनाए हैं। लिस्ट ए (घरेलू क्रिकेट में सीमित ओवरों का मैच) के 4 मैचों में 36 रन बनाए है। साल 2019 में आर्यमन निजी कारणों से क्रिकेट से ब्रेक ले लिया। वह आईपीएल में दो सीजन राजस्थान रॉयल्स के साथ रहे हालांकि उन्हें एक भी मैच में खेलने का अवसर नहीं मिला।



# कार्लोस अल्काराज को डेविड गाफिन ने हराया, जोकोविच ने तीसरे दौर में प्रवेश किया



**मियामी (एजेंसी)।** कार्लोस अल्काराज को मियामी ओपन के दूसरे दौर में बेल्जियम के डेविड गाफिन ने हराया। गाफिन ने प्रत्येक सेट में दूसरे सीड की सर्विस को तोड़ने में कामयाबी हासिल की, अपने दूसरे मैच पॉइंट पर जीत को पक्का किया जब कोर्ट में स्लाइड करते हुए अल्काराज एक फोरहैंड को वापस नहीं कर सके, जिसे गाफिन ने कोने में कुशलता से रखा था। गाफिन के लिए अगला मुकाबला अमेरिकी ब्रैंडन नकाशिमा से है, जिन्होंने रॉबर्टो कार्बेल्स बेना पर 6-4, 4-6, 6-3 से जीत हासिल की। छह बार के मियामी ओपन चैंपियन नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाटा पर 6-0, 7-6(1) की शानदार जीत के साथ टूर्नामेंट में अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी कर तीसरे दौर में प्रवेश किया। यह 2019 के बाद से जोकोविच की मियामी में पहली उपस्थिति थी और उनकी जीत उनकी 410वीं एटीपी मास्टर्स 1000 मैच जीत थी, जिसने उन्हें श्रृंखला में सबसे अधिक जीत के लिए राफेल नडाल के साथ बराबरी पर ला खड़ा किया। जोकोविच ने कहा, मैं खुद को और दूसरों को भी यह बताना चाहता था कि मैं अभी भी उच्च स्तर पर खेलने में सक्षम हूं।

दूसरी ओर, सातवें वरीय रूस के दानिल मेदवेदेव, जो मौजूदा मियामी चैंपियन हैं और इंडियन वेल्स में सेमीफाइनल में पहुंचे हैं, पहले दौर में ही स्पेन के जौम मुनार से हार गए। अन्य उल्लेखनीय परिणामों में मियामी के पूर्व फाइनलिस्ट कैस्पर रूड और ग्रिगोर दिमित्रोव आगे बढ़े, जबकि ऑस्ट्रेलियाई निक किर्गियोस, जिन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में 2022 के बाद से अपनी पहली जीत हासिल की, को करेन खाचानोव ने 7-6(3), 6-0 से हराया। महिलाओं की ओर से, रूसी किशोरी मीरा एंड्रीवा, इंडियन वेल्स में सनशाइन डबल का पहला भाग जीतने के बाद मियामी ओपन में डब्यू कर रही हैं, उन्होंने वेरोनिका कुडरमेतोवा को 6-0, 6-2 से हराया। एंड्रीवा का सामना अगले दौर में दोहा चैंपियन अमांडा अनिसिमोवा से होगा।

दूसरी वरीयता प्राप्त पोलैंड की इगा स्वीयाटेक ने अपनी मजबूत फॉर्म के बदौलत कैरोलिन गार्सिया को 6-2, 7-5 से हराकर लगातार दो टूर्नामेंट में दूसरी बार जीत हासिल की है। स्वीयाटेक तीसरे दौर में बेल्जियम की एलिस मर्टेंस से भिड़ेंगी, जिन्होंने पीटन स्टर्न्स को 6-4, 6-1 से हराया। ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन मैडिसन कीज ने अर्मेनिया की एलिना अवनेस्यान को 6-3, 6-3 से हराया और अब उनका अगला मुकाबला फिलिपिनो वाइल्डकार्ड एलेक्जेंड्रा एला से होगा, जिन्होंने 25वीं वरीयता प्राप्त जेलेना ओस्टापेंको को 7-6(2), 7-5 से हराया। पूर्व यूएस ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू ने भी एम्मा नवारो पर कड़े मुकाबले में 7-6(6), 2-6, 7-6(3) से जीत दर्ज की। आगे बढ़ने वाली अन्य महिलाओं में स्पेन की 10वीं वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा और चेक गणराज्य की 15वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा शामिल हैं।

# विशेषज्ञ बोले रोहित, शुभमन, श्रेयस सहित ये खिलाड़ी बना सकते हैं आईपीएल में सबसे ज्यादा रन

मुम्बई (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कौन सा क्रिकेटर सबसे अधिक रन बनाएगा। इसके लिए क्रिकेट विशेषज्ञों ने भविष्यवाणी शुरु कर दी है। कुछ का मानना है कि रोहित शर्मा सबसे ज्यादा रन बनाएंगे जबकि कुछ का मानना है कि शुभमन गिल या के एल राहुल सबसे अधिक रन बनाएंगे पर किसी ने भी स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का नाम नहीं लिया है जबकि विराट ने आईपीएल में सबसे अधिक रन बनाये हैं। कुछ का मानना है कि राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जायसवाल भी सबसे अधिक रन बना सकते हैं। वहीं माइकल वॉन और शॉन पॉलक समेत सहित तीन विशेषज्ञा का मानना है कि बाएं हाथ का यह युवा बल्लेबाज इस सत्र में जमकर रन बनाएगा। वहीं कुछ विशेषज्ञों ने कहा कि पंजाव किंग्स से खेल रहे श्रेयस अय्यर सबसे अधिक रन बनाएंगे। महिला क्रिकेटर लिसा स्थालिकर के अनुसार रोहित इस बार सबसे अधिक रन बनाएंगे जबकि कमेंटेटर हर्षा भोगले और वीरेंद्र सहवाग ने केएल राहुल का नाम लिया है। एडम गिलक्रिस्ट के अनुसार श्रेयस सबसे अधिक रन बनायेंगे। वहीं मुरली कार्तिक ने शुभमन का नाम लिया है जबकि इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन के अनुसार यशस्वी जायस्वाल सबसे अधिक रन बनाएंगे।

# फीडे महिला ग्रां प्री शतरंज : झू जिनर ने दूसरे दौर के बाद बढ़त बनाई



निकोसिया, साइप्रस। फीडे महिला ग्रां प्री सीरीज 2024-25 के चौथे चरण के दूसरे दौर में सिर्फ एक ही मुकाबले का परिणाम निर्णायक रहा, जिसमें चीन की झू जिनर ने जर्मनी की एलिजाबेथ पेहट्ज नें जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में बढ़त बना ली, लेकिन सभी पांच मुकाबले अपने आप में काफी रोमांचक रहे। पूर्व महिला विश्व चैम्पियन उक्रेन की मारिया मुजयचुक और भारत की पूर्व विश्व जूनियर चैम्पियन दिव्या देशमुख के बीच का मुकाबला सबसे पहले समाप्त हुआ। हालांकि सर्दी-जुकाम के चलते दिव्या का स्वास्थ्य पूरी तरह ठीक नहीं था, फिर भी उन्होंने फ्रेंच डिफेंस के स्टीनिट्ज़ वेरिएशन में आसानी से स्थिति को बराबर कर लिया। जिससे ऊंट के एंडगेम में मुकाबला 40 चालो पर ड्रा पर समाप्त हुआ। भारत की शीर्ष खिलाड़ी हरिका द्रोणावल्ली का सामना ग्रीस की स्टावरूला त्सोलाकिडु से था और यह मुकाबला निश्चित रूप से दौर का सबसे मनोरंजक था। हरिका ने रॉसोलिमो अटैक को चुना, जो एक साहसी विकल्प था, क्योंकि स्टावरूला ने पिछले दौर में इसी ओपनिंग में जीत दर्ज की थी। हालांकि हारिका एक समय थोड़ा बेहतर लग रही थी पर 42 चालों के बाद खेल ड्रॉ पर समाप्त हुआ। दूसरे दौर के बाद झू जिनर टूर्नामेंट में एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने जीत दर्ज की और अंकतालिका में बढ़त बनाई है।

# कोच रिकी पोंटिंग को उम्मीद, पंजाब बनेगा आईपीएल 2025 का नया बादशाह

**मोहाली (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स के नए हेड कोच रिकी पोंटिंग को उम्मीद है कि उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का खिताब जीत सकती है। ऑस्ट्रेलियाई विश्व कप विजेता टीम के कप्तान पोटिंग इस सीज़न की नीलामी में बनाई गई नई टीम के प्रति काफ़ी आश्वस्त दिखे और उन्हें उम्मीद है कि वे इस साल ट्रॉफी जीतेंगे। आईपीएल ट्रॉफी जीतने को अंतिम लक्ष्य बताते हुए, पोंटिंग ने बताया कि कैसे टीम बेहतर होने और सुधार करने के लिए हर मिनट का उपयोग कर रही है और इसलिए, इस सीजन में किंग्स का सामना करने से पहले विरोधियों को खुद को अच्छी तरह से तैयार करना चाहिए।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा कि इस टीम का लक्ष्य आईपीएल जीतना है। धर्मशाला में आयोजित कैम्प में शामिल होने के पहले दिन ही मैंने खिलाड़ियों से कहा था कि हम पंजाब किंग्स की सबसे बेहतरीन टीम बनाने जा रहे हैं। हम इसी यात्रा पर हैं और यह रातों-रात नहीं होता। आपको इसे बनाना होता है। पोंटिंग ने कहा कि जीतना वास्तव में एक नजरिया है। अगर हम खेलने के लिए आते हैं, तो विरोधी टीम खेलने के लिए आती है। अगर वे हमें हराना चाहते हैं, तो ऐसा लगता है कि वे हमसे कुछ छीन रहे हैं और मैं किसी को भी मुझसे या मेरी टीम से कुछ छीनने नहीं देना चाहता।

इसके अलावा, नए मुख्य कोच का मानना है कि टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का सही संतुलन है, जो टूर्नामेंट में उनकी सफलता सुनिश्चित करने में एक और महत्वपूर्ण कारक होगा। अभ्यास में पहले से ही उन्हें प्रभावित करने वाले युवाओं का खुलासा करते हुए, रिकी ने कहा कि प्रियांश आर्य, मुझे लगता है कि टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए हमारे लिए एक बहुत ही खास संभावित सलामी बल्लेबाज है। हम अपने विदेशी मेकअप के साथ किस तरह से आगे बढ़ते हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि वह बहुत ही रोमांचक है। सूर्यांश शेज भी ऐसे खिलाड़ी हैं जो अब तक हमारे प्रशिक्षण में बहुत प्रभावशाली रहे हैं।

हेड कोच ने आगे कहा कि जब मैं ऊर्जा और मस्ती की बात करता हूं, तो एक और खिलाड़ी जिससे मैं प्रभावित हूं, वह है मुशीर खान। वह पहले से ही समूह में बहुत कुछ लेकर आया है। उसका रवैया बहुत ही आकर्षक है, और प्रशिक्षण मैदान और टीम के आसपास अब तक, वह ऐसा व्यक्ति रहा है जिसके साथ काम करने में मुझे बहुत मजा आया है।

पोंटिंग ने बताया कि कैसे वह युवाओं के लिए सही उदाहरण स्थापित करने के लिए विदेशी अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा करते हैं क्योंकि युवा उनसे प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत कुछ दिया कि वे सही उदाहरण पेश करें। क्योंकि बहुत से युवा घरेलू भारतीय खिलाड़ी विदेशी लड़कों को आदर्श मानते हैं और अगर विदेशी लड़के सही काम नहीं कर रहे हैं, तो युवा भारतीय खिलाड़ियों के लिए भी सही काम न करना आसान है। इसलिए मैं विदेशी खिलाड़ियों को नेतृत्व करने करने के लिए सशक्त बनाता हूं।

इंडियन प्रीमियर लीग के सीजन 18 के लिए किंग्स का अभियान 25 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ शुरू होगा। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एक और मैच के बाद, वे अपने घरेलू



मैदान- न्यू पीसीए स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़ में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ दो घरेलू मैच खेलने के लिए वापस आएंगे।

# युवराज संधू 67 के कार्ड के साथ शीर्ष 10 में पहुंचे




मकाऊ। भारतीय गोल्फर युवराज संधू मकाऊ में चल रही इंटरनेशनल सीरीज के तीसरे दौर में शनिवार को तीन अंडर 67 के कार्ड के साथ शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहे। एशियाई विकास टूर के विजेता संधू ने मकाऊ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में चार बर्डी के मुकाबले एक बोगी लगाई। शुरुआती तीन दौर के बाद वह नौ अंडर (69-65-67) के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से आठवें पायदान पर है। कट में जगह बनाने वाले अन्य भारतीयों में गगनजीत भुल्लर (73) दो अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 46वें, अनिर्बान लाहिड़ी (72) एक अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 53वें जबकि शिव कपूर (79) 78वें स्थान पर हैं।

## सीमा हैदर ने दिया बच्ची को जन्म, पाकिस्तानी पति गुलाम में लगी मिर्ची

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर और उसके पति सचिन मीणा के घर खुशखबरी आई है। गत 18 मार्च की सुबह हॉस्पिटल में सीमा ने एक बेटी को जन्म दिया। इस खुशी में जहां सीमा-सचिन का परिवार झूम रहा है, वहीं पाकिस्तान में सीमा के पूर्व पति गुलाम हैदर ने नाराजगी जाहिर की है। गुलाम हैदर ने वीडियो जारी किया, जिसमें उन्होंने सीमा के नवजात बच्चे को 'नाजायज बताया है। साथ ही, सीमा के वकील ए.पी. सिंह पर भी निशाना साधकर कहा कि वह 'नाजायज औलाद' के जन्म पर बधाई देकर भारत को बदनाम कर रहे हैं। गुलाम ने भारत सरकार से फिर सीमा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गुलाम ने कहा कि वह पिछले दो साल से अपने चार बच्चों से मिलने के लिए बेताब है। गुलाम ने आरोप लगाया कि सीमा बिना तलाक के सचिन से शादी कैसे कर सकती है? 'अब उसने नाजायज बच्चे को जन्म दिया है, यह गुनाह है। वह चाहे जहां रहे, लेकिन मेरे चार बच्चे मुझे सौंप दें। गुलाम ने भारतीय प्रशासन पर भी सवाल उठाकर कहा कि पुलिस और अधिकारी मामले में मूकदर्शक बने हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि सीमा की बहन रीमा भी इस फैसले से खुश नहीं है। गुलाम हैदर ने भारत सरकार से भी गुहार लगाई हैं कि मैं दो साल से अपने बच्चों को देख भी नहीं पाया हूं। उनकी आवाज तक नहीं सुनी। सीमा खुलेआम जो चाहे कर रही है। क्या वहां उसे कोई रोकने वाला नहीं है?'

## डिप्टी सीएम पवार ने दिया मुस्लिम समुदाय को सुरक्षा का भरोसा

मुंबई (एजेंसी)। नागपुर में 17 मार्च को हुई हिंसा के बाद महाराष्ट्र में सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। इस बीच डिप्टी सीएम अजित पवार ने मुस्लिम समुदाय को सुरक्षा का भरोसा दिलाकर कहा कि जो भी सांप्रदायिक तनाव फैलाएगा, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। मुंबई के इस्लाम जिमखाना में आयोजित इफ्तार पार्टी के दौरान मंत्री पवार ने कहा कि जो भी मुस्लिम भाइयों को डराने-धमकाने की कोशिश करेगा, कानून को हाथ में लेगा या सांप्रदायिक तनाव फैलाएगा, उन्हें किसी भी सूरत में माफ नहीं किया जाएगा। रमजान केवल एक धर्म तक सीमित नहीं है। यह हमें एकता और भाईचारे का संदेश देता है। छत्रपति शिवाजी महाराज, बाबा साहब आंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले और शाहू जी महाराज ने समाज को एकजुट करने का काम किया। हमें उनकी विरासत को आगे बढ़ाना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने नागपुर हिंसा की जांच क्राइम ब्रांच को सौंप दी है। वहीं, पुलिस ने माइनॉरिटीज डेमोक्रेटिक पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हामिद इंजीनियर को गिरफ्तार किया है। वहीं नागपुर में कर्फ्यू के छठे दिन (शनिवार) भी 9 थाना क्षेत्रों में पाबंदियां जारी हैं। नंदनवन और कपिलनगर थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू हटा लिया गया, इंटरनेट सेवाएं भी बहाल कर दी गई हैं। अन्य क्षेत्रों में दोपहर 2 से 4 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई। कर्फ्यू हटाने पर फैसला हाई-लेवल रिव्यू मीटिंग के बाद होगा। पुलिस ने हिंसा मामले में अब तक 105 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, इसमें 10 किशोर भी शामिल हैं। 17 आरोपियों को कोर्ट ने 22 मार्च तक पुलिस कस्टडी में भेजा।

## ईपीएफओ से इस साल जुड़े 17.89 लाख सदस्य, महिलाएं सबसे ज्यादा

नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने कहा कि इस साल जनवरी में 17.89 लाख सदस्य इस संगठन से जुड़े हैं। यह आंकड़ा दिसंबर 2024 के मुकाबले मासिक आधार पर 11.48 फीसदी ज्यादा है। ईपीएफओ के आधिकारिक बयान के मुताबिक पेरोल में जनवरी 2024 के मुकाबले 11.67 फीसदी का इजाफा हुआ। जनवरी 2025 में ईपीएफओ से करीब 8.23 लाख नए सब्सक्राइबर्स जुड़े हैं, जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 1.87 फीसदी ज्यादा है। आंकड़ों के मुताबिक 18-25 आयु वर्ग का प्रभुत्व लगातार बना है। जनवरी 2025 में इस आयु वर्ग के 4.70 लाख नए सदस्य जुड़े, जो समीक्षा अवधि में जोड़े गए कुल नए सदस्यों का 57.07 फीसदी है। इस महीने में जोड़े गए 18-25 आयु वर्ग के नए सदस्यों की संख्या पिछले साल इसी महीने की तुलना में 3.07 फीसदी ज्यादा है। इसके अलावा, जनवरी 2025 के लिए 18-25 आयु वर्ग के लिए शुद्ध पेरोल वृद्धि करीब 7.27 लाख है, जो दिसंबर 2024 के पिछले महीने की तुलना में 6.19 फीसदी ज्यादा और जनवरी 2024 की तुलना में 8.15 फीसदी ज्यादा है। एक विश्लेषण के मुताबिक कुल नए सदस्यों में से करीब 2.17 लाख महिलाएं हैं। यह आंकड़ा जनवरी 2024 की तुलना में 6.01 फीसदी की सालाना वृद्धि दर्शाता है। महीने के दौरान शुद्ध महिला पेरोल वृद्धि करीब 3.44 लाख रही, जो दिसंबर 2024 की तुलना में 13.48 फीसदी और जनवरी 2024 की तुलना में 13.58 फीसदी ज्यादा है। इसके अतिरिक्त, सरकार ईपीएफओ में क्लेम को सुविधाजनक बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। ईपीएफओ ने चालू वित्त वर्ष में रिकॉर्ड 2.16 करोड़ ऑटो क्लेम का सेटलमेंट किया है। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 89.52 लाख था।

## बदमाशों ने बेरहमी से की हिस्ट्रीशीटर की हत्या, नाली में पड़ा रहा शव

अलीगढ़ (एजेंसी)। बरला क्षेत्र के गांव गाजीपुर में हिस्ट्रीशीटर की हत्या बेरहमी से की गई थी। उसे चार गोलियां लगी थीं। तीन सीने व एक कमर में थी। इससे फेफड़ा व लिवर फट गया। पसलियां टूट गईं। गर्दन के पास पीछे की तरफ गोली से घाव के निशान प्रतीत हो रहे थे। इससे स्पष्ट है कि बदमाशों ने उसे भागने तक का मौका नहीं किया। बरला के गांव गाजीपुर निवासी शिवनारायण दो भाइयों में बड़ा था। शादी नहीं हुई थी। खेतीबाड़ी करता था। वह गांव में ही अपने घर में परिवार के साथ रहता था। गुरुवार शाम को ?वह बाजार घूमने गया था। गोलगप्पे खाने के बाद घर लौट रहा था। करीब आधा किलोमीटर दूर तिराहे के पास बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। उनके छोटे भाई रौदास गिरी ने बताया कि जब भाई को फोन लगाया तो कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इस पर तलाश की गई। रास्ते में नाले में उसका शव पड़ा मिला। अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मामले में शिवनारायण के पिता सांवल गिरी ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# आने वाले वर्षों में भारतीय अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में देखने को मिलेगी उछाल

**-फिक्की और ईवाई की रिपोर्ट के मुताबिक यह वृद्धि होगी 400 प्रतिशत तक**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में आने वाले वर्षों में तेजी से उछाल देखने को मिलेगी। फिक्की और ईवाई द्वारा जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 2022 में 8.4 बिलियन डॉलर थी, जो 2033 तक 44 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है। यह अनुमान 400 फीसदी की जबरदस्त वृद्धि को दर्शाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का अंतरिक्ष उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है, जिसका मुख्य कारण उपग्रह प्रक्षेपण, अंतरिक्ष अन्वेषण और निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी है। सरकार द्वारा लाई गई भारतीय अंतरिक्ष नीति 2023 ने इस क्षेत्र को स्थिरता और नवाचार से भरपूर बना दिया है, जिससे व्यावसायीकरण और तकनीकी विकास को बल मिल रहा है।

**भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का प्रमुख योगदानकर्ताः उपग्रह संचार**

अगले दशक में भारत की अंतरिक्ष क्षमताओं को नया आकार मिलने वाला है। रिपोर्ट के अनुसार, उपग्रह संचार इस क्षेत्र का सबसे बड़ा योगदानकर्ता होगा, जिससे डॉलर 14.8 बिलियन का इजाफा होने की संभावना है। उपग्रह संचार भारत की डिजिटल क्रांति को बढ़ावा देगा, खासकर ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में। लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) और मीडियम अर्थ ऑर्बिट (एमईओ) उपग्रहों के जरिये ब्रॉडबैंड नेटवर्क का विस्तार किया जाएगा। इससे डिजिटल इंडिया और भारतनेट जैसी राष्ट्रीय योजनाओं को मजबूती मिलेगी, जिससे देशभर में इंटरनेट कनेक्टिविटी और डिजिटल सुविधाओं का विस्तार होगा।

**निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी से अंतरिक्ष क्षेत्र को मिलेगा नया आयाम**

भारत सरकार अब अंतरिक्ष उद्योग को एक सरकारी-केंद्रित मॉडल से एक नवाचार-संचालित और व्यावसायिक रूप से उन्मुख मॉडल में बदल रही है। निजी कंपनियों के लिए अब उपग्रह प्रक्षेपण और डेटा सेवाओं में निवेश के नए अवसर खुल रहे हैं। यह परिवर्तन कृषि, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन अध्ययन जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

**अंतरिक्ष क्षेत्र के विकास की नींव रखेगा नवाचार : किरण कुमार**

इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. ए. एस. किरण कुमार ने कहा कि वैश्विक भागीदारी और निजी क्षेत्र का नवाचार भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र के विकास की नींव रखेगा। अंतरिक्ष क्षेत्र में उछाल से नौकरियों और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में यह वृद्धि केवल तकनीकी दृष्टि से ही नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से भी बहुत महत्वपूर्ण है। इससे हजारों नई नौकरियों का सृजन होगा। भारत की वैश्विक अंतरिक्ष बाजार में हिस्सेदारी बढ़ेगी। भारत का अंतरिक्ष उद्योग विश्व के सबसे बड़े अंतरिक्ष उद्योगों में से एक बनने की ओर अग्रसर है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की अंतरिक्ष यात्रा अब पहले से कहीं अधिक उज्ज्वल और संभावनाओं से भरी है।


## 11 मछुआरे श्रीलंका की जेल से रिहा, चेन्नई एयरपोर्ट पहुंचे

**- 11 में से दो मछुआरों को 80,000 रुपये का जुर्माना भरने के बाद छोड़ दिया गया**

चेन्नई। श्रीलंकाई जेल में बंद 11 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया गया है। इन मछुआरों में से दो को 80,000 रुपये का जुर्माना भरने के बाद छोड़ दिया गया है। सभी मछुआरे चेन्नई एयरपोर्ट पहुंचे और इस घटना ने भारत और श्रीलंका के बीच सीमा पर मछली पकड़ने के विवाद को एक नई धार दी है। पिछले महीने 2 फरवरी को तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले के मंडपम इलाके से 10 मछुआरे सीमा पार करने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए गए थे। उन्हें जेल भेज दिया गया था, जिसमें से एक मछुआर, प्रताप, दूसरी बार पकड़ा गया था और उसे दो साल की सजा सुनाई गई। इसके बाद 19 फरवरी को रामेश्वरम के चार मछुआर भी सीमा पार करने के आरोप में गिरफ्तार हुए और जेल भेज दिया गया। इसमें एक मछुआर, कैनेडी, 80,000 रुपये का जुर्माना भरने के बाद रिहा कर दिया गया। 2 फरवरी को पकड़े गए 10 मछुआरों में से 9 को 14 मार्च को रिहा कर दिया गया, जबकि बाकी की रिहाई की प्रक्रिया जारी है। कई मछुआरों को 80,000 रुपये का जुर्माना भरना पड़ा है, जिसके बाद वे रिहा किए गए हैं। इन मछुआरों को रिहा करने के बाद उन्हें कोलंबो में भारतीय दूतावास में हवाला किया गया है। उनकी मेडिकल जांच के बाद उन्हें आपातकालीन पासपोर्ट और हवाई टिकट दिए गए हैं। इन मछुआरों को चेन्नई भेज दिया गया और तमिलनाडु मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और उन्हें उनके घरों तक पहुंचाया गया। यह इंसिडेंट सीमा क्षेत्रों में मछली पकड़ने और विवादों को लेकर भारत और श्रीलंका के बीच तनाव का कारण बना है। राजनीतिक दृष्टिकोण से दोनों देशों के बीच संवाद और समझौते की मांग को जोर देने की मांग की गई है।

## दिशा सालियान मामले की सुनवाई 2 अप्रैल को, आदित्य ठाकरे को लेकर हो सकते हैं बड़े खुलासे

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने दिवंगत दिशा के पिता सतीश सालियान की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई की तारीख तय कर दी है। मामले में सुनवाई अब 2 अप्रैल 2025 को होगी। सतीश ने अपने वकील के जरिए याचिका दायर की थी, जिसकी एक प्रति पूर्व नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) अधिकारी समीर वानखेड़े को भी दी गई है। समीर वानखेड़े के वकील ने बताया कि उनके मुवक्किल इस मामले में हाई कोर्ट के सामने एक विस्तृत हलफनामा पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। इस हलफनामे में वानखेड़े से जुड़े सभी सवालों और आरोपों का जवाब होगा। सूत्रों के मुताबिक, वानखेड़े अपनी जांच के दौरान जुटाए गए कुछ अहम सबूत भी कोर्ट के सामने रख सकते हैं। इन सबूतों में अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती और शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे से जुड़ी जानकारी शामिल हो सकती है। बताया जा रहा हैं कि वानखेड़े का हलफनामा पहले ही तैयार हो चुका है। यह तब तैयार किया गया था, जब याचिका की प्रति मीडिया में लीक हो गई थी। सूत्रों का दावा हैं कि हलफनामे में कुछ चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं, जो कई लोगों को कानूनी मुश्किल में डाल सकते हैं। अगर ये दावे सही साबित हुए, तब मामला एक नया और बड़ा मोड़ ले सकता है। बात दें कि दिशा सालियान की मौत जून 2020 में हुई थी, इसके बाद से यह मामला चर्चा में रहा है। सतीश का मानना है कि उनकी बेटी की मौत के पीछे कई सवाल अनसुलझे हैं। अब हाई कोर्ट में होने वाली सुनवाई से मामले में नई जानकारी सामने आने की उम्मीद है। जैसे-जैसे यह कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, और तथ्य सामने आएंगे, इसकी पूरी जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। यह मामला न सिर्फ दिशा के परिवार के लिए, बल्कि सभी संबंधित पक्षों के लिए बेहद अहम साबित हो सकता है।



# सोनिया गांधी और जया बच्चन में बातचीत के मायने परिवारों की दूरियां खत्म?

**पटना (एजेंसी)।** नई दिल्ली,(ईएमएस)। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन हाल ही में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में एक साथ एक ही टेबल पर नजर आई हैं। इस बीच दोनों में बातचीत होते हुए भी देखा गया, जिसके बाद कहा जा रहा है कि इस मुलाकात ने दोनों परिवारों के बीच वर्षों से चली आ रही दूरियों को खत्म करने और करीब आने का रास्ता बना दिया है। इस संदर्भ में मीडिया में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है।

आईयूएमएल की इफ्तार पार्टी का एक वीडियो बहुत तेजी से वायरल हुआ है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि इफ्तार पार्टी में सोनिया गांधी और जया बच्चन एक-दूसरे के बगल में बैठीं और बातचीत कर रही हैं। इस दृश्य ने उन कयासों को बल दिया कि शायद अब दोनों परिवारों के बीच की दूरी कुछ कम हो रही है। वायरल हुए वीडियो में देखा जा सकता है कि सोनिया गांधी ने जया बच्चन को कुछ खाने का इशारा किया, जिस पर जया ने प्रतिक्रिया दी और दोनों हंस पड़ीं।



यहां बताते चलें कि गांधी और बच्चन परिवार के रिश्तों की जड़ें काफी गहरी रही हैं। अमिताभ बच्चन की मां तेजी बच्चन और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बीच घनिष्ठ मित्रता थी, जिसने दोनों परिवारों को बेहद करीब ला दिया था। अमिताभ बच्चन और राजीव गांधी बचपन से ही अच्छे दोस्त रहे। यहां तक कि जब सोनिया गांधी भारत आईं, तो उन्होंने अपने शुरुआती दिन बच्चन परिवार के साथ बिताए थे। 1984 में राजीव गांधी के आग्रह पर, अमिताभ बच्चन ने इलाहाबाद से लोकसभा चुनाव लड़ा और शानदार जीत हासिल की। हालांकि, बाद में बोफोर्स घोटाले में नाम जुड़ने और राजनीति में बढ़ते विवादों के चलते अमिताभ ने राजनीति से संन्यास ले लिया। इस घटना ने दोनों परिवारों के बीच दूरियां बढ़ा दीं।

**समय-समय पर दिखा शिष्टाचार**

हालांकि, सार्वजनिक मंचों पर दोनों परिवारों के सदस्यों के बीच शिष्टाचारपूर्ण मुलाकातें होती रही है। बावजूद इसके, पहले जैसी घनिष्ठता अब नजर नहीं आती। सोनिया गांधी और जया बच्चन की इस इफ्तार पार्टी में हुई मुलाकात ने एक बार फिर इस रिश्ते को सुर्खियों में ला दिया है। क्या यह मुलाकात दोनों परिवारों के बीच नई शुरुआत का संकेत है? यह तो आने वाला समय ही बताएगा, लेकिन इस तस्वीर ने निश्चित रूप से राजनीतिक और सामाजिक हलकों में एक नई बहस को जन्म दे दिया है।

# इसमें कोई शक नहीं कि जम्मू-कश्मीर विकास के रास्ते पर है: शर्मा

**-अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद आतंकवाद को करारा झटका लगा**



**जम्मू (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में कमी आई है। शाह के इस बयान पर अब बीजेपी विधायक और जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई शह नहीं है कि जम्मू-कश्मीर विकास के रास्ते पर है।

सुनील शर्मा ने कहा कि अमित शाह ने बहुत स्पष्ट कहा है कि 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास के रास्ते पर चल पड़ा है। साल 2019 में अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद आतंकवाद को करारा झटका लगा है। जम्मू-कश्मीर में स्थानीय स्तर पर आतंकियों की भर्ती खत्म हुई है और विदेशी आतंकियों पर भी कार्रवाई हो रही है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकियों पर हुई कार्रवाई से प्रदेश में अब व्यापक रूप से विकास हो रहा है। जम्मू-कश्मीर में अब फोरलेन बन रहे हैं। कई एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य जारी है और कई संस्थान बनाए जा रहे हैं।

हालांकि, दुर्भाग्य है कि राहुल गांधी की आंखों पर अभी भी काला चश्मा लगा है। वे अपनी भारत जोड़ो यात्रा के तहत कश्मीर में आए और यहां आकर उन्होंने बर्फ से भी खेला। मगर उन्हें तो आतंकी ही दिखाई देते हैं। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर असदुद्दीन ओवैसी के बयान को लेकर शर्मा ने कहा कि असदुद्दीन ओवैसी से आप और क्या उम्मीद कर सकते हैं? क्या उन्होंने कभी ऐसे किसी सुधार का समर्थन किया है जिससे इस राष्ट्र की प्रगति और विकास में योगदान मिला हो? तो अब आप उनसे कुछ अलग की उम्मीद कैसे कर सकते हैं। बता दें, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राज?यसभा में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर बिना नाम लिए निशाना साधा था। गृह विभाग पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए शाह ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कटाक्ष किया था। शाह ने कहा था कि उन्होंने पैदल यात्रा निकाली और अपने कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर में बर्फ की होली खेली और कहा कि दूर से आतंकवादी दिखाई पड़ा था। लेकिन हम तो आतंकवादी देखते ही सीधा दो आंखों के बीच में गोली मारते हैं।

## हर तरफ बिहार दिवस की धूम, बिहार दिवस को बीजेपी ने अपना एजेंडा बनाया



**पटना (एजेंसी)।** बिहार अपने स्थापना का 113 वां वर्ष मना रहा है। 22 मार्च, 1912 में बंगाल से बिहार अलग हुआ था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2010 में बिहार दिवस मनाने का बड़ा फैसला लिया था। तब से लगातार इसका आयोजन हो रहा है। इस बार भी 22 मार्च से 24 मार्च तक पटना के गांधी मैदान में अब तक का सबसे बड़ा कार्यक्रम होने जा रहा है। बिहार सरकार की ओर से यह कार्यक्रम होगा। देश और विदेश में भी बिहार दिवस पर कार्यक्रम होते रहे हैं, इस बार भी होंगे लेकिन इस बार बीजेपी ने पूरे देश में 70 स्थान को चयनित किया है। जहां बिहार दिवस का कार्यक्रम आयोजित होगा। एक भारत श्रेष्ठ भारत स्नेह मिलन कार्यक्रम के माध्यम से प्रवासी बिहारी को साधने की कोशिश होगी। बीजेपी के कई दिग्गज नेता इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। बिहार के लोग विशेष कर दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, यूपी, पश्चिम बंगाल, पंजाब, हरियाणा, असम जैसे राज्यों में बड़ी संख्या में रहते हैं। इस साल अक्टूबर-नवंबर में बिहार विधानसभा का चुनाव होना है और बीजेपी की नजर विधानसभा चुनाव पर है।

**अमित शाह का मिशन प्रवासी बिहारी**

चुनावी साल में अमित शाह की बिहार फतह की रणनीति मानी जा रही है। बिहार से बाहर करीब 3 करोड़ बिहारी प्रवासी रहते हैं और उसमें अधिकांश बिहार के मतदाता हैं। छठ महापर्व के समय इसमें से करीब एक करोड़ लोग बिहार आते हैं। कई बार चुनाव में अपनी बड़ी भूमिका भी निभाते हैं। इस बार का चुनाव भी दिलचस्प होनेवाला है, ऐसे में प्रवासी बिहारी पर सब की नजर है। बिहार दिवस के माध्यम से बीजेपी प्रवासी के बीच एक संदेश देने की कोशिश करने वाली है। बीजेपी ने 70 स्थान पर बिहार दिवस मनाने का बड़ा अभियान बनाया है। यह 22 मार्च से 30 मार्च तक चलेगा जिसमें पार्टी के कई दिग्गज नेता शामिल होंगे। दरअसल, पिछले छठ पूजा के दौरान रेलवे की ओर से जारी आंकड़े के अनुसार 78 लाख लोग दूसरे राज्यों से बिहार पहुंचे थे। वहीं केंद्र सरकार के एक आंकड़े के अनुसार ढाई करोड़ के करीब बिहार के लोग दूसरे राज्यों में रह रहे हैं। इन्हीं बिहारी प्रवासी पर बिहार के राजनीतिक दलों की नजर है।

**हर तरफ बिहार दिवस की धूम**

22 मार्च 1912 को बिहार बंगाल से अलग हुआ था और बिहार का अस्तित्व अलग राज्य के रूप में कायम हुआ बिहारी अस्मिता को जगाने के लिए नीतीश सरकार ने बिहार दिवस मनाने की परंपरा की शुरुआत की थी। नीतीश सरकार ने साल 2012 में यह निर्णय लिया था कि बिहार दिवस उत्सव रूप में मनाया जाएगा और तब से लगातार भारत के कोने-कोने में बिहार दिवस मनाया जाता है। अब बिहार दिवस की धमक विदेश तक पहुंच चुकी है।

# भारत का दबाव आया काम, अमेरिकी कंपनी जीई एचएएल को जल्द देगी पहला इंजन

**-2025 में 12 इंजन और इसके बार हर साल 20 इंजन देगी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर चिंता बनी हुई है, लेकिन सुरक्षा सहयोग के मोर्चे पर सकारात्मक पहल हुई है। अमेरिकी विमान इंजन निर्माता जीई (जनरल इलेक्ट्रिक) इस महीने के अंत तक 99 जीई-404 इंजनों में से पहला इंजन हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को सौंप देगी है। यह डिलीवरी दो साल की देरी के बाद हो रही है, इससे भारतीय वायुसेना (आईएएफ) को काफी राहत मिलेगी। यह कदम तेजस एमके1ए कार्यक्रम को गति देगा, जिसके तहत वायु सेना को 83 विमानों की सप्लाई होनी है। इस विमान ने मार्च 2024 में अपनी पहली उड़ान भरी थी, लेकिन तब इसमें नए इंजन के बजाय रिजर्व इंजन का उपयोग हुआ था। जीई-404 इंजन भारत में निर्मित तेजस मार्क 1-ए लड़ाकू विमानों को पावर देता है। एचएएल द्वारा इन विमानों की डिलीवरी में हो रही देरी को लेकर वायुसेना पहले ही चिंता जता चुकी है। मामले से जुड़े अधिकारियों के अनुसार, पहला इंजन वर्तमान में टेस्ट-बेड पर है और इस महीने के अंत तक एचएएल को मिल सकता है। इसके बाद 2025 में 12 इंजन और उसके बाद हर साल 20 इंजन की डिलीवरी देने की बात कही गई है।

बता दें कि 2021 में 716 मिलियन डॉलर के कॉन्ट्रैक्ट के तहत, जीई को 99 एफ-404 इंजनों की आपूर्ति करनी थी, जिसकी शुरुआत मूल रूप से मार्च 2023 से होनी थी। हालांकि, सप्लाई चैन में समस्याओं और महामारी के दौरान पुराने सप्लायर के बंद होने के कारण इसमें देरी हुई। अब, अधिकारियों के अनुसार, पहला इंजन परीक्षण के दौर से गुजर रहा है और इस मार्च के अंत तक एचएएल को सौंप दिया जाएगा।

जीई और एचएएल मिलकर भारत में जीई-414 इंजन के निर्माण पर भी कार्य कर रहे हैं। यह इंजन एडवांस मल्टी-रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) को शक्ति देगा, जिसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) विकसित कर रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत इंडिया-यूएस के बीच आईसीईटी समझौते के तहत तकनीक ट्रांसफर की योजना बनाई गई है। दरअसल बीते दिनों अमेरिका के दवारा इंजन में देरी करने पर भारत से अपने भरोसेमंद दोस्त रुस से इसबारे में चर्चा की थी। जिसके बाद अब अमेरिकी कंपनी जीआई की ओर से इंजन देने की बात सामने आई है।

वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को एफ-35 फिफ्थ-जनरेशन फाइटर जेट की आपूर्ति का प्रस्ताव दिया है, लेकिन भारत इस दौरान फ्रांसीसी विकल्प पर भी विचार कर रहा है। फ्रांस के साथ बातचीत के तहत 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत भारत में राफेल लड़ाकू विमान और उसके एम-88 इंजन के निर्माण का प्रस्ताव भी शामिल है। सुरक्षा क्षेत्र में हो रही इन नई पहल से भारत के रक्षा क्षमताओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**